CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri Sarayu Trust

॥ श्रीः॥

श्रीकेदारभट्टविरचितः

वृत्तरत्नाकरः

VRITTA-RATNĀKARAM

नारायणी-तारा'-संस्कृतहिन्दीव्याख्योपेतः

(छात्रोपयोगिसंस्कृत-हिन्दीभूमिकासमलङ्कृतः)

हिन्दीव्याख्याकारः

पं० सत्यनारायणशास्त्री खण्डूड़ी

भारतीय विद्या प्रकाशन

वाराणसी दिल्ली

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

Dr. Ruvvukumar

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

॥ श्रीः॥

श्रीकेदारभट्टविरचितः

वृत्तरत्नाकरः

VRITTA-RATNĀKARAM

'नारायणी-तारा'-संस्कृतहिन्दीव्याख्योपेतः

(छात्रोपयोगिसंस्कृत-हिन्दीभूमिकासमलङ्कृतः)

आदर्श प्रति
B. V. P.

हिन्दीव्याख्याकारः

पं० सत्यनारायणशास्त्री खण्डूड़ी

भारतीय विद्या प्रकाशन

वाराणसी दिल्ली

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

प्रकाशक:

© भारतीय विद्या प्रकाशन

(1) 1, यू० बी० जवाहरनगर बंग्लोरोड, दिल्ली-110007
फोन : (011) 3971570

(2) पो० बा० नं० 1108 कचौड़ीगली, वाराणसी-221001
फोन : (0542) 392376

प्रथम संस्करण-2000

मूल्य : 50/-

अक्षर-संयोजक:-
शुभम् कम्प्यूटर
मीरघाट, वाराणसी
फोन : 321717

मुद्रक:
जैन अमर प्रिंटिंग एजेन्सी
दिल्ली

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

भूमिका

शिक्षेत्यादि श्रुतेरङ्गं शिक्षा कल्पो व्याकरणं निरुक्तं छन्दो ज्योतिषम्।
छन्दः पादौ तु वेदस्य

प्राचीन काल में छन्दोविचिति नाम से अभिहित छन्दःशास्त्र का संस्कृत शास्त्रों में सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण स्थान है। जिस शास्त्र या ग्रन्थ में विशेषतया छन्दों का चयन या संग्रह किया गया हो, उसे छन्दोविचिति कहते हैं। छन्दोविचिति के अतिरिक्त छन्दोऽनुशासन, छन्दोविवृत्ति, छन्दोमान इत्यादि अभिधान भी इस शास्त्र के प्राप्त होते हैं। इस शास्त्र के प्रणेता आचार्य पिङ्गल के नाम पर इसे पिङ्गलशास्त्र भी कहा जाता है।

वैदिक तथा लौकिक दोनों शास्त्रों के सम्यक् उच्चारण एवं अर्थज्ञान की दृष्टि से छन्दःशास्त्र का ज्ञान नितान्त आवश्यक है। आर्षेय ब्राह्मण तथा तदनुसारी सर्वानुक्रमणी के अनुसार जो व्यक्ति मन्त्रों के छन्द, ऋषि, देवता तथा ब्राह्मणं का ज्ञान किये बिना उन मन्त्रों से यज्ञ कराता है अथवा पढ़ाता है वह गर्त में पतित होता है, उसका या उसके द्वारा कराया गया सम्पूर्ण अनुष्ठान व्यर्थ होता है। दुर्ग की निरुक्त टीका तथा सर्वानुक्रमणी के आरम्भ में कहा भी गया है कि–

यो ह वा अविदितार्षेयच्छन्दोदैवतब्राह्मणेन मन्त्रेण याजयति वाध्यापयति वा स्थाणुं वर्च्छति, गर्तं वा प्रपद्यते, प्र वा मीयते, पापीयान् भवति। यातया मान्यस्य च्छन्दांसि भवन्ति।

वेदों के अर्थज्ञान के लिए छन्दःशास्त्र की सर्वाधिक उपयोगिता है। वेदपुरुष का पादस्थानीय छन्द को माना गया है। जिस प्रकार मानव-जीवन में पैरों के बिना पुरुष की गति और स्थिति सर्वथा असम्भव है, उसी प्रकार छन्दःशास्त्र-ज्ञान के बिना वेदों के ज्ञान की कल्पना ही असम्भव है। यतः समस्त वेदवाङ्मय छन्दमय ही हैं, अतः वेदों के ज्ञान के लिए उसके अङ्गभूत छन्द का ज्ञान होना नितान्त आवश्यक है। इसीलिए पाणिनीय शिक्षा में कहा भी गया है:–छन्दः पादौ तु वेदस्य।

छन्दः शास्त्र का उद्भव

यह स्पष्ट है कि छन्दों का अस्तित्व सर्वप्राचीन वैदिक युग से ही विद्यमान था। वैदिक संहिताओं में मुख्य छन्दों का नाम, उनके देवता, तन्निष्पादक वर्णसंख्या स्पष्टतः उल्लिखित हैं। वैदिक छन्दों में गायत्री, उष्णिक्, अनुष्टुप्, बृहती, पंक्ति, त्रिष्टुप् तथा जगती–ये सात मुख्य हैं। इसीलिए इन्हें सप्तच्छन्दांसि कहा जाता है। इस सन्दर्भ में छन्दों की अक्षर-संख्या को निर्दिष्ट करने वाला अथर्ववेद का निम्न कथन द्रष्टव्य है–

सप्तच्छन्दांसि चतुरुत्तराण्यन्योन्यस्मिन्नध्यर्पितानि॥ ८-१-१६॥

छन्दःशास्त्र के उद्भव तथा इसकी परम्परा के सम्बन्ध में कोई समय-सीमा निर्धारण करना तो नितान्त असम्भव है; किन्तु इस शास्त्र का अवगाहन करने पर अनेक प्राचीन आचार्यों के नाम हमें उपलब्ध होते हैं। युधिष्ठिर मीमांसककृत वैदिक-

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

छन्दोमीमांसा में उल्लिखित आचार्य यादवप्रकाशकृत पिङ्गलसूत्र-भाष्य के अन्तिम श्लोक से छन्दःशास्त्र की परम्परा का ज्ञान प्राप्त होता है, उसके अनुसार छन्दःशास्त्र के प्रथम प्रवर्तक स्वयं भगवान् शंकर थे, तत्पश्चात् क्रमशः उनसे वृहस्पति, वृहस्पति से दुश्च्यवन (इन्द्र), दुश्च्यवन से शुक्राचार्य, उनसे माण्डव्य, उनसे सैतव, उनसे यास्क और यास्क से आचार्य पिङ्गल ने छन्दःशास्त्र का ज्ञान प्राप्त किया।

छन्दोज्ञानमिदं भवाद् भगवतो लेभे गुरूणां गुरु-
स्तस्माद् दुश्च्यवनस्ततोऽसुरगुरुमण्डव्यनामा ततः।
माण्डव्यादपि सैतवस्तत ऋषिर्यास्कस्ततः पिङ्गल-
स्तस्येदं यशसा गुरोर्भुवि धृतं प्राप्यास्मादाद्यैः क्रमात्॥

छन्दःशास्त्र में मान्य इस परम्परा के आधार पर हम पिङ्गलसूत्र में निर्दिष्ट आचार्यों के पौर्वापर्य क्रम का निर्धारण कर सकते हैं।

छन्द के प्रकार

छन्द दो प्रकार के होते हैं–१. वैदिक तथा २. लौकिक। वेदमन्त्रों में प्रयुक्त छन्दों को वैदिक छन्द कहा जाता है तथा रामायण, महाभारत आदि लौकिक महाकाव्यों, काव्यों में प्रयुक्त छन्दों को लौकिक छन्द के नाम से जाना जाता है। यद्यपि लौकिक छन्दों का उद्भव तथा विकास वैदिक छन्दों से ही हुआ है, तथापि दोनों की पद्धति में पर्याप्त अन्तर दृष्टिगोचर होता है। वैदिक छन्द पूर्णतः स्वरसङ्गीत पर आधारित होते हैं; उनमें अक्षरगणना ही प्रधान होती है। अक्षरों के स्वरूप–लघु या गुरु–से उसमें कोई अन्तर नहीं पड़ता; लेकिन लौकिक छन्द वर्णसङ्गीत पर आधारित हैं। इनमें वर्णों के उच्चारण–प्रकार का सर्वाधिक महत्त्व है। लौकिक छन्दों में प्रयुक्त वर्णों को लघु–गुरु के आधार पर ही व्यवस्थित किया जाता है और इसी व्यवस्था के कारण ही इसमें सुश्राव्यता उत्पन्न होती है और इसी सुश्राव्यता को प्रधान तत्त्व निर्धारित कर लौकिक छन्दों की रचना की गई है। इनमें लघु–गुरु का प्रयोग इतना सुव्यवस्थित, सुसंयत और सुसंगत होता है कि उसके श्रवण मात्र से ही अलौकिक माधुर्य की अनुभूति होती है। जबकि वैदिक छन्दों में इसका सर्वथा अभाव रहता है, उसमें वर्णों के संख्या की ही प्रधानता मानी गयी है।

यद्यपि लौकिक छन्दों के सन्दर्भ में वर्तमान में प्रामाणिक सर्वप्राचीन शास्त्र आचार्य पिङ्गल का छन्द अष्टाध्यायी ही है, तथापि उनके द्वारा अपने शास्त्र में विभिन्न पूर्ववर्ती आचार्यों का उल्लेख किये जाने से कथमपि यह नहीं कहा जा सकता कि आचार्य पिङ्गल ही लौकिक छन्दःशास्त्र के प्रवर्तक हैं। स्पष्ट है कि आचार्य पिङ्गल के बहुत पूर्व से ही लौकिक छन्दों की स्थिति विद्यमान थी, परन्तु उसका स्वरूप सुव्यवस्थित नहीं था। आचार्य पिङ्गल ने ही इस शास्त्र को नितान्त सुव्यवस्थित स्वरूप प्रदान किया। अतः यह कहा जा सकता है कि वर्तमान में उपलब्ध लौकिक छन्द के ग्रन्थों में आचार्य पिङ्गलप्रणीत ग्रन्थ छन्द अष्टाध्यायी ही सर्वप्राचीन है, जो सर्वमान्य एवं नितान्त प्रामाणिक लौकिक छन्दःशास्त्र है।

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

पिङ्गल-परवर्ती प्रमुख आचार्य और उनके ग्रन्थ

पिङ्गलप्रणीत सूत्रों के सर्वाधिक लोकप्रिय वृत्तिकार भट्ट हलायुध हैं। इनकी वृत्ति का नाम मृतसञ्जीवनी है। हलायुध राष्ट्रकूट वंश के प्रख्यात नरेश कृष्णराज और खुडिगदेव के समकालीन थे, जिनका समय ९४५ से ९७१ ई. के मध्य का माना जाता है। इसके पश्चात् हलायुध ने मुञ्जराज का आश्रय ग्रहण किया, जो कि विद्वानों का आश्रयदाता था। इसका समय १०वीं शताब्दी का अन्तिम चरण माना जाता है।

आचार्य भट्ट हलायुधकृत मृतसञ्जीवनी वृत्ति पिङ्गल-सूत्रों पर अत्यन्त लोकप्रिय एवं सर्वप्राचीन व्याख्या है, जो पिङ्गल-सूत्रों को स्पष्ट करने के लिए परमोपयोगी है। भट्ट हलायुध के पश्चात् छन्दःशास्त्र के आचार्यों में सर्वप्रथम नाम आचार्य यादवप्रकाश का आता है। ये विशिष्टाद्वैत वेदान्त के स्वनामधन्य आचार्य रामानुजाचार्य के गुरु थे। रामानुजाचार्य का काल १०१७ ई. से ११३७ ई. तक माना जाता है। अतः आचार्य यादवप्रकाश का काल दशवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध से लेकर ग्यारहवीं शती के पूर्वार्ध तक का मानना ही समीचीन प्रतीत होता है। इन्होंने पिङ्गलसूत्रों पर सर्वाधिक प्रामाणिक एवं पाण्डित्यपूर्ण भाष्य की रचना की थी; जिसका नाम है–**पिङ्गलनागछन्दोविचितिभाष्य**।

यादवप्रकाशकृत भाष्य में वैदिक छन्दों का भी सांगोपांग विवेचन किया गया है। इस भाष्य का उपयोग उनके पश्चाद्वर्ती भास्करराय ने अपने छन्दोविषयक ग्रन्थों में किया है। लौकिक छन्दों के वर्णन-क्रम में ये आचार्य पिङ्गल के पूरक सिद्ध होते हैं। लौकिक छन्दों के उदाहरणार्थ इन्होंने स्वरचित श्लोकों को ही प्रयुक्त किया है।

यादवप्रकाश के पश्चात् पिङ्गलसूत्रों के तृतीय व्याख्याकार के रूप में भास्करराय का नाम आता है। ये अलौकिक प्रतिभा के धनी थे और आगम के साथ-साथ छन्दःशास्त्र पर भी इनका पूर्ण अधिकार था। महाराष्ट्रीय ब्राह्मण भास्करराय काशी में निवास करते थे। इनका समय १६८० ई. से १७४५ ई. के मध्य का माना जाता है। छन्दःशास्त्रविषयक इनके चार ग्रन्थ प्राप्त होते हैं, जो क्रमशः **छन्दःकौस्तुभ, मृतसञ्जीवनी** (वृत्तरत्नाकर की व्याख्या), **वृत्तचन्द्रोदय** और **भाष्यराज** (पिङ्गलसूत्र की व्याख्या) हैं।

नाट्यशास्त्र के प्रणेता भरत ने भी नाट्यशास्त्र के १५वें एवं १६वें अध्याय में छन्दःशास्त्र का पर्याप्त वर्णन किया है। १५वें अध्याय में छन्दों का सामान्यतया विवेचन किया गया है और १६वें अध्याय में उनके लक्षण तथा उदाहरण दिये गये हैं। भरत छन्दःशास्त्र में पिङ्गल द्वारा प्रतिष्ठापित अष्टगणों से पूर्णतया परिचित थे तथा उनके नाम भी उन्होंने पिङ्गल-सम्मत ही माना है, परन्तु छन्दों का लक्षण बताते समय भरत ने लघु-गुरु पद्धति का ही आश्रय ग्रहण किया है। इन्होंने अपने नाट्यशास्त्र में यद्यपि पिङ्गल का नाम निर्दिष्ट नहीं किया है, तथापि १६वें अध्याय के अन्त में इस शास्त्र को **छन्दोविचिति** नाम से अभिहित अवश्य किया है।

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

वराहमिहिर ने अपनी बृहत्संहिता नामक ग्रन्थ के १०३रे अध्याय में अनेक छन्दों को निर्दिष्ट किया है। वराहमिहिर का काल छठी शती माना जाता है। इस अध्याय में संकेतित छन्दों का विस्तार से विवेचन इस ग्रन्थ के वृत्तिकार **भट्टोत्पल** ने किया है। भट्टोत्पल की व्याख्या में मात्रिक तथा वर्णवृत्तों को मिलाकर लगभग साठ छन्दों के लक्षण संगृहीत हैं। भट्टोत्पल का समय नवीं शताब्दी है।

जानाश्रयी छन्दोविचिति–जनाश्रयकृत आचार्य पिङ्गल की परम्परा का सूत्ररूप में निबद्ध यह एक अनुपम छन्दोग्रन्थ है, जो छः अध्यायों में विभक्त है। इस ग्रन्थ का निर्माणकाल ५८० से ६२० ई. के मध्य का माना जाता है। इसके वृत्तिकार ने कालिदास, भारवि, अश्वघोष आदि के श्लोकों को उदाहरण के रूप में उद्धृत किया है। यद्यपि यह ग्रन्थ पिङ्गल की ही परम्परा में आता है तथापि पिङ्गल की मान्यता से इसमें पर्याप्त भेद भी दृष्टिगोचर होता है। पिङ्गल ने जहाँ आठ गणों को मान्यता प्रदान की है, वहीं जनाश्रय ने १८ गणों को मान्य किया है। वैदिक छन्दों का इसमें कोई निर्देश नहीं है।

जनाश्रय के ही समकालीन अथवा किञ्चित् पश्चाद्वर्ती छन्दःशास्त्र के प्रख्यात आचार्य **जयदेव** का नाम आता है, जिनका **जयदेवच्छन्दः** नामक ग्रन्थ है। इनका समय छठी या सातवीं शताब्दी मानना इसलिए भी उचित जान पड़ता है क्योंकि नौवीं शती के बाद के हलायुध, अभिनवगुप्त आदि ने इनके मत का अपने-अपने शास्त्रों में खण्डन और उल्लेख किया है। १२वीं शताब्दी के वृत्तरत्नाकर के टीकाकार सुल्हण ने भी श्वेतपट के नाम से जयदेव के मतों का खण्डन किया है। भट्ट हलायुध तथा सुल्हण के द्वारा **श्वेतपट** शब्द से इनका निर्देश किये जाने के कारण यह प्रतीत होता है कि ये जैनधर्मावलम्बी थे।

जयदेवकृत ग्रन्थ आठ अध्यायों में विभक्त है। इसके प्रथम तीन अध्यायों में सूत्ररूप में वैदिक छन्दों का विवरण है और बाद के पाँच अध्यायों में वृत्तिशैली में लौकिक छन्दों का विवेचन किया गया है। जयदेव की यह वृत्तिशैली हीं बाद में छन्दोग्रन्थों के लिए अनुकरणीय बनी और छन्दों के लक्षण-उदाहरण एक ही श्लोक में दिये जाने लगे। इनके पश्चात् ही पृथक् उदाहरण देने की परम्परा का त्याग कर दिया गया।

जयदेव के बाद छन्दःशास्त्र के प्रख्यात आचार्य के रूप में **जयकीर्ति** का नाम सामने आता है, जो कि जैनधर्मावलम्बी कन्नड़वासी थे। इनके ग्रन्थ का नाम **छन्दोऽनुशासन** है, जो आठ अध्यायों में विभक्त है। इसके सप्तम अध्याय में कन्नड़ भाषा के छन्दों का भी वर्णन है। इनका समय १०००ई. के आस-पास का माना जाना समीचीन प्रतीत होता है।

जयकीर्तिकृत छन्दोऽनुशासन में मात्र लौकिक छन्दों का ही विवेचन किया गया है, वैदिक छन्दों का नहीं। इससे यह स्पष्ट होता है कि इनके समय तक आते-आते

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

सामान्यतया पण्डितों में वैदिक छन्दों के प्रति उपेक्षा-भाव आ गया था। जयकीर्ति का यह ग्रन्थ संस्कृत-छन्दों के अतिरिक्त कन्नड़-छन्दों के ज्ञान के लिए भी उपयोगी है।

११वीं शताब्दी के क्षेमेन्द्रकृत सुवृत्ततिलक भी छन्दःशास्त्र का एक अनुपम ग्रन्थ है। अपने छोटे कलेवर में निबद्ध होते हुए भी यह एक महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ है। इस ग्रन्थ में कुल तीन विन्यास (अध्याय) हैं, जिनमें प्रथम विन्यास में छन्दों के लक्षण तथा उदाहरण हैं, द्वितीय में अन्य कवियों का अवतरण है, जिनमें छन्दःशास्त्र के नियमों का पूर्णरूपेण पालन नहीं किया गया है और अन्तिम-तृतीय विन्यास में रस तथा वर्ण्य-विषयों के साथ छन्दों का उपयुक्त सम्बन्ध स्थापित किया गया है। आचार्य क्षेमेन्द्र की स्पष्ट मान्यता है कि रस तथा वर्णन के अनुसार ही काव्य में छन्दों का विनियोग करना अपेक्षित है-

काव्ये रसानुसारेण वर्णनानुगुणेन च।
कुर्वन्ति सर्ववृत्तानां विनियोगं विभागवित्॥ ३-६

लौकिक छन्दों के ज्ञान के लिए महाकवि कालिदास विरचित श्रुतबोध एक अनुपम ग्रन्थ है। संस्कृत काव्यों में प्रयुक्त प्रचलित छन्दों का वर्णन ही इसका वैशिष्ट्य है। यद्यपि इसमें गणों के नाम तथा स्वरूप का उल्लेख किया गया है तथापि लक्षण-विन्यास के लिए गणपद्धति का उपयोग नहीं किया गया है। इसकी पद्धति लघु-गुरु वाली ही है और लक्षण तथा उदाहरण दोनों एक ही श्लोक में समाहित हैं। इसी विशेषता के कारण यह पुस्तक छन्दःज्ञान के अभीप्सु बालकों के लिए नितान्त उपयोगी है। इसमें न तो वैदिक छन्दों का वर्णन है, न ही दण्डक और षट्प्रत्ययों का। सम्पूर्ण पुस्तक ४४ श्लोकों में निबद्ध है; जिनमें से तीन में आर्या, गीति तथा उपगीति नामक मात्राच्छन्द वर्णित हैं और शेष ३७ श्लोकों में ३७ वर्णवृत्तों का वर्णन है।

हेमचन्द्र का छन्दोऽनुशासन सूत्रों में निबद्ध अष्टाध्यायी ग्रन्थ है। यह ग्रन्थ छन्दःशास्त्र के इतिहास में अनेक दृष्टियों से उपयोगी है। यह ग्रन्थ प्राकृत तथा अपभ्रंश छन्दों के ज्ञान के लिए विश्वकोष की समानता रखता है। इस ग्रन्थ पर हेमचन्द्र द्वारा विरचित ही वृत्ति भी है, जो छन्दश्चूडामणि के नाम से जानी जाती है। सम्पूर्ण मूल ग्रन्थ सूत्रों में निबद्ध है, जिनमें कुल मिलाकर सात-आठ सौ छन्दों का वर्णन है। मूल सूत्र संस्कृत भाषा में है, जबकि उदाहरण छन्द के सम्बन्धित भाषाओं में दिये गये हैं।

अपनी कोमल दृष्टान्तावली तथा सुबोध लक्षणावली के कारण गङ्गादास की छन्दोमञ्जरी नितान्त लोकप्रिय एवं महत्त्वपूर्ण है। गङ्गादास उत्कल के रहनेवाले थे। अपने ग्रन्थ में इन्होंने वृत्तरत्नाकर को भी उद्धृत किया है। इसमें छः स्तबक हैं। इसके अन्तिम स्तबक में गद्यकाव्य तथा उसके विविध भेदों का भी वर्णन किया गया है। गोडे हिस्ट्री के अनुसार इसका रचना-काल १३०० से १५००ई. के मध्य स्वीकार किया गया है।

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

केदारभट्ट और उनका वृत्तरत्नाकर

मध्यकालीन छन्दःशास्त्रकारों में सर्वाधिक लोकप्रिय श्री केदारभट्ट ने छन्दःशास्त्र के इतिहास में सर्वाधिक लोकप्रिय ग्रन्थ वृत्तरत्नाकर का प्रणयन किया है। इस अनुपम ग्रन्थ में छन्दःवर्णन में सम्बन्धित विषय का न तो ज्यादा विस्तार किया गया है और न ही ज्यादा संक्षेप किया गया है, बल्कि उनका सम्यक् विवेचन ही किया गया है। इस ग्रन्थ की सर्वातिशायी विशेषता है–संस्कृत काव्यकारों द्वारा बहुशः प्रयुक्त छन्दों का विवेचन। एक सौ छत्तीस श्लोकों में निबद्ध इस ग्रन्थ में कुल छः अध्याय है; जिसमें प्रथम अध्याय संज्ञाभिधानात्मक है। इसमें शास्त्रीय संज्ञाओं का निर्देश किया गया है। द्वितीय अध्याय में आर्या, गीति, वैतालीय, वक्त्र और मात्रासमक प्रकरणों के अन्तर्गत तत्तत्प्रकरणगत मात्रिक छन्दों का क्रमशः निरूपण है। तृतीय अध्याय में सम वर्णवृत्तों के विवेचन के साथ-साथ उक्ता से उत्कृति जाति तक का तथा दण्डक का विधिवत् निरूपण किया गया है। इसके चतुर्थ अध्याय में अर्धसम वृत्तों का तथा पञ्चम अध्याय में विषम वृत्तों का स्पष्टतः विवेचन उपलब्ध है। ग्रन्थ के अन्तिम छठे अध्याय में प्रस्तार, नष्ट, उद्दिष्ट आदि प्रत्ययों का विधिवत् प्रतिपादन किया गया है।

वृत्तरत्नाकर में छन्दों का लक्षण गणों के द्वारा निर्दिष्ट किया गया है। छन्दःशास्त्र का पूर्ण सर्वमान्य ग्रन्थ होते हुए भी इसके संक्षिप्त होने का मुख्य कारण है–लक्षण और उदाहरण का एकीकरण। समस्त ग्रन्थ श्लोकबद्ध है, न कि पिङ्गल की भाँति सूत्रबद्ध। संक्षिप्त तथा सुव्यवस्थित विवेचनापरक होने के कारण ही यह ग्रन्थ अद्यावधि प्राप्त ग्रन्थों में सर्वाधिक लोकप्रिय है। इस ग्रन्थ की लोकप्रियता का ज्वलन्त प्रमाण है–संस्कृत काव्य शास्त्रों के उद्भट टीकाकार मल्लिनाथ द्वारा अपनी व्याख्या में छन्दनिर्देश के लिए इसमें निर्धारित लक्षणों को ही उद्धृत करना।

यह सर्वमान्य तथ्य है कि संस्कृत पाठकों को छन्दोज्ञान कराने के लिए वर्तमान में वृत्तरत्नाकर और कालिदासकृत श्रुतबोध–ये दो ही मान्य ग्रन्थ हैं। इनमें से श्रुतबोध में छन्दःलक्षण का निर्देश लघु-गुरु पद्धति से बतलाया गया है, जबकि वृत्तरत्नाकर में गणों द्वारा लक्षण-निर्देश किया गया है। गणों द्वारा लक्षण-निर्देश किये जाने के कारण ही छन्दःज्ञान करने के लिए यह सरल है और इसीलिए ज्यादा लोकप्रिय भी है। जैसे वसन्ततिलका छन्द के लक्षण के लिए श्रुतबोध लघु-गुरु पद्धति का प्रयोग करता है, जबकि वृत्तरत्नाकर इसके लिए गण-पद्धति का उपयोग करता है, जो ज्यादा सरल है–

त० भ० ज० ज० गु०
ऽ ऽ ।ऽ । । । ऽ । । ऽ । ऽ ऽ

उक्ता वसन्ततिलका तभजा जगौ गः।

इस प्रकार यह स्पष्ट होता है कि वसन्ततिलका १४ वर्णों का छन्द है, जिसमें क्रमशः तगण, भगण, जगण, जगण और अन्तिम दो गुरु वर्ण होते हैं। जिस पाद में यह लक्षण निर्दिष्ट किया गया है, वह वसन्ततिलका ही है। अपनी इसी शैली को केदारभट्ट ने लक्ष्यलक्षणसंयुक्तं छन्दः कहा है।

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

केदारभट्ट का स्थितिकाल

वृत्तरत्नाकर के रचयिता केदारभट्ट के देश-काल के बारे में हमें निश्चित रूप से कोई जानकारी उपलब्ध नहीं होती। अपने बारे में स्वयं इन्होंने भी वृत्तरत्नाकर के अन्तिम श्लोक-

वंशेऽभूत्कश्यपस्य प्रकटगुणगणः शैवसिद्धान्तवेत्ता
पित्रः पव्येकनामा विमलतरमतिर्वेदतत्त्वार्थबोधे।
केदारस्तस्य सूनुः शिवचरणयुगाराधनैकाग्रचित्त-
श्छन्दस्तेनाभिरामं प्रविचरितमिदं वृत्तरत्नाकराख्यम्॥

के द्वारा इतना ही ज्ञात होता है कि इनके पिता का नाम पव्येक था, जो कश्यपगोत्रीय शैवधर्मानुयायी विद्वान् ब्राह्मण थे। इससे यह तो स्पष्ट प्रतीत होता है कि ये दक्षिण-भारतीय थे; परन्तु अपने समय के बारे में न तो ग्रन्थकार ने स्वयं कोई निर्देश किया है और न ही संस्कृत साहित्य के इतिहासकारों ने इसका कोई निर्धारण किया है। जैसलमेर के पुस्तकालय में सुरक्षित वृत्तरत्नाकर की सर्वाधिक प्राचीन हस्तलिखित प्रति का लेखन-काल संवत् ११९२ अर्थात् ११३५ ई. है और इस ग्रन्थ के सर्वप्राचीन टीकाकार त्रिविकम का काल ११वीं शती का उत्तरार्ध है; अतः यह अनुमान किया जा सकता है कि केदारभट्ट का काल १०वीं शताब्दी के उत्तरार्ध से लेकर ११वीं शती के पूर्वार्ध के मध्य रहा होगा। यह वह काल है, जिसमें शैव धर्म का प्राबल्य था और शैव तथा वैष्णवों के मध्य सर्वोच्चता सिद्ध करने के लिए संघर्ष चरम पर था। चूँकि केदारभट्ट ने विशेषतया जोर देकर अपने को शैव घोषित किया है, इसलिए उपर्युक्त अनुमान ही समुचित प्रतीत होता है।

उपर्युक्त समय में केदारभट्ट की स्थिति इसलिए भी मानी जा सकती है कि वृत्तरत्नाकर के एक टीकाकार सोमचन्द्र ने अपनी व्याख्या में कहा है कि हेमचन्द्र ने वृत्तरत्नाकर की दो पंक्तियों-श्रुतिसुखकृदियमपि जगति तथा निजशिर उपगतवति सति भवति खजा पर विचार किया है। सोमचन्द्र का यह निर्देश केदारभट्ट की स्थिति-काल के विषय में अतिशय महत्त्व रखता है। चूँकि हेमचन्द्र का काल १०८८ से ११७२ ई. के मध्य माना जाता है और उपर्युक्त उक्ति से केदारभट्ट हेमचन्द्र से पूर्ववर्ती सिद्ध होते हैं, अतः यह निश्चित है कि उपर्युक्त अवधि के मध्य ही केदारभट्ट की स्थिति रही होगी।

वृत्तरत्नाकर की टीकायें

श्रीकेदारभट्टकृत लोकप्रिय ग्रन्थ वृत्तरत्नाकर के ऊपर अबतक अनेकों टीकायें लिखी जा चुकी हैं। इसके सर्वप्राचीन टीकाकार त्रिविक्रम हैं। इनकी टीका का रचनाकाल सम्भवतः ११वीं शताब्दी का उत्तरार्ध है। इसके दूसरे टीकाकार सुल्हण हैं, जिनकी टीका का नाम सुकविहृदयानन्दिनी है। इसका निर्माणकाल ११८९ ई. है। इसके तृतीय टीकाकार सोमचन्द्रगणि हैं, जिन्होंने १२७२ ई. में वृत्तरत्नाकर पर टीका की रचना की। इसमें उदाहरण के रूप में हेमचन्द्र और सुल्हण के श्लोकों को उद्धृत किया है।

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

उपर्युक्त के अतिरिक्त १६वीं शताब्दी से वृत्तरत्नाकर के ऊपर बहुतायत में टीकायें लिखीं गईं, जिनमें बौद्धभिक्षुक रामचन्द्र विबुधकृत टीका, समयसुन्दरगणिकृत सुगमा वृत्ति, नारायणभट्टकृत नारायणी, भास्कररायकृत सेतु, जनार्दनकृत भावार्थदीपिका, सदाशिवकृत टीका, श्रीकण्ठकृत टीका, विश्वनाथकृत प्रभा, कृष्णसारकृत वृत्तप्रकाशिका, करुणाकरदासकृत कविचिन्तामणि, दिवाकरकृत वृत्तरत्ना-करादर्श प्रमुख हैं।

वृत्तरत्नाकर पर लिखी गई उपर्युक्त सभी टीकाओं में से काशी-निवासी रामेश्वर भट्ट के पुत्र नारायणभट्टकृत नारायणी टीका, जिसकी रचना १६८० ई. में की गई, वृत्तरत्नाकर के अध्येताओं के लिए अत्यन्त उपयोगी, सरल तथा सुबोध है। अपनी इन्हीं विशेषताओं के कारण यह टीका आज भी सर्वाधिक लोकप्रिय है। वृत्तरत्नाकर के प्रणयन के बाद अद्यावधि यद्यपि बहुत टीकायें इस ग्रन्थ पर लिखी गई हैं और आज भी लिखी जा रही हैं, परन्तु नारायणी का स्थान ग्रहण करने में सभी असमर्थ हैं।

प्रकृत संस्करण

नारायणी टीका की उपर्युक्त विशेषताओं के कारण ही प्रस्तुत संस्करण में भारतीय विद्या प्रकाशन द्वारा अन्य कोई प्राचीन या नवीन संस्कृत व्याख्या न देकर नारायणी को ही स्थान दिया गया है।

छन्दःशास्त्र के अतिशय दुरूह होने के कारण सुकुमार-मति छात्रों के सौकर्यार्थ विभिन्न विद्वानों द्वारा यद्यपि विभिन्न हिन्दी व्याख्यायें भी अबतक लिखी जा चुकी हैं, परन्तु वे व्याख्यायें या तो अतिसंक्षिप्त हैं, या क्लिष्ट हैं, या अस्पष्ट; जिससे हिन्दी व्याख्या सामने होते हुए भी सुकुमार-मति छात्र छन्दःशास्त्र की दुरूहता को पार नहीं कर पाते। छात्रों को होनेवाली इन्हीं कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए पं० श्री सत्यनारायण शास्त्री खण्डूरी द्वारा तारा नामक प्रकृत हिन्दी व्याख्या प्रस्तुत की गई है। इसकी प्रमुख विशेषता यह है कि इसमें सामान्य भाषा में छन्दलक्षणों को स्पष्ट करते हुए उदाहरणों में उनका पूर्ण समन्वय भी दर्शाया गया है; जिससे छात्रों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मेरा ऐसा विश्वास है कि नारायणी संस्कृत व्याख्या एवं तारा हिन्दी व्याख्या से समलंकृत यह संस्करण छन्दःशास्त्र के जिज्ञासुओं के लिए नितान्त उपयोगी सिद्ध होगा। वैसे इस संस्करण की उपयोगिता का आकलन स्वयं पाठक ही कर सकेंगे।

अन्त में भारतीय विद्या प्रकाशन के सञ्चालक स्वनामधन्य श्री किशोरचन्द्र जैन के सुयोग्य पुत्र श्री राकेश जैन जी कोटिशः धन्यवाद के पात्र हैं; जिन्होंने एक सर्वथा नवीन हिन्दी व्याख्या के साथ वृत्तरत्नाकर के प्रकृत संस्करण को प्रकाशित कर पाठकों के समक्ष प्रस्तुत किया है। श्री राकेश जैन विगत वर्षों से संस्कृत साहित्य के अमूल्य ग्रन्थों, जो कि या तो अबतक अप्रकाशित हैं या पूर्व में प्रकाशित होते हुए भी वर्तमान में लुप्तप्राय होते जा रहे हैं, के प्रकाशन में निरन्तर प्रयत्नशील हैं। उनका यह कार्य संस्कृत साहित्य के लिए अमूल्य है और आशा है कि वे अपने कार्य में इसी प्रकार सतत रत रहकर संस्कृत-साहित्य की सेवा करते रहेंगे एवं संस्कृतानुरागियों को लाभान्वित कराते रहेंगे।

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

भूमिका

शिक्षेत्यादि श्रुतेरङ्गं शिक्षा कल्पो व्याकरणं निरुक्तं छन्दो ज्योतिषम्।

प्राक्काले छन्दोविचितिनाम्नाऽभिहितछन्दःशास्त्रस्य संस्कृतसाहित्ये महत्त्वपूर्णं स्थानं वरीवर्ति। यस्मिन् शास्त्रे ग्रन्थे वा विशेषतया वृत्तानां संग्रहो भवति, स एव छन्दोविचिति इति नाम्ना ज्ञायते। शास्त्रमिदं छन्दोऽनुशासन-छन्दोविवृत्ति-छन्दोमान-इत्यादि नाम्नाऽपि ज्ञायते संस्कृतसाहित्ये। अस्यापरं नाम पिङ्गलशास्त्रमपि; यतो हि मन्यते यत् आचार्यपिङ्गल एवास्य शास्त्रस्य प्रणेता।

वैदिक-लौकिकशास्त्राणां सम्यगुच्चारणार्थं तेषामर्थज्ञानार्थञ्च छन्दःशास्त्रस्य ज्ञानं नितान्तमावश्यकम्। यो जनः छन्द-ऋषि-देवता-ब्राह्मणज्ञानं बिना वैदिकमन्त्रेण यज्ञं सम्पादयति, अध्यापयति वा; स पापभाक् भवति। उक्तञ्च आर्षेयब्राह्मणे सर्वाणुक्रमण्याम्-

यो ह वा अविदितार्षेयच्छन्दोदैवतब्राह्मणेन मन्त्रेण याजयति
वाध्यापयति वा स्थाणुं वर्च्छति, गर्तं वा प्रपद्यते, प्र वा मीयते,
पापीयान् भवति। यातया मान्यस्य च्छन्दांसि भवन्ति।

वेदानामर्थज्ञानार्थं छन्दःशास्त्रस्य महती आवश्यकता। यतोहि वेदपुरुषस्य पादस्थानीयो छन्दः। मानवजीवने यथा पादहीनपुरुषस्य गतिर्नास्ति तथैव छन्दःशास्त्रज्ञानविहीनस्य पुरुषस्य वेदेऽपि गतिर्नास्ति। यतः समस्तवेदवाङ्मय एव छन्दोमयः, अतः तज्ज्ञानार्थं तदङ्गभूतछन्दःशास्त्रज्ञानं नितान्तमावश्यकम्। अत एवोक्तं पाणिनीयशिक्षायाम्-

छन्दः पादौ तु वेदस्य।

छन्दःशास्त्रस्योत्पत्तिः

स्पष्टमिदं यत् छन्दःशास्त्रं प्राचीनतमं शास्त्रम्। वैदिकयुगेऽपि अस्य शास्त्रस्य सत्ता दरीदृश्यते। वेदे खलु वार्णिकच्छन्दांस्येव प्रयुक्तानि सन्ति। तेषां हि प्रतिपादस्य निर्धारित-वर्णसंख्या। वेदेषु हि गायत्री-उष्णिक्-अनुष्टुप्-बृहती-पंक्ति-त्रिष्टुप्-जगतीप्रभृतीनि छन्दांसि मुख्यरूपेण प्रयुक्तानि दृश्यन्ते। उक्तमप्यथर्ववेदे-

सप्त च्छन्दांसि चतुरुत्तराण्यन्योन्यस्मिन्नध्यर्पितानि-८।१।१६

यजुर्वेदोऽपि प्रतिपादयति यत्-

गायत्रीत्रिष्टुब्जगत्यनुष्टुप्पङ्क्त्या सह।
बृहत्युष्णिहा ककुप्सुचीभिः शम्यन्तु त्वा॥२३।३३

छन्दसां स्वरूपमपि यथा तत्रैव-

द्विपदा याश्चतुष्पदास्त्रिपदा याश्च षट्पदा।
विच्छन्दा याश्च सच्छन्दाः सूचीभिः शम्यन्तु त्वा॥२३।३४

एवमेव ब्राह्मणग्रन्थेष्वपि छन्दसां विषये बहूक्तमस्ति। ग्रन्थाकारत्वेन ऋक्प्रातिशाख्यं प्रथमा कृतिर्यत्र वैदिकच्छन्दसां विवेचना कृतास्ति। तत्र हि षोडश-सप्तदश-अष्टादश-पटलेषु वैदिकच्छन्दोविषय एव बहुशो निर्दिष्टं वर्तते। एवमेव शाङ्खायनश्रौतसूत्रे, सामवेदस्य निदानसूत्रे, पिङ्गलकृतछन्दःसूत्रे च छन्दोविषयः सोपपत्तिकं प्रतिपादितः।

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

आचार्यपिङ्गलप्रणीतछन्दःसूत्रं तु वस्तुतः वैदिकलौकिकच्छन्दसोः सन्धिस्थलम्। तत्र हि पूर्वार्धे वेदप्रयुक्तच्छन्दसां विवेचनं वर्तते, उत्तरार्धे तु लौकिकछन्दसाम्। वैदिकच्छन्दसां संख्या स्थूलतया षड्विंशतिनिर्दिष्टाऽस्ति। कात्यायनस्य सर्वानुक्रमण्यां छन्दांसि तद्ग्रथितमन्त्राणां संख्या च निर्दिष्टा वर्तते।

छन्दःशास्त्रस्योत्पत्तिविषये समयसीमानिर्धारणं तु सर्वथाऽसम्भवपूर्णकार्यम्। तथापि युधिष्ठिरमीमांसककृत-वैदिकच्छन्दोमीमांसायामुल्लिखितेन आचार्य-यादवप्रकाशकृतपिङ्गलसूत्रभाष्यस्यान्तिमेन श्लोकेनेदं ज्ञायते यदस्य शास्त्रस्य प्रवर्तकः स्वयं भगवान् शङ्कर एव। तस्मात् क्रमशः अस्य शास्त्रस्य बृहस्पति-दुश्च्यवन-शुक्राचार्य-माण्डव्य-सैतव-यास्क-पिङ्गलाचार्येण ज्ञानं प्राप्तम्। उक्तञ्च यादवप्रकाशकृतपिङ्गलसूत्रभाष्ये-

छन्दोज्ञानमिदं भवाद् भगवतो लेभे गुरूणां गुरुः
तस्माद् दुश्च्यवनस्ततोऽसुरगुरुमण्डव्यनामा ततः।
माण्डव्यादपि सैतवस्तत ऋषिर्यास्कस्ततः पिङ्गल-
स्तस्येदं यशसा गुरोर्भुविधृतं प्राप्यास्मादाद्यैः क्रमात्॥

एवम्प्रकारेणोक्तक्रमरीत्या पिङ्गलशास्त्रे निर्दिष्टाचार्याणां पौर्वापर्यक्रमनिर्धारणं सुगमम्। श्लोकेनानेन च्छन्दोज्ञानस्य प्राचीनत्वमपि सिद्धम्भवति।

च्छन्दसां द्वैविध्यम्

छन्दो द्विधा-वैदिकं लौकिकञ्च। वेदमन्त्रे प्रयुक्तश्च्छन्दः वैदिकच्छन्देति नाम्ना ज्ञायते, अपि च रामायण-महाभारतादौ प्रयुक्ताः च्छन्दांसि तु लौकिकच्छन्देति नाम्नाऽभिहितानि भवन्ति। यद्यपि लौकिकच्छन्दसामुद्भवो विकासश्च वैदिकच्छन्दसामेव, तथापि उभावेव पर्यासमन्तरं दृग्गोचरीभवति। वैदिकच्छन्दस्तु पूर्णतया स्वरसङ्गीतोपर्याधारितः, तत्राक्षरगणनाया एव प्राधान्यम्। लौकिकच्छन्दसां प्रयुक्तवर्णास्तु लघु-गुरुक्रमेण व्यवस्थिता भवन्ति। अत एव लौकिकच्छन्दे सुश्राव्यता भवति। अत्र लघु-गुरुवर्णानां सुव्यवस्थित-सुसंयत-सुसंगतरूपेण प्रयोगात् तस्य श्रवणमात्रेणैव अलौकिकमाधुर्यस्योत्पत्तिर्भवति।

यद्यपि लौकिकच्छन्दःसन्दर्भे पिङ्गलकृत छन्द अष्टाध्यायी एव प्राचीनतमं प्रामाणिकं शास्त्रम्, तथापि पिङ्गलकृतशास्त्रे विभिन्नपूर्ववर्त्याचार्याणामुल्लेख-दर्शनात्कथमपि वक्तुमिदं न शक्यते यत् आचार्यपिङ्गल एव लौकिकच्छन्दःशास्त्रस्य प्रवर्तकः। स्पष्टमिदं यत् पिङ्गलात्पूर्वमपि लौकिकच्छन्दसां सत्ता आसीत्। आचार्यपिङ्गलेन च्छन्दःशास्त्रं सुव्यवस्थितमात्रमेव कृतम्। तथापि अस्मिन् समये साहित्यशास्त्रे पिङ्गलकृत-छन्द अष्टाध्यायी एव सर्वथा प्रामाणिकं लौकिकच्छन्दःशास्त्रं वर्तते।

छन्दःशास्त्रस्य प्रमुखाचार्याः तत्कृतयश्च

पिङ्गलशास्त्रोपरि सर्वाधिकलोकप्रियवृत्तिकारः भट्टहलायुधः। तेन पिङ्गलशास्त्रोपरि मृतसञ्जीवनी नाम्ना वृत्ति प्रणीता। अस्य समयस्तु दशम शताब्दी। हलायुधकृत मृतसञ्जीवनी वृत्ति तु पिङ्गलसूत्रोपरि सर्वप्राचीना व्याख्या, या तु पिङ्गलसूत्राणां स्पष्टार्थमतीवोपयोगिनी वर्तते।

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

तत्पश्चात् च्छन्दःशास्त्रस्य प्रमुखाचार्यरूपेण यादवप्रकाशः आयाति। अयन्तु विशिष्टाद्वैतमतप्रवर्तकरामानुजाचार्यस्य गुरुः। यतो हि रामानुजाचार्यस्य समयः १०१७ ई. तः ११३७ ई. यावत् स्वीक्रियते, अतो यादवप्रकाशस्य समयः दशमशताब्द्या उत्तरार्धतः एकादशशताब्देः पूर्वार्धं यावत् स्वीकरणमेवोचितम्। पिङ्गलसूत्रोपरि यादवप्रकाशकृत-पिङ्गलनागच्छन्दोविचितिभाष्यनामकं भाष्यमतीव प्रामाणिकं पाण्डित्यपूर्णञ्च।

तत्पश्चात् पिङ्गलसूत्रोपरि तृतीयव्याख्याकाररूपेण भास्कररायः प्रतिष्ठितो भवति। अयन्तु काशीनिवासी महाराष्ट्रीयब्राह्मणः। छन्दःशास्त्रोपरि अस्य चत्वारो ग्रन्थाः- छन्दःकौस्तुभः, मृतसञ्जीवनी (वृत्तरत्नाकरस्य व्याख्या), वृत्तचन्द्रोदयः, भाष्यराजश्च (पिङ्गल-सूत्रव्याख्या)।

नाट्यशास्त्रस्य प्रणेता भरतेनापि स्वकीये नाट्यशास्त्रे पञ्चदश-षोडशाध्याये च्छन्दःशास्त्रस्य वर्णनं कृतम्। अत्र पञ्चदशेऽध्याये सामान्यतया छन्दोविवेचनम्, षोडशेऽध्याये तु तेषां लक्षणोदाहरणानि प्रदत्तानि सन्ति।

वराहमिहिरकृतबृहत्संहितायामपि १०३ अध्याये विभिन्नानि च्छन्दांसि निर्दिष्टानि सन्ति। अस्य ग्रन्थस्य भट्टोत्पली व्याख्यायां षष्टिछन्दसां लक्षणानि संगृहीतानि सन्ति। वराहमिहिरस्य समयः षष्ठशताब्दी वर्तते, भट्टोत्पलस्य तु नवमशताब्दीति मन्यते।

जनाश्रयाचार्यकृत जानाश्रयीच्छन्दोविचिति सूत्ररूपेण निबद्धो च्छन्दःशास्त्र-स्याभूतपूर्वो ग्रन्थः। अत्र षडध्यायाः सन्ति। अस्य निर्माणसमयन्तु ५८० ईतः ६२० ई. यावत् स्वीक्रियते। ग्रन्थस्त्वयं यद्यपि पिङ्गलपरम्परायामेव वर्तते, तथापि अनयोः पर्यासं भेदमपि दृश्यते। पिङ्गलेन अष्टावेव गणाः स्वीकृताः, परन्त्वत्र अष्टादश गणाः मान्याः सन्ति। वैदिकवृत्तानां निर्देशोऽत्र नास्ति।

जनाश्रयसमकालीन एव जयदेवः। अनेन जयदेवच्छन्द नाम्ना प्रसिद्धो ग्रन्थः प्रणीतः। अयं तु जैनधर्मावलम्बी, यतो हि वृत्तरत्नाकरटीकाकारसुल्हणेन श्वेतपटशब्देनास्य निर्देशं कृत्त्वा तन्मतस्य खण्डनमकरोत्। जयदेवप्रणीते ग्रन्थे सन्त्यष्टाध्यायाः। प्रथमं तावत् त्रिषु अध्यायेषु सूत्ररूपेण वैदिकच्छन्दसां विवरणम्, पश्चात् पञ्चसु अध्यायेषु वृत्तिशैल्या लौकिकच्छन्दसां निरूपणं कृतं वर्तते। जयदेवकृतेयमेव वृत्तिशैली पश्चाद्वर्तिग्रन्थकाराणां कृते आदर्शस्वरूपा। यतो हि तत्पश्चादेव लक्षणोदाहरणा-नामेकीकरणं दृश्यते छन्दःशास्त्रग्रन्थे।

जयदेवस्य पश्चाद्वर्तिजयकीर्तिरपि कन्नडभाषाभाषी जैनमतावलम्बी आसीत्। छन्दोऽनुशासनमस्य ग्रन्थः। अस्य ग्रन्थस्य सप्तमेध्याये कन्नड़भाषान्तर्गतप्रयुक्तच्छन्दसां विवेचनं वरीवर्ति। जयकीर्तिकृतछन्दोऽनुशासने लौकिकच्छन्दसामेव विवेचनमस्ति, न तु वैदिकच्छन्दसाम्। अत एतज्ज्ञायते यज्जयकीर्तिकालं यावत् वैदिकच्छन्दसां प्रति विद्वत्सु उपेक्षाभाव आयातः।

एकादशशताब्द्यामाविर्भूतक्षेमेन्द्रकृतः सुवृत्ततिलकः च्छन्दःशास्त्रस्या अपूर्वो ग्रन्थः। यद्यपि ग्रन्थोऽयमत्यन्तसंक्षिप्तः, तथापि सर्वोत्कृष्टः। अत्र त्रयो विन्यासाः। तत्र प्रथमे विन्यासे छन्दसां लक्षणोदाहरणानि, द्वितीये विन्यासे कवीनामवतरणम्, अन्तिमे

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

तृतीये च विन्यासे रसानां वर्ण्यविषयाणाञ्च सह छन्दसामुपयुक्तत्वं प्रतिपादितम्। क्षेमेन्द्रस्येयं मान्यता यद्रसवर्णनानुसारेणैव काव्ये छन्दसां विनियोगो कर्तव्यः। अत एवोक्तं तेन–

काव्ये रसानुसारेण वर्णनानुगुणेन च।
कुर्वन्ति सर्ववृत्तानां विनियोगं विभागवित्॥

छन्दोज्ञानार्थं कालिदासकृतश्रुतबोधः महान् ग्रन्थरत्नः। संस्कृतकाव्येषु प्रयुक्तानां च्छन्दसामेवात्र वर्णनम्, अयमेवास्य वैशिष्ट्यम्। अस्मिन् ग्रन्थरत्ने छन्दसां लक्षणोदाहरणानि एकीकृतानि सन्ति। अत्र वैदिकच्छन्दांसि तु नैव वर्णितानि, न हि दण्डकः षट्प्रत्यया एव वर्णिताः। सम्पूर्णमेव पुस्तकमिदं ४४ श्लोके एव निबद्धाः, यत्र प्रथमतः त्रिषु श्लोकेषु आर्या–गीति–उपगीतिनामकानि मात्राच्छन्दांसि वर्णितानि सन्ति, ततः सप्तत्रिंशच्छ्लोकेषु वार्णिकछन्दांसि निरूपितानि दृश्यन्ते।

हेमचन्द्रकृतछन्दोऽनुशासनोऽपि अष्टाध्यायेषु निबद्धः सूत्रात्मकः च्छन्दो-विषयकग्रन्थः। ग्रन्थोऽयं प्राकृत–अपभ्रंशभाषागतप्रयुक्तच्छन्दज्ञानार्थं विश्वकोशरूपः। अस्य ग्रन्थस्य वृत्तिरपि हेमचन्द्रेणैव छन्दश्चूडामणिनाम्ना निर्मिता। ग्रन्थेऽस्मिन् मूलसूत्रन्तु संस्कृतभाषायां निबद्धम्, किन्तु उदाहरणानि तु तत्तद्भाषायामेव। अयमेवास्य वैशिष्ट्यम्।

गङ्गादासकृतछन्दोमञ्जर्यपि नितान्तलोकप्रियग्रन्थः छन्दःशास्त्रे। गङ्गादास-स्तूत्कलनिवासी आसीत्। स्वीये ग्रन्थेऽनेन वृत्तरत्नाकरोऽप्युद्धृतः। गङ्गादासकृत-छन्दोमञ्जरीग्रन्थे षट्स्तबकाः सन्ति। तत्रान्तिमे स्तबके गद्यकाव्य–तद्भेदानाञ्च वर्णनं वर्णितम्।

वृत्तरत्नाकररचयिता केदारभट्टः

मध्यकालीनछन्दःशास्त्रकाराणां मध्ये सर्वाधिकप्रतिष्ठितश्रीकेदारभट्टेन छन्दःशास्त्रेतिहासे सर्वाधिक–ख्यातिप्राप्तग्रन्थस्य वृत्तरत्नाकरस्य प्रणयनं कृतम्। यद्यपि छन्दःशास्त्रे पिङ्गलसूत्रमेव प्रथममार्षग्रन्थम्, तथापि वृत्तरत्नाकरस्य शास्त्रेऽस्मिन् सर्वातिशायी वैशिष्ट्यं वर्तते। अत्र च्छन्दनिरूपणक्रमे तत्तच्छन्दसम्बन्धिविषयाः नातिविस्तृताः, नातिसंक्षिप्ताः, अपितु सम्यगेव विवेचिताः दृश्यन्ते। संस्कृतकाव्येषु प्रयुक्तच्छन्दसामेव विवेचनमस्य ग्रन्थस्य परमं वैशिष्ट्यम्। वृत्तरत्नाकरस्तु षडध्यायेषु निबद्धः। तत्र प्रथमोऽध्यायः संज्ञाभिधानात्मकः, द्वितीयोऽध्यायः मात्रावृत्ताधिकारात्मकः, तृतीयस्तु समवृत्तविवेचनात्मकः। अर्धसमविवेचनात्मकश्चतुर्थोऽध्यायः, पञ्चमः विषमवृत्तविवेचनात्मकः, षष्ठस्तु प्रस्तारादिप्रत्ययनिरूपणात्मकः। छन्दःशास्त्रे प्रचलितेषु ग्रन्थेषु वृत्तरत्नाकर एव सर्वानतिशेते। प्राचीनैर्महामनीषिभिष्टीकाकारैर्मल्लिनाथादिभिरपि स्व–स्वटीकायां छन्दोनिर्देशकरणार्थमयमेव समादृतः। अपि चास्य ग्रन्थस्य प्रमाणमपि स्वल्पम्।

वृत्तरत्नाकरे तु च्छन्दसां लक्षणानि गणपद्धत्या एव निर्दिष्टानि सन्ति। अत्र लक्षणोदाहरणानामेकीकरणम्। यस्मिन् श्लोके यो वृत्तः लक्षणरूपेण निरूपितः, स श्लोक एव तस्य वृत्तस्योदाहरणम्। उक्तमपि केदारभट्टेन–

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

लक्ष्यलक्षणसंयुक्तं छन्दः

च्छन्दसां सुव्यवस्थितनिरूपणादेव ग्रन्थोऽयमभूतपूर्वः। अस्य ग्रन्थस्योपरि पञ्चविंशतितोऽभ्यधिकाष्टीकाः टीकिताः सन्ति। गणपद्धत्या लक्षणनिर्देशादेवायं ग्रन्थः छन्दोज्ञानार्थमतीव सुखकरः।

केदारभट्टस्य स्थितिकालः

वृत्तरत्नाकरप्रणेताकेदारभट्टस्य स्थितिकालविषये निश्चिद्रूपेण किमपि वक्तुं नैव शक्यते, यतो हि स्वयं तेनापि अस्मिन्विषये न किमपि निर्दिष्टम्। तस्य विषये–

वंशेऽभूत्कश्यपस्य प्रकटगुणगणः शैवसिद्धान्तवेत्ता
पित्रः पव्येकनामा विमलतरमतिर्वेदतत्त्वार्थबोधे।
केदारस्तस्य सूनुः शिवचरणयुगाराधनैकाग्रचित्त-
श्छन्दस्तेनाभिरामं प्रविचरितमिदं वृत्तरत्नाकराख्यम्॥

इति तदुक्तं श्लोकमेव परिचयात्मकः। वृत्तरत्नाकरस्यान्तिमश्लोकेनानेन ज्ञायते यदस्य पिता पव्येकनामा काश्यपगोत्रीयः शैवधर्मावलम्बी विद्वान् ब्राह्मणः। परन्तु स्वस्थितिकालविषये स्वयं ग्रन्थकारेणापि न किमपि लिखितम्, न हि संस्कृतसाहित्येतिहासलेखकैरेव किमपि निर्धारितम्। जैसलमेरपुस्तकालये संरक्षितवृत्तरत्नाकरस्य सर्वप्राचीनपाण्डुलिपिना इदमेव ज्ञायते यत् तस्य रचनाकालः ११३५ ई. अस्ति। अस्य ग्रन्थस्य सर्वप्राचीन–टीकाकारत्रिविक्रमस्यापि समय एकादश शताब्दी एव। अतः वक्तुं शक्यते यत् दशमशताब्द्याः उत्तरार्धतः एकादशशताब्देः पूर्वार्धं यावत् केदारभट्टस्य स्थितिकालः।

इदमपि महत्त्वपूर्णं यत् हेमचन्द्रेण स्वोपज्ञे ग्रन्थे वृत्तरत्नाकरस्य उद्धरणं दत्तम्। हेमचन्द्रस्य कालस्तु १०८८ ई. तः ११७२ ई. यावत् स्वीक्रियते विद्वद्भिः, अतः केदारभट्टस्य हेमचन्द्रतः पूर्ववर्तित्वात् तस्य स्थितिकालविषये पूर्वोक्तानुमानमेव समीचीनं प्रतिभाति।

वृत्तरत्नाकरस्य टीका

केदारभट्टविरचितवृत्तरत्नाकरोपरि अद्यावधि बहुभिर्विद्वद्भिः बहुशो टीकाः कृताः। तेषां मध्ये सर्वप्राचीनः त्रिविक्रमः। तत्पश्चात् अस्योपरि सुल्हणकृत-सुकविहृदयानन्दिनी, सोमचन्द्रगणिकृतटीका, बौद्धभिक्षुकरामचन्द्रविबुधकृतटीका, समयसुन्दरगणिकृतसुगमावृत्ति, नारायणभट्टकृतनारायणी, भास्कररायकृत–सेतु, जनार्दनकृत–भावार्थदीपिका, सदाशिवकृतटीका, श्रीकण्ठकृत–टीका, विश्नाथकृत–प्रभा, कृष्णसारकृत–वृत्तप्रकाशिका, करुणाकरदासकृत–कविचिन्तामणि, दिवाकरकृत–वृत्तरत्नाकरादर्शः महत्त्वपूर्णम्।

तेषु नारायणभट्टकृत–नारायणी अतिविस्तृता, सुस्पष्टा बहुपदार्थघटितेति सुप्रथिता।

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

प्रकृतं संस्करणम्

वृत्तरत्नाकरोपरि पञ्चविंशतितोऽभ्यधिकासु टीकासु मध्ये सर्वातिशायित्वादत्र नारायणी टीका एव समादृता। यतो हि सुकुमारमतिच्छात्राणां कृते नारायणी टीका एव सुबोध्या वर्तते। छन्दःशास्त्रस्यातिशयदुरूहत्वात् छन्दोज्ञानविरहितबालकानां कृते यद्यपि हिन्दीभाषायामपि बहवः व्याख्या व्याख्यायिता बहुभिर्विद्वद्भिः, तथापि तासां अतिसंक्षिप्तत्वात्, क्लिष्टत्वात् अथवा दुरूहत्वात् छन्दःशास्त्रस्य ज्ञानार्जने मन्दमतिच्छात्राः नैव समर्थाः। अत एव छात्राणां सौकर्यार्थं पं० श्री सत्यनारायणशास्त्रीखण्डूरीमहाभागेन 'तारा'-नाम्नी हिन्दी व्याख्यया समलंकृतः वृत्तरत्नाकरग्रन्थः। अस्यां व्याख्यायां सर्वजनसुखदभाषायां छन्दोलक्षणानि स्पष्टीकृतानि सन्ति। अपि चोदाहरणेषु तल्लक्षणस्य पूर्णसमन्वयमपि दर्शितम्। इदमेवास्या व्याख्याया सर्वातिशायी वैशिष्ट्यम्। आशास्महे यद् नारायणी-संस्कृतटीकया तारा-हिन्दीव्याख्यया च समलंकृतोऽयं संस्करणं छात्रायां कृते उपयोगि भवतीति।

भारतीयविद्याप्रकाशनस्य सञ्चालक श्री किशोरचन्द्र जैन महाभागस्य स्वनामधन्यपुत्रः श्रीराकेशजैनमहाभागोऽपि कोटिशः धन्यवादार्हः; यतो हि तेन सर्वथा नूतनव्याख्यया विभूषितोऽयं वृत्तरत्नाकरग्रन्थः प्रकाशितः। श्रीराकेशजैनमहाभागस्तु विगतवर्षेभ्यः संस्कृतसाहित्यस्य पुनरुद्धारे अग्रसरः, अत अस्मिन् युगे संस्कृतसाहित्यस्य कृते तस्य प्रयासः सर्वथा स्तुत्य एव।

अन्ते च इदमेव वक्तुं शक्यते यत् निरीक्षते केलिवनं प्रविश्य क्रमेलकः कण्टकजालमेव इतिवन्न व्यवहर्तव्यं विद्वद्भिः सहृदयैः। अपि तु इदमेव ध्यातव्यं यत्-

गच्छतः स्खलनं क्वापि भवत्येव प्रमादतः।
हसन्ति दुर्जनास्तत्र समादधति सज्जनाः॥

इति शम्॥

विजयादशमी-२०५६ वि.

श्रीनिवासशर्मा
वाराणसी

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

ॐ वृत्तरत्नाकरस्थविषयानुक्रमणिका ॐ

विषयाः	पृष्ठाङ्काः
प्रथमोऽध्यायः	
(संज्ञाभिधानात्मकः)	
मङ्गलाचरणम्	१
ग्रन्थकर्तुः परिचयः	१
ग्रन्थस्यानुबन्धयजष्टयम्	१
ग्रन्थस्य प्रयोजनम्	२
ग्रन्थपरिमाणम्	३
मगणादिगणनिरूपम्	४
गणलक्षणम्	४
मात्राच्छन्दोगणनिरुपणम्	७
गुरुलघुस्वरूपकथनम्	८
संयोगपरस्य गुरोरपवादकथनम्	६
गुरोर्लघुतायामुदाहरणम्	६
छन्दःशास्त्रपरिभाषाकथनम्	१२
छन्दःशास्त्रपरिभाषान्तरकथनम्	१६
समवृत्तलक्षणम्	१६
अर्धसमवृत्तलक्षणम्	१७
विषमवृत्तलक्षणम्	१७
समवृत्तभेदनिरूपणम्	१७
दण्डक-गाथादिनिरूपणम्	१७
उक्तादिजातिसंज्ञापरिगणनम्	१८
अध्यायस्योपसंहारः	१८
द्वितीयोऽध्यायः	
(मात्रावृत्ताधिकारात्मकः)	
आर्याप्रकरणम्-	
आर्यालक्षणम्	२०
पथ्यालक्षणम्	२५
विपुलालक्षणम्	२५
चपलालक्षणम्	२६
मुखचपलालक्षणम्	२७
जघनचपलालक्षणम्	२८
गीतिप्रकरणम्-	
गीतिलक्षणम्	३०
उपगीतिलक्षणम्	३१
उद्गीतिलक्षणम्	३१

विषयाः	पृष्ठाङ्काः
आर्यागीतिलक्षणम्	३२
वैतालीयप्रकरणम्-	
वैतालीयलक्षणम्	३५
औपच्छन्दसिकलक्षणम्	३७
आपातलिकालक्षणम्	३७
उदीच्यवृत्तिलक्षणम्	३८
प्राच्यवृत्तिलक्षणम्	३६
प्रवृत्तकलक्षणम्	४०
अपरान्तिकालक्षणम्	४१
चारुहासिनीलक्षणम्	४३
वक्त्रप्रकरणे-	
वक्त्रलक्षणम्	४५
पथ्यावक्त्रलक्षणम्	४६
विपरीतपथ्यावक्त्रलक्षणम्	४७
चपलावक्त्रलक्षणम्	४७
युग्मविपुलालक्षणम्	४८
सैतवमते युग्मविपुलालक्षणम्	४६
भविपुलालक्षणम्	५०
रविपुलालक्षणम्	५१
नविपुलालक्षणम्	५१
तविपुलालक्षणम्	५२
मात्रासमप्रकरणम्-	
अचलधृतिलक्षणम्	५५
मात्रासमकलक्षणम्	५५
विश्लोकलक्षणम्	५६
वानवासिकालक्षणम्	५७
चित्रालक्षणम्	५८
उपचित्रालक्षणम्	५६
मतान्तरेणोपचित्रालक्षणम्	५६
पादाकुलकलक्षणम्	६०
लघुगुरुसंख्याबोधोपायाः	६२
शिखालक्षणम्	६४
खञ्जा (खजा) लक्षणम्	६४
अनङ्गक्रीडानिरुपणम्	६५
रुचिरानिरुपणम्	६६

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

विषयाः	पृष्ठाङ्काः
तृतीयोऽध्यायः (समवृत्तात्मकः)	
उक्तप्रकरणम्-	
(१) उक्ता-	
श्रीलक्षणम्	६८
(२) अत्युक्ता-	
स्त्रीलक्षणम्	६९
(३) मध्या-	
नारीलक्षणम्	६९
मृगीलक्षणम्	६९
(४) प्रतिष्ठा-	
कन्यालक्षणम्	६९
(५) सुप्रतिष्ठा-	
पङ्क्तिलक्षणम्	७०
(६) गायत्री-	
तनुमध्यालक्षणम्	७०
शशिवदनालक्षणम्	७१
विद्युल्लेखालक्षणम्	७१
वसुमतीलक्षणम्	७२
(७) उष्णिक्-	
मदलेखालक्षणम्	७२
कुमारललितालक्षणम्	७३
(८) अनुष्टुप्-	
चित्रपदालक्षणम्	७३
विद्युन्मालालक्षणम्	७४
माणवकलक्षणम्	७४
हंसरुतलक्षणम्	७५
समानिकालक्षणम्	७५
प्रमाणिकालक्षणम्	७५
वितानलक्षणम्	७६
(९) बृहती-	
हलमुखीलक्षणम्	७७
भुजशिशुभृतालक्षणम्	७७
(१०) पङ्क्तिः-	
शुद्धविराड्लक्षणम्	७८
पणवनामलक्षणम्	७८

विषयाः	पृष्ठाङ्काः
मयूरसारिणीलक्षणम्	७९
रुक्मवतीलक्षणम्	७९
मत्तालक्षणम्	७९
मनोरमालक्षणम्	८०
उपस्थितालक्षणम्	८०
(११) त्रिष्टुप्-	
इन्द्रवज्रालक्षणम्	८१
उपेन्द्रवज्रालक्षणम्	८१
उपजातिलक्षणम्	८२
मतान्तरेणोपजातिलक्षणम्	८३
सुमुखीलक्षणम्	८४
दोधकलक्षणम्	८५
शालिनीलक्षणम्	८५
वातोर्मीलक्षणम्	८६
श्रीलक्षणम्	८६
भ्रमरविलासितलक्षणम्	८७
रथोद्धतालक्षणम्	८७
स्वागतालक्षणम्	८८
वृत्तालक्षणम्	८९
भद्रिकालक्षणम्	८९
श्येनिकालक्षणम्	८९
मौक्तिकमालालक्षणम्	९०
उपस्थितलक्षणम्	९०
(१२) जगती-	
चन्द्रवर्त्मलक्षणम्	९०
वंशस्थलक्षणम्	९१
इन्द्रवंशालक्षणम्	९१
तोटकलक्षणम्	९२
द्रुतविलम्बितलक्षणम्	९२
पुटलक्षणम्	९३
प्रमुदितवदनालक्षणम्	९३
कुसुमविचित्रालक्षणम्	९४
जलोद्धतगतिलक्षणम्	९४
मौक्तिकदामलक्षणम्	९५
भुजङ्गप्रयातलक्षणम्	९६
स्रग्विणीलक्षणम्	९६

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

विषयाः	पृष्ठाङ्काः
प्रियम्वदालक्षणम्	९७
मणिमालालक्षणम्	९७
ललितालक्षणम्	९८
प्रमिताक्षरालक्षणम्	९८
महितोज्ज्वलालक्षणम्	९९
वैश्वदेवीलक्षणम्	९९
जलधरमालालक्षणम्	१००
नवमालिकालक्षणम्	१०१
प्रभालक्षणम्	१०१
मालतीलक्षणम्	१०२
पञ्चचामरलक्षणम्	१०३
अभिनवतामरसनिरूपणम्	१०३
(१३) अतिजगति-	
क्षमालक्षणम्	१०४
प्रहर्षिणीलक्षणम्	१०४
अतिरुचिरालक्षणम्	१०५
मत्तमयूरलक्षणम्	१०६
उपस्थितलक्षणम्	१०६
मञ्जुभाषिणीलक्षणम्	१०७
चन्द्रिकालक्षणम्	१०७
(१४) शक्वरी-	
असम्बाधालक्षणम्	१०८
अपराजितालक्षणम्	१०९
प्रहरणकलिकालक्षणम्	१०९
वसन्ततिलकालक्षणम्	११०
सिंहोन्नतालक्षणम्	१११
इन्दुवदनालक्षणम्	१११
अलोलालक्षणम्	११२
(१५) अतिशक्वरी-	
शशिकलालक्षणम्	११२
स्रग्लक्षणम्	११३
मणिगुणनिकरलक्षणम्	११४
मालिनीलक्षणम्	११४
प्रभद्रकलक्षणम्	११५
एलालक्षणम्	११५
चन्द्रलेखालक्षणम्	११६

विषयाः	पृष्ठाङ्काः
(१६) अष्टिः-	
ऋषभगजविलसितलक्षणम्	११७
वाणिनीलक्षणम्	११७
(१७) अत्यष्टिः-	
शिखरिणीलक्षणम्	११८
पृथ्वीलक्षणम्	११९
वंशपत्रपतितलक्षणम्	११९
हरिणीलक्षणम्	१२०
मन्दाक्रान्तालक्षणम्	१२१
नर्कुटकलक्षणम्	१२२
कोकिलकलक्षणम्	१२२
(१८) धृति-	
कुसुमितलतावेल्लितालक्षणम्	१२३
(१९) अतिधृति-	
शार्दूलविक्रीडितलक्षणम्	१२४
मेघाविस्फूर्जितालक्षणम्	१२५
(२०) कृति-	
सुवदनालक्षणम्	१२६
वृत्तलक्षणम्	१२७
(२१) प्रकृति-	
स्रग्धरालक्षणम्	१२७
(२२) आकृति-	
भद्रकलक्षणम्	१२८
(२३) विकृति-	
अश्वललितलक्षणम्	१२९
मत्ताक्रीडालक्षणम्	१३०
(२४) संकृति-	
तन्वीलक्षणम्	१३०
(२५) अतिकृति-	
क्रौञ्चपदालक्षणम्	१३१
(२६) उत्कृति-	
भुजङ्गविजृम्भितलक्षणम्	१३२
अपवाहलक्षणम्	१३३
दण्डकप्रकरणम्-	
चण्डवृष्टिप्रपातलक्षणम्	१३४
उद्दाशङ्कादिनिरुपणम्	१३५
प्रचितकलक्षणम्	१३६

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

विषयाः	पृष्ठाङ्काः
चतुर्थोऽध्यायः	
(अर्धसमवृत्तात्मकः)	
उपचित्रलक्षणम्	१३८
द्रुतमध्यालक्षणम्	१३९
वेगवतीलक्षणम्	१३९
भद्रविराड्लक्षणम्	१४०
केतुमतिलक्षणम्	१४१
आख्यानकीलक्षणम्	१४२
विपरीताख्यानकीलक्षणम्	१४२
हरिणप्लुतालक्षणम्	१४३
अपरवक्त्रलक्षणम्	१४४
पुष्पिताग्रालक्षणम्	१४४
अपरवक्त्रपुष्पिताग्रयोरभेदकथनम्	१४५
यवमतीलक्षणम्	१४५
पञ्चमोऽध्यायः	
(विषमवृत्तात्मकः)	
पदचतुरूर्ध्वप्रकरणम्-	
पदचतुरूर्ध्वविवेचनम्	१४७
आपीडविवेचनम्	१४९
कलिकाविवेचनम्	१५०
लवलीविवेचनम्	१५१
अमृतधाराविवेचनम्	१५१
उद्गताप्रकरणम्-	
उद्गतानिरूपणम्	१५३
सौरभकनिरूपणम्	१५४
ललितनिरूपणम्	१५५
उपस्थितप्रचुपितप्रकरणम्-	
उपस्थितप्रचुपितनिरूपणम्	१५७
वर्धमाननिरूपणम्	१५८
शुद्धविराड्पभनिरूपणम्	१५९
गाथानिरूपणम्	१६०
दोहानिरूपणम्	१६७

विषयाः	पृष्ठाङ्काः
उत्कटानिरूपणम्	१६७
रोलानिरूपणम्	१६८
गन्धानिरूपणम्	१६८
चतुष्पदानिरूपणम्	१६८
घत्तानिरूपणम्	१६९
षट्पदनिरूपणम्	१६९
पञ्झटिकानिरूपणम्	१७२
नवपदनिरूपणम्	१७२
पद्मावतीनिरूपणम्	१७३
कुण्डलिकानिरूपणम्	१७४
मदनान्तकनिरूपणम्	१७४
द्विपदीनिरूपणम्	१७५
शिखानिरूपणम्	१७५
मालानिरूपणम्	१७६
चूलिकानिरूपणम्	१७६
सौराष्ट्रनिरूपणम्	१७६
काहलिनिरूपणम्	१७६
मधुभारतनिरूपणम्	१७७
आभीरनिरूपणम्	१७७
दण्डकाहलनिरूपणम्	१७७
दीपकनिरूपणम्	१७७
सिंहावलोकनिरूपणम्	१७८
षष्ठोऽध्यायः	
(प्रस्तारात्मकः)	
प्रत्ययविवेचनम्	१७९
प्रस्ताररचनाविधिकथनम्	१७९
नष्टप्रत्ययकथनम्	१८२
उद्दिष्टप्रत्ययकथनम्	१८५
एकद्व्यादिलगक्रियाविवेचनम्	१८८
संख्याप्रत्ययकथनम्	१९८
ग्रन्थस्योपसंहारः	२०३

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

॥श्रीः॥

केदारभट्टविरचितम्

वृत्तरत्नाकरम्

'नारायणी'-'तारा' संस्कृत-हिन्दीव्याख्योपेतम्

अथ प्रथमोऽध्यायः

सुखसन्तानसिद्ध्यर्थं नत्वा ब्रह्माच्युतार्चितम्।
गौरीविनायकोपेतं शङ्करं लोकशङ्करम्॥ १॥
वेदार्थशैवशास्त्रज्ञः पव्येकोऽभूद् द्विजोत्तमः।
तस्य पुत्रोऽस्ति केदारः शिवपादार्चने रतः॥ २॥
तेनेदं क्रियते छन्दो लक्ष्यलक्षणसंयुतम्।
वृत्तरत्नाकरं नाम बालानां सुखबुद्धये॥ ३॥

नारायणी

नत्वा गणेशं वाग्देवीं पिङ्गलं मातरं गुरुम्।
अन्यानपि च भाष्यादिकर्तॄंश्छन्दोविशारदान्॥ १॥
श्रीभट्टरामेश्वरसूरिसूनुर्नारायणः स्वामनुरुध्य बुद्धिम्।
सङ्क्षेपवृत्त्या विवृतिं सुवृत्तरत्नाकरे व्यक्ततया तनोति॥ २॥

विशिष्टशिष्टाचारमूलभूत 'स्वस्ति न इन्द्रो वृद्धश्रवाः' इत्यादिवैदिक-लिङ्गकल्पितश्रुतिप्रमाणकविशिष्टेष्टदेवतानमस्कारजनितनिर्विघ्नतादिस्वनाम-कीर्त्तनपूर्वकं स्वग्रन्थस्य ग्रन्थान्तरैरगतार्थतां च सूचयन् सप्रयोजनकर्तव्यं सामान्यज्ञानपूर्वकविशेषजिज्ञासुप्रवृत्तिसिद्ध्यर्थं सामान्यतः प्रतिजानीते-सुखेत्यादिश्लोकत्रयेण।

सुखेति—ब्रह्माऽच्युताभ्यां=विधातृविष्णुभ्याम्। अर्चितं=पूजितम्। गौर्या=पार्वत्या, विनायकेन=गणाधिपेन चोपेतम्। लोकानां=चतुर्दशभुवनानाम्, भूरादीनां सप्तानां वा। शङ्करं=सुखकर्तारम्। एवंविधं शङ्करं महादेवम्। सुखसन्तानसिद्ध्यर्थं=प्रणामजनिताऽविघ्नतादिसम्भूताऽव्याकुलीभावबुद्धि-वैभवादिजनितसुखपरम्पराप्राप्त्यर्थम्। नत्वा, तेन=केदारेणेदं छन्दः क्रियते इति तृतीयश्लोकेनाऽन्वयः। वेदानामृगादीनाम्। अर्थम्, शैवशास्त्राणि च रुद्रयामलादीनि जानातीत्येवंविधः पव्येकसंज्ञो द्विजोत्तमो ब्राह्मणोत्तमोऽभूत्। तस्य पुत्रः केदारनामा शिवचरणारविन्दपूजनतत्परोऽस्ति। लक्ष्येणोदाहरणेन मात्रावर्णाऽन्यतरनियतात्मकेन छन्दसा, लक्षणेन च तन्नियमकथनात्मकेन छन्दसा तदभिन्नेन संयुतं युक्तम्। लक्ष्यमेव लक्षणमिति विग्रहः। वृत्तरत्नानामाकरः खनिर्यत्र तत्। यद्वा तेषामाकरः समूहो यत्र।

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

'आकरो निवहोत्पत्तिस्थानश्रेष्ठेषु कथ्यते।'

इति विश्वप्रकाशोक्तेः। एतयैवाऽन्वर्थसंज्ञया नाम प्रसिद्धम्। छन्दः =तत्प्रतिपादकत्वाल्लक्षितं तच्छास्त्रम्। बालानां=छन्दःशास्त्राऽज्ञानाम्, सुखेनाऽल्पोपायेन सिद्धये छन्दोज्ञानार्थं क्रियते इत्यर्थः। सुखपदस्य प्रथमप्रयोगादेतच्छ्रावयितृणां श्रोतृणां च सुखाऽतिशयः सूचितः। यद्वा बालप्रतिपत्तेः प्रयोजनत्वेऽपि स्वप्रयोजनत्वाऽभावादेतद्ग्रन्थजनितबालव्युत्पत्तिजनितोपकाराऽदृष्टेन जनिष्यमाणस्वर्गादिसुखपरम्परैव स्वेष्टा स्वग्रन्थप्रयोजनत्वेनाऽनेन निर्दिश्यते। ब्रह्मविष्णुगौरीविनायककीर्तनेन च मङ्गलाऽनन्तरं तदनु स्मृतिरूपं सूचितम्। शङ्करमित्यत्र शंशब्दस्याऽव्ययत्वाद्विभक्तेरन्तत्वाऽभावात्। 'सुपो धातुप्रातिपदिकयोः' (पा० सू० २-४-७१) इति न भवति। द्विजोत्तमग्रहणेन च ब्राह्मणकर्तृत्वादस्य ग्रन्थस्य श्रवणे दोषाऽभावः सूचितः। लक्ष्येत्यादिना लक्ष्येभ्यः काव्यादिभ्यः केवललक्षणेभ्यश्च सूत्रादिभ्यो भिन्नलक्ष्यलक्षणेभ्यश्च वृत्त्यादिभ्योऽतिशयः सूचितः ॥ १-३ ॥

तारा

प्रज्ञावाङ्मनसातीतां स्वाभीष्टसकलप्रदाम्।
प्रणम्य शिरसा शक्तिं राजराजेश्वरीं पराम् ॥ १ ॥
~~स्मरदां~~ मातरं तातं गुरुमेवञ्च प्रेरकम्।
वृत्तरत्नाकरव्याख्यां ताराख्यां ख्यापिताम्यहम् ॥ २ ॥

वेद (ऋगादि चारों वेद-"मन्त्रब्राह्मणयोर्वेदनामधेयम्"-मन्त्र और ब्राह्मण) के ज्ञाता एवं शिवसम्बन्धी शैवशास्त्रों (रुद्रयामलादि) के ज्ञाता पव्येक नामक एक उत्तम ब्राह्मण हुए। उन्हीं के पुत्र केदार हैं। जो सदा भगवान् शङ्कर के चरणों की अर्चना में रत रहते हैं। वही मैं केदार बुद्धि-वैभवादिजनित सुख-परम्परा की सिद्धि के लिए ब्रह्मा एवं विष्णु से अर्चित तथा गौरी-गणेश से संयुत सम्पूर्ण लोकों के मङ्गलकर्ता भगवान् शङ्कर को प्रणाम करके लक्ष्य एवं लक्षणों से युक्त (सोदाहरण परिभाषास्वरूप) वृत्तरत्नाकर नामक छन्दोग्रन्थ बालकों को सुखपूर्वक छन्दों के ज्ञानार्थ निर्माण करता हूँ ॥ १-३ ॥

पिङ्गलादिभिराचार्यैर्यदुक्तं लौकिकं द्विधा।
मात्रावर्णविभेदेन छन्दस्तदिह कथ्यते ॥ ४ ॥

नारायणी-एवं सामान्यतो ग्रन्थकरणं प्रतिज्ञाय पूर्वाऽऽचार्योक्तिमूलकतया स्वकल्पितशङ्काजनितश्रोत्रनादरं निराकर्तुं प्रतिपाद्यमर्थं विशेषतः प्रतिजानीते-

पिङ्गलेति। पिङ्गलेन=सूत्रकर्त्रा, आदिपदाद्भाष्यकारादिभिश्च। आचार्यैरवधेयवचनैः। यल्लौकिकं छन्दो मात्रावर्णविभेदेन=इदं मात्राच्छन्दः आर्यादि, इदं वर्णच्छन्दः सामान्यादि, इति भेदेन। द्विधा=द्विप्रकारमुक्तं तच्छन्दः। इह=ग्रन्थे, कथ्यते इत्यर्थः। लौकिकशब्देन वेदवेदाङ्गाऽनधिकारिणाम् त्रैवर्णिकेतराणामप्यस्मिन् ग्रन्थेऽधिकार इति दर्शयति। वर्णग्रहणेन च 'मात्राच्छन्दो

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

गणच्छन्दः' इति कैश्चिदुक्तो द्वेधा विभागः पराकृतः। तादृशविभागे ह्येकाक्षराणां श्रचादीनामसङ्ग्रहाऽऽपत्तेः। वर्णच्छन्दस्त्वेन विभागे च गणच्छन्दसामपि सङ्ग्रहादिति भावः। अन्ये तु गणमात्राक्षरच्छन्दस्त्वेन त्रैविध्यमाहुः। यदुक्तम्–

आदौ तावद् गणच्छन्दो मात्राच्छन्दस्ततः परम्।
तृतीयमक्षरच्छन्दश्छन्दस्त्रेधा तु लौकिकम् ॥ इति।

गणच्छन्द आर्यादि, मात्राच्छन्दो वैतालीयादि, अक्षरच्छन्दः सामान्यादीति। तदप्यनेन पराकृतम्, गणच्छन्दसामपि मात्राच्छन्दःसु सङ्ग्रहात् ॥ ४ ॥

तारा–आचार्य पिङ्गल (सूत्रकार) तथा भाष्यकार (वृत्तिकार) आदि आचार्यों ने जो मात्रा और वर्ण के भेद से दो प्रकार के लौकिक छन्द कहे हैं, उन्हीं का मैं इस ग्रन्थ में वर्णन करता हूँ ॥ ४ ॥

विशेष–गायत्री आदि सात छन्द वैदिक भी हैं और लौकिक भी। अतः इस ग्रन्थ में मात्र लौकिक गायत्री आदि छन्दों का ही वर्णन है। यद्यपि कुछ आचार्यों ने **'गणमात्रावर्णभेदाच्छन्दस्त्रिविधम्'** कहा है। इनके अनुसार गणछन्द आर्यादि, मात्राछन्द वैतालीयादि तथा वर्णछन्द श्रीप्रभृति हैं। किन्तु गणछन्दों का मात्राछन्दों में ही अन्तर्भाव हो जाने से मात्रा एवं वर्ण दो ही प्रकार के छन्द माने गये हैं। यदि 'मात्रावर्ण' के स्थान पर 'मात्रागण' कहा जाता तो एकाक्षर छन्दों 'श्री' आदि छन्दों में लक्षण घटित नहीं हो पाता, क्योंकि इनमें आठ गणों वाला अथवा पाँच गणोंवाला कोई भी गण नहीं बनता। इसलिए मात्रा और वर्ण के भेद से दो भेद किये गये। वर्ण के अन्तर्गत श्रीप्रभृति एकाक्षर छन्दों में भी लक्षण घटित हो जाता है। यद्यपि लक्षणविधान में गणों को ही आधार मानकर छन्दों की व्यवस्था है, तथापि 'आर्या' आदि छन्दों में गुरु और लघु को मात्रारूप में मानकर पाँच गण बनाये गये हैं। तथा 'उक्ता' आदि छन्दों में गुरु–लघु को वर्णरूप में मानकर आठ गण बनाये गये हैं। अतः **'मात्रावर्णविभेदेन'** विधान किया गया है ॥ ४ ॥

षडध्यायनिबद्धस्य छन्दसोऽस्य परिस्फुटम्।
प्रमाणमपि विज्ञेयं षट्त्रिंशदधिकं शतम् ॥ ५ ॥

नारायणी—यस्या=आर्याया आद्यं गणत्रयं लङ्घयित्वा परतो यत्र क्वचिद् द्वयोः शकलयोरर्धयोर्व्यस्तयोः समस्तयोर्वा पादयोर्यतिः स्यात्, तामार्यामित्येवं प्रकारतया पिङ्गलनागो विपुलां समाख्याति कथयति। 'विपुलान्या' (पिं. सू. ४-२३) इति सूत्रे इतिशब्दं प्रकारवचनमङ्गीकृत्य व्याख्येयम्। तेन इतिनाऽनुक्तत्वा-द्विपुलामिति कर्मणि द्वितीयाया न विरोधः। प्रकारवाचिनेतिशब्देन चपलादीनामपि गणत्रयानन्तरविरामत्वप्रकारे सति विपुलात्वमपि भवतीति सङ्कीर्णभेदा अपि सङ्गृहीताः। इयं च त्रिविधा। पूर्वार्धे एव त्रिगणानन्तरविरामा मुखविपुला, उत्तरार्धे एव तादृग्जघनविपुला, उभयोरर्धयोस्तादृगुभयविपुलेति। इयमेव महाविपुलापि। अत्र 'षष्ठे' (वृ. १-२) इत्यादिमूलस्थाद्या। द्वितीया ममैव यथा—

करुणाविषये करुणां करुणावरुणालयाशु मयि धेहि।
राघव! करुणाशीलवतां विषमा न मनसो वृत्तिः॥

तृतीया मूलस्यैव॥ ४॥

तारा—जिस आर्या के तीन गणों का उल्लंघन करके अर्थात् तीन गणों के पश्चात् कहीं भी दोनों भागों (पूर्वार्द्ध-उत्तरार्द्ध) में यति (विराम) हो तो उसे **'पिंगलनाग'** नामक आचार्य **'विपुला'** छन्द कहते हैं। यथा—

विशेषः—लक्षणश्लोक ही उदाहरण-स्वरूप भी है। इसमें दोनों भागों में (पूर्वार्द्ध एवं उत्तरार्द्ध में) तृतीय गण से हटकर ही यति (विराम) निर्दिष्ट है। मात्रिकगण बनाकर घटित कर लेना चाहिए। अर्थात् पूर्वार्द्ध में तृतीय गण पर यति न होकर **'मं'** पर यति है। उत्तरार्द्ध में भी तृतीय गण पर यति नहीं है, **'गो'** पर यति है। शेष लक्षण सामान्य आर्या के दोनों भागों में पूर्णतः घटित है। दूसरा उदाहरण निम्न आर्या है—

ऽ ऽ ।। ।।। । ऽ । ऽ । ऽ ऽ । ऽ । ऽ ।। ऽ

या स्त्रीकुचकलशनितम्बमण्डला, जायते महाविपुला।
गम्भीरनाभिरतिदीर्घलोचना, भवति सा सुभगा॥

इस आर्या छन्द में प्रथम पाद तृतीय गण की समाप्ति **'तं'** पर पूर्ण नहीं होता, प्रत्युत आगे चलकर **'ला'** पर पूर्ण होता है। इसी प्रकार तृतीय पाद भी तृतीय गण **'दी'** पर ही पूर्ण न होकर आगे **'ना'** पर पूर्ण होता है। अतः यति-विधान अर्थात् पाद-समाप्ति दोनों भागों में लंघित है। इससे यह 'विपुला आर्या' का उदाहरण है॥ ४॥

१ २ज० ३ ४ज० ५ ६ ७ गु०



उभयार्धयोर्जकारौ द्वितीयतुर्यौ गमध्यगौ यस्याः।

चपलेति नाम तस्याः प्रकीर्तितं नागराजेन॥ ५॥

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

नारायणी–यस्यां द्वयोरर्धयोर्व्यस्तयोः समस्तयोर्वा द्वितीयचतुर्थौ गणौ पश्चात्पुरःस्थितगुरुमध्यगतौ जगणौ स्याताम् साऽऽर्या चपला। एतदुक्तं भवति प्रथमो गणो द्विगुरुरन्त्यगुरुर्वा, तृतीयो द्विगुरुः, पञ्चमो द्विगुरुरादिगुरुर्वा, द्वितीयचतुर्थौ मध्यगुरु इति नियतमस्यामिति। अत्राद्यार्धे प्रथमे द्वौ विकल्पौ (ऽऽ, ।। ऽ), द्वितीय एकः (।ऽ।), तृतीयेऽप्येकः (ऽऽ), चतुर्थेऽप्येकः (।ऽ।), पञ्चमे द्वौ (ऽऽ, ऽ॥), षष्ठे द्वौ (।ऽ।, ।।।), सप्तमे चत्वारः (ऽऽ, ॥ऽ, ऽ॥, ।।।), अष्टमे गुरुरेव। अन्योन्यगुणने द्वात्रिंशत्। उत्तरार्धे षष्ठस्य लघुमात्रत्वात्षोडश। उभयार्धविकल्पानामन्योन्यगुणने द्वादशाऽधिका पञ्चशती विकल्पानाम्; अङ्कतोऽपि ५१२॥ ५॥

तारा–जिस आर्या छन्द के उभय भागों अर्थात् पूर्वार्द्ध तथा उत्तरार्द्ध में द्वितीय एवं चतुर्थ गण जगण हो और वह जगण दो गुरुओं के मध्य में हो अर्थात् जगण के पूर्व तथा उत्तर दोनों ओर गुरु हो तो उसे नागराज आचार्य ने **'चपला'** नाम का आर्या कहा है।

विशेष–लक्षण-श्लोक में ही उदाहरण घटित है, द्वितीय तथा चतुर्थ गण दोनों अर्द्धभागों में जगण है और दोनों भागों के जगणों के पूर्व तथा उत्तर दोनों भागों में गुरु है। अर्थात् चारों जगण गुरु के मध्य में है। यथा–

ऽ।ऽ।ऽ ऽ।ऽ।ऽ ऽ।ऽ।ऽ ऽ।ऽ।ऽ

'यार्धयोर्जका' 'रौ द्वितीयतुर्' 'लेतिनामतस्' 'याप्रकीर्तितम्' अथवा गुरुमध्यवाला जगण (वर्णगण) होना चाहिए। उदाहरणान्तर निम्न आर्या है–

।।ऽ। ऽ ।ऽऽ। ऽ ।ऽऽ। ऽ।ऽ ऽऽ

चपला न चेत् कदाचिन्नृणां भवेद्भक्तिभावना कृष्णे।
धर्मार्थकाममोक्षास्तदा करस्था न सन्देहः॥

इस आर्या छन्द के उभय भागों में द्वितीय गण **'न चेत्क'** तथा चतुर्थ गण **'नृणां भ'** उत्तरार्द्ध में भी द्वितीय गण **'र्थकाम'** व चतुर्थ गण **'तदाक'** मध्य गुरु वाला जगण (वर्णगण) है। अथवा यह जगण दो गुरु वर्ण **'ला-दा'** व **'चिन्-वेद्'** के मध्य में है। अतः यह पद्य **'चपला'** आर्या का उदाहरण है॥ ५॥

१ २ज० ३ ४ज० ५ ६ ७ गु०
ऽ ऽ।ऽ।ऽ ऽ।ऽ।ऽ ।।ऽ।ऽ ऽ ऽ

आद्यं दलं समस्तं भजेत लक्ष्म चपलागतं यस्याः।

१ २ ३ ४ ५ ल० ७ गु०
ऽऽ ऽ।।ऽ ऽ ।।।ऽ ऽ।ऽ ।।ऽ

शेषे पूर्वजलक्ष्मा मुखचपला सोदिता मुनिना॥ ६॥

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

नारायणी–मुखविपुलादीनां सूत्रकारानुक्तत्वात्स्वयं स्फुटतया लक्षणाऽनुक्तावपि चपलाभेदौ सूत्रोक्तत्वाल्लक्षयति–**आद्यमिति**। यस्या आर्याया आद्यं प्रथमं दलमर्धं चपलानिष्ठं लक्ष्म लक्षणं भजेत्। शेषे द्वितीयार्धे पूर्वजं सामान्यार्याभवं लक्ष्म यस्याः सा तथा सा मुनिना पिङ्गलेन मुखचपलोक्ता। अत्र चपलापूर्वार्धविकल्पानां द्वात्रिंशतामार्याऽपरार्धविकल्पानां चतुःषष्टिशतरूपाणां परस्परताडनेन द्वौ लक्षौ चत्वारि सहस्राणि अष्टौ शतानि च विकल्पा भवन्ति। अङ्कतोऽपि २०४८०० ॥ ६ ॥

तारा–जिस आर्या छन्द का सम्पूर्ण पूर्वार्द्ध भाग चपला नामक आर्या के समान हो तथा उत्तरार्द्ध भाग सामान्य आर्या छन्द के लक्षण से युक्त हो तो मुनि ने उसे '**मुखचपला**' नाम से कहा है।

विशेष–लक्षण–श्लोक ही पूर्वार्द्ध भाग चपला के लक्षणों से युक्त है तथा द्वितीयार्द्ध भाग उत्तरार्द्ध सामान्य आर्या लक्षणों वाला है। अतः '**मुखचपला**' का उदाहरण भी यही है। षष्ठ गण लघु है।

उदाहरणान्तर निर्दिष्ट आर्या में देखें–

ऽ ।।। ऽ ।ऽऽ ।ऽ ।ऽऽ।ऽ ।ऽ ऽऽ

नन्दसुत वञ्चकस्त्वं, दृढं न ते प्रेम गच्छ तत्रैव।

ऽ। ।।। ऽ ऽऽ ऽ। ।ऽऽ। ।।।।ऽ

यत्र भवति ते रागः कापि जगादेति मुखचपला॥

इस आर्या में पूर्वार्द्ध चपला आर्या के समान द्वितीय व चतुर्थ गण '**तवञ्च**' तथा '**दृढं न**' वर्णगण जगण है और उत्तरार्द्ध सामान्य आर्या के समान षष्ठ गण एक लघुवाला तथा अन्तिम वर्ण गुरु है। अतः यह आर्या '**मुखचपला**' आर्या का उदाहरण समझें॥ ६॥

१ २ ३ ४ ५ ६ ७ गु०

ऽ । । ऽ । ।ऽ ऽ । । ऽ । । ऽ । ऽ । । । ऽ ऽ

प्राक्प्रतिपादितमर्धं प्रथमे प्रथमेतरे तु चपलायाः।

१ २ ज० ३ ४ज० ५ ल० ७ गु०

ऽ ऽ । ऽ । ऽ ऽ । ऽ । ऽ ऽ । । । । । ऽ

लक्ष्माश्रयेत सोक्ता विशुद्धधीभिर्जघनचपला॥ ७ ॥

नारायणी–प्राक्प्रतिपादितं पूर्वोक्तं लक्ष्मसामान्यलक्षणं प्रथमार्धे भवति। प्रथमेतरे द्वितीयार्धे चपलाया लक्षणं भवति, साऽऽर्या विशुद्धा विवेकचतुरा धीर्बुद्धिर्येषां तैः पिङ्गलादिभिर्जघनचपलोक्ता। अत्रापि चपलायामिवोत्तरार्धविकल्पाः षोडश। पूर्वार्धे त्वष्टशताधिकद्वादशसहस्रसङ्ख्या आर्यापूर्वार्धविकल्पा अविकृता एव। परस्परं गुणने द्वौ लक्षौ चत्वारि सहस्राणि अष्टौ शतानि विकल्पाः।

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

अङ्कतोऽपि २०४८०० । उभयार्धयोश्चपलालक्षणयोगे महाचपला । सा च प्रथमैव मूले । अत्र चैका पथ्या विपुलाभेदत्रयं चेति चत्वारो भेदाः । पुनश्चैत एव प्रत्येकं चपलाभेदत्रयेण सम्पन्नाः सन्तो द्वादश। एवं मिलित्वा षोडशाऽऽर्याभेदाः स्थूलदृशां भवन्ति । एषां भेदानां मध्येऽनुक्तोदाहरणानि स्वबुद्ध्या ग्रन्थान्तराच्चात्रा-ऽवगन्तव्यानि । अस्माभिस्तूक्तप्रायत्वाद् ग्रन्थविस्तारभयाच्च नोक्तानि ॥ ७ ॥

इति श्रीनारायणभट्टविरचितायां वृत्तरत्नाकरटीकायामार्याप्रकरणम्।

तारा-प्रथम अर्द्ध-पूर्वार्द्ध भाग में जहाँ सामान्य आर्या छन्द का लक्षण घटित होता हो तथा द्वितीय उत्तरार्द्धभाग में 'चपला' छन्द के लक्षण हों तो उसे विशुद्धबुद्धि विद्वानों ने 'जघनचपला' नाम से कहा है।

विशेष-'प्राक् प्रतिपादितमर्धे' लक्षणश्लोक ही जघनचपला का उदाहरण भी समझें। इसका पूर्वार्द्ध सामान्य आर्या छन्द के लक्षणों से युक्त तथा उत्तरार्द्ध चपला के लक्षणों से युक्त है। अतः यही उदाहरण भी हुआ। अन्य उदाहरण यह है-

ऽ ऽ ऽ ऽ ।ऽ ऽ। । । । ऽ । । । । । ऽ ऽ

कृष्णः शृङ्गारपटुर्यौवनमदरागचपलतालिताङ्गः।

ऽ ऽ । ऽ । ऽ ऽ । ऽ । ऽ । । । । । ऽ ऽ

आसीद् व्रजाङ्गनानां मनोहरो जघनचपलानाम्॥

इस छन्द के पूर्वार्द्ध भाग में आर्या का सामान्य लक्षण 'सप्त गण तथा अन्तिम एक गुरु' है। किन्तु उत्तरार्द्ध में चपला का लक्षण द्वितीय (व्रजाङ्ग) व चतुर्थ (मनोहर) गण मध्यगुरु वाला वर्णगण जगण घटित होता है। अतः यह आर्या जघनचपला आर्या छन्द कहा गया है॥ ७॥

इत्यार्याप्रकरणम्॥

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

गीतिप्रकरणम्

१ २ ३ ४ ५ ६ज० ७ गु०

ऽऽ।।।।ऽ ऽ।। ।। ।। ऽ।ऽ ।ऽ।। ऽ

आर्याप्रथमदलोक्तं यदि कथमपि लक्षणं भवेदुभयोः।

१ २ ३ ४ ५ ६ज० ७ गु०

।।ऽ ।।।। ऽ ऽ ऽ ऽऽ ऽ।ऽ ।ऽ ऽऽ

दलयोः कृतयतिशोभां तां गीतिं गीतवान्भुजङ्गेशः॥ ८ ॥

नारायणी–अथार्यालक्षणज्ञानपूर्वकज्ञेयस्वरूपत्वात्कैश्चिदार्याभेदत्वाङ्गीकाराद्गीतीर्लक्षयति–आर्येति। तदाशब्दोऽत्राध्याहार्यो यदिशब्दयोगाय। तथा च यद्यार्याप्रथमार्धोक्तलक्षणमुभयोरर्धयोः कथमपि विकल्पितषष्ठजगणचतुर्लघुगणान्यतमप्रकाराश्रयणेनाऽपि भवेत् तदा कृतयतिशोभां कृता यत्या विच्छेदात्मिकया शोभा श्रुतिसौभाग्यं यस्यास्ताम्। एतेनार्योक्तौ यस्तत्तद्गणविशेषे सति विरामविशेषः सोऽप्यस्यां भवतीति दर्शितम्। भुजङ्गेशः पिङ्गलस्तां गीतिं गीतवानुक्तवान्। 'आद्यार्धसमा गीतिः' (पिं. सू. ४-२८) इति सूत्रेणेत्यर्थः। ततश्चात्र द्वितीयार्धेऽपि पूर्णाः सगुरवः सप्त गणाः। न तु षष्ठे लघुमात्रमित्यादि ज्ञेयम्। इयमेका पथ्या, तिस्रो विपुलाः, द्वादश चपलाः। एतत्पूर्वोक्तत्वात्षोडशधा। तत्र पथ्यागीतिर्मूले। अन्याः स्वयमुदाहार्याः। अत्राद्यार्धमार्यावत्। द्वादश सहस्राण्यष्टौ शतानि च विकल्पाः। उत्तरार्धेऽपि तावन्त एव। परस्परहतौ कोटयः षोडशाऽष्टत्रिंशल्लक्षाश्चत्वारिंशत्सहस्राणि च विकल्पाः। अङ्कतोऽपि १६३८४०००० ।

पथ्यागीत्यादिषु चतुर्षु भेदेष्वियं संज्ञया ज्ञेया। द्वादशसु चपलागीतिषु पूर्वापरार्धविकल्पघाते सङ्ख्या स्वयमूह्या॥ ८॥

आर्या–यदि सामान्य आर्या के प्रथमार्द्ध का लक्षण दोनों भागों–पूर्वार्द्ध एवं उत्तरार्द्ध में किसी प्रकार घटित हो जाय, तथा यति (विराम) चिह्न भी दोनों में सामान्य आर्या के ही समान हो तो आचार्य नागराज ने उसे 'गीति' छन्द के नाम से कहा है।

विशेषः–लक्षणकारिका के दोनों भागों में सामान्य आर्या के पूर्वार्द्ध के लक्षण घटित हैं, यति (विराम) चिह्न भी उसी के समान दोनों भागों में है। अतः यही इसका स्पष्ट उदाहरण भी है। अन्य उदाहरण निम्न आर्या है–

ऽ।।ऽ।। ऽऽऽ।।ऽ ।।ऽ।ऽ ।।ऽ

केशववंशजगीतिर्लोकमनोहरणहारिणी जयति।

ऽऽऽऽऽऽ।ऽ।ऽ ऽ।ऽ।ऽ ऽऽ

गोपीमानग्रन्थेर्विमोचनी दिव्यगायनाश्चर्या॥

इस आर्या के दोनों भागों में सामान्य आर्या के पूर्वार्द्ध का लक्षण सप्त गण व अन्तिम एक गुरु है। अतः यह 'आर्या' गीति है ॥ ८ ॥

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust



आर्याद्वितीयकेऽर्धे यद्गदितं लक्षणं तत्स्यात्।



यद्युभयोरपि दलयोरुपगीतिं तां मुनिर्ब्रूते ॥ ६ ॥

नारायणी-अत्रापि तदेति शेषः। यद्यार्याद्वितीयार्धे यदुक्तं लक्षणं षष्ठलघ्वादि, तदुभयोरर्धयोः स्यात्। तदोपगीतिं पिङ्गलः 'अन्त्येनोपगीतिः' (पिं. सू. ४-७६) इत्यत्राहेत्यर्थः। अस्यां पूर्वार्द्धे षट्सहस्राणि चत्वारिंशतानि विकल्पाः। उत्तरार्धेऽपि तावन्त एव। अन्योन्यघाते चतस्रः कोट्यो नव लक्षाः षष्टिः सहस्राणां विकल्पाः। अङ्कतोऽपि ४०६६०००० ॥ ६ ॥

तारा-आर्या के द्वितीय भाग उत्तरार्द्ध में जो लक्षण कहे गये हैं वही लक्षण यदि किसी प्रकार उभयभागों-पूर्वार्द्ध-उत्तरार्द्ध में भी हो जाँय तो मुनि ने उसे 'उपगीति' छन्द के नाम से कहा है।

विशेषः-इसका उदाहरण भी इसकी लक्षण-कारिका ही है। इसके दोनों भाग-पूर्वार्द्ध-उत्तरार्द्ध में सामान्य आर्या के उत्तरार्द्ध के लक्षण घटित हैं। अतः यही 'उपगीति' का उदाहरण भी है। अन्य उदाहरण देखें-

।।ऽ।ऽ।ऽऽ ऽऽ ऽऽ ।ऽऽऽ
नवगोपसुन्दरीणां रासोल्लासे मुरारातिम्।
ऽऽ।।।।ऽऽ ऽ।।ऽऽ।ऽ ऽऽ
अस्मारयदुपगीतिः स्वर्गकुरङ्गीदृशां गीतेः॥

इस आर्या छन्द के दोनों भागों में आर्या के उत्तरार्द्ध का सामान्य लक्षण 'षष्ठ वर्ण एक लघुवाला व अन्तिमवर्ण गुरु और सात ही गण' पूर्णरूपेण घटित होता है। अतः यह 'उपगीति' आर्या छन्द है ॥ ६ ॥



आर्याशकलद्वितयं व्यत्ययरचितं भवेद्यस्याम्।



सोद्गीतिः किल कथिता तद्वद्यत्यंशभेदसंयुक्ता ॥ १० ॥

नारायणी-आर्यार्धद्वयं यस्या व्यत्ययेन विपर्यासेन यत्पूर्वार्धं तदुत्तरार्धम् यदुत्तरार्धं तच्च पूर्वार्धमित्येवंरूपेण रचितम्, सा किलेति प्रसिद्धा। उद्गीतिरुक्ता। तेनैव तद्वदिति पथ्याद्यार्याभेदवदेव यत्या विरामेण योंऽशभेदः पादभेदस्तेन युक्तेत्यर्थः। अत्रार्यावद्विकल्पसङ्ख्या। यथा-८१६२०००० ॥ १० ॥

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

तारा-जहाँ सामान्य आर्या के लक्षणों का व्यत्यय हो जाय, अर्थात् पूर्वार्द्ध का लक्षण उत्तरार्द्ध में तथा उत्तरार्द्ध का लक्षण पूर्वार्द्ध में हो, इस प्रकार दोनों में वैपरीत्य हो और यति (विराम) चिह्न पूर्ववत् बने रहें, वहाँ 'उद्गीति' छन्द कहलाता है।

विशेषः-प्रस्तुत लक्षणकारिका में सामान्य आर्या के लक्षणों का व्यत्यय (उलटा) हुआ है तथा यति (विराम) चिह्न पूर्ववत् बने हैं। अतः यह 'उद्गीति' छन्द का उदाहरण भी है। उदाहरणान्तर निम्न आर्या में समझें-

ऽ ऽ।ऽ । ऽ।।ऽ ऽ ऽ ऽ ।ऽ ऽ ऽ

नारायणस्य संततमुद्गीतिः संस्मृतिर्भक्तचा।

ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ।।ऽ ऽ।ऽ।ऽ ।।ऽ

आचार्यामासक्तिर्दुस्तरसंसारसागरे तरणिः॥

इस आर्या पद्य में पूर्वार्द्ध-उत्तरार्द्ध के लक्षणों का व्यत्यय हुआ है अर्थात् प्रथमार्द्ध का लक्षण 'सप्त गण व एक गुरु' उत्तरार्द्ध में घटित है तथा उत्तरार्द्ध का लक्षण 'सप्त गण, षष्ठ गण एक लघुवाला व अन्तिम वर्ण गुरु' पूर्वार्द्ध में है। अतः इस क्रम का व्यतिक्रम होने के कारण यह 'उद्गीति' आर्या का उदाहरण है॥१०॥

१ २ ३ ४ ५ ६ ७ गु० गु०

ऽ ऽऽ ऽ ऽ ।। ।।ऽ ऽ ऽ।ऽ ।।ऽ ऽ ऽ

आर्यापूर्वार्द्धं यदि गुरुणैकेनाधिकेन निधने युक्तम्।

१ २ ३ ४ ५ ६ ७ गु० गु०

।।ऽ ऽ ऽ।। ऽ ।ऽ ।ऽ ।।ऽ।ऽ ऽ ऽ ऽ

इतरत्तद्वन्निखिलं दलं यदीयमुदितेयमार्यागीतिः॥ ११॥

नारायणी-आर्यापूर्वार्धं यद्येकेनाधिकेन गुरुणा निधने अन्ते युक्तं स्यात्। इतरच्च द्वितीयं समस्तं यदीयमर्धं तद्वत्पूर्वार्धवदियमार्यागीतिरिति मुनिनोक्ता। आर्यायां हि पूर्वार्धे सगुरुकाः सप्त गणाः। इह तु पूर्णा अष्टौ गणा अर्धद्वयेऽपि भवन्ति। अन्तिमस्तु गणो द्विगुरुरेव। अन्यत्सर्वमार्यापूर्वार्धतुल्यमेवेति भावः। अत्रार्यापूर्वार्धविकल्पानामष्टमगणे विकल्पाभावात् परस्परताडने जातोऽङ्को द्वादशसहस्राण्यष्टौ शतानि च पूर्वार्धे उत्तरार्धेऽपि तावदेव। अन्योन्यहतौ जाता मुख्यगीतिवद् भेदसङ्ख्या। अङ्कतोऽपि १६३८४०००००।

केचित्त्वत्रोत्तरार्धेऽर्धशब्दमपठित्वा इतरदार्याया एवोत्तरार्धं तद्वदन्तेऽधिकैकगुरुयुक्तं स्यात्साऽऽर्यागीतिरिति। आर्यापूर्वार्धमित्यत्र समस्तमप्यार्याशब्दं षष्ठ्यन्तं समासान्निष्कृष्टमनुषज्य पूर्वार्धस्याष्टगणत्वेन 'द्वात्रिंशन्मात्रताम्' उत्तरार्धस्यैकोनत्रिंशन्मात्रतां चाभिप्रेत्य व्याचक्षते। भवतु, नामैतद्व्याख्याकौशलम्, किं तु बहूनामसम्मतम्, सूत्राननुगुणं च 'अर्धे वसुगण आर्यागीतिः।' (पि. सू. ४-६१) इति हि सामान्यतोऽर्धे वसुगणेऽष्टगणे सतीति। यद्वा द्वे अप्यर्धे यद्यष्टगणे स्यातामिति सूत्रकार आह। कैश्चित्त्वियं सङ्गीतिरिति संज्ञिता। अपरैः स्कन्धकमिति।

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

गीतीनामप्यार्यापूर्वकत्वादार्यात्वमस्त्येव। एताश्चतस्रोऽपि गीतयः प्रत्येकं पथ्यादिपूर्वोक्तषोडशप्रकारार्यासम्भिन्नतया षोडशेति मिलिताश्चतुःषष्टिः। पूर्वाश्च षोडशार्या इति मिलित्वाऽशीतिः। तदुक्तं हलायुधेन–

एकैव भवति पथ्या तिस्रो विपुलास्ततश्चतस्रस्ताः।
चपलाभेदैस्त्रिभिरपि भिन्ना इति षोडशार्याः स्युः॥
गीतिचतुष्टयमित्थं प्रत्येकं षोडशप्रकारं स्यात्।
साकल्येनार्याणामशीतिरेवं विकल्पाः स्युः॥ इति।

छन्दोविचितौ त्वेकादशाऽपरे गीतिभेदाः प्रदर्शिताः। ते यथा, आर्यैव–दलद्वयेऽप्यधिकैकगुरुयुता सङ्गीतिः। ममैव यथा–

आगमविद्यैकनिधिर्विबुधेन्द्रशतैरधीतनिगमविलासः।
रामेश्वरभट्टगुरुर्जयति पिता मे पितामहतुल्यः॥ (१)

पूर्वार्ध एवाधिकैकगुरुयुक् सुगीतिर्नाम। पितामहगुरुरिति पठित्वा पूर्वमेवोदाहरणम्। (२) यद्युत्तरार्ध एव तादृक्तदा प्रगीतिर्नाम। 'अधीतनिगमार्थः' इति पठित्वा प्रथममेवोदाहार्यम् (३) सुगीतिरेव व्यत्यस्तार्धा मञ्जुगीतिः। सुगीत्युदाहरणमेव व्यस्तार्धं ज्ञेयम्। (४) प्रगीतिरेव व्यत्यस्तार्धं मञ्जुगीतिः। प्रगीत्युदाहरणं व्यत्यस्तार्धमत्रोदाहरणम्। (५) यद्युपगीतिरर्धद्वयेऽप्यधिकैकगुरुयुक् स्यात्तदा विगीतिः। ममैव यथा–

विषयान्विषधरविषमान्संस्मृतिमपि नीरसां ज्ञातवतः।
संसारसारभूते दशरथबाले मतिः स्थैर्यमीयात्॥ (६)

यद्युद्गीतिर्द्वयोरप्यर्धद्वयेऽप्यधिकगुरुयुक्ता तदा चारुगीतिः। अत्र पूर्वोक्तं सङ्गीत्युदाहरणमेव विपर्यस्तार्धं ज्ञेयम् (७)। आर्यागीतेरेवैकगुरुहीनोत्तरार्धतार्या वल्लरीत्वम्। ममैव यथा–

पीनोन्नतकुचकलशा पीवरजघनोरुभारमन्थरयाता।
पश्यन्ती प्रणयदृशा तरुणी कं वा न चालयेत्पुरुषम्॥ (८)

तस्या एव पूर्वार्ध एव तथात्वे ललितेतिसंज्ञा अर्धयोर्व्यत्यासेनाऽनन्तरमेवोदाहरणम् (९) उपगीतिरेवाद्यार्धेऽधिकैकगुरुयुता प्रमदा नाम। ममैव यथा–

यस्य विलासवतीनां केलिकलाकौशले रतिविरतिः।
मैथुनमात्ररसज्ञः शृङ्गविहीनः पुमान्स पशुः॥ (१०)

सैवोत्तरार्धेऽधिकैकगुरुयुता चन्द्रिका नाम। व्यत्यस्तार्धे पूर्वमेवोदाहरणम् (११) एतासामपि पूर्वोक्तपथ्यादिषोडशार्याणां सम्भिन्नतया प्रत्येकं षोडशधात्वे सति सङ्ख्या १७६। एतासामुदाहरणानि स्वयमूह्यानि। विस्तरभयात्तु नोच्यन्ते। पूर्वोक्तानां चतुर्विधगीतानां च तथैव षोडशधात्वे सङ्ख्या ६४ ऐक्ये गीतिसङ्ख्या २४०। पूर्वोक्तषोडशशुद्धार्याभेदैक्ये सङ्ख्या २५६ ॥ ११ ॥

॥ इति श्रीनारायणभट्टविरचितायां वृत्तरत्नाकरटीकायां गीतिप्रकरणम्॥

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

तारा–यदि सामान्य आर्या छन्द का पूर्वार्द्ध अन्त में एक गुरु अधिक से युक्त हो जाय। अर्थात् आर्या के पूर्वार्द्ध में सात गणों के पश्चात् एक गुरु की अपेक्षा दो गुरु हो जाँय, अन्य स्थिति दोनों भागों की यथावत् बनी रहे तो उसे आचार्यों ने '**आर्या गीति**' नाम से कहा है।

विशेषः–उपर्युक्त इसी लक्षणकारिका में पूर्वार्द्ध के अन्त में एक गुरु अधिक है। अर्थात् सात गण 'निधने' पर पूर्ण हो जाते हैं। तत्पश्चात् 'युक्तम्' में दो गुरु हैं। इस प्रकार एक गुरु तो सामान्य आर्या के पूर्वार्द्ध में सात गणों के अनन्तर रहता ही है, किन्तु यहाँ अन्त में दो गुरु हैं। अतः यही '**आर्या गीति**' का उदाहरण भी हो गया। उदाहरणान्तर निर्दिष्ट आर्या है–

ऽ ऽ ऽ । । । ऽ । ऽ । ऽ ऽ । ऽ । ऽ । । ऽ ऽ

हर्षाश्रुस्तिमितदृशः प्रमोदरोमाञ्चकञ्चुकाञ्चितदेहाः।

ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ । । । ऽ ऽ ऽ गु.

आर्यागीतिं भक्ता गायन्ति श्रीपतेश्चरितसम्बद्धाम्॥

इस उद्धृत आर्या के पूर्वार्द्ध में 'सप्त गण व दो गुरु' हैं, इसी प्रकार उत्तरार्द्ध में भी समान रूप से लक्षण घटित है। अतः यह आर्या '**आर्यागीति**' छन्द का उदाहरण है॥११॥

॥ इति गीतिप्रकरणम्॥

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

वैतालीयप्रकरणम्

६मात्राः र० ल० गु० ८मात्राः र० ल० गु०

ऽ ।।ऽ ऽ । ऽ ।ऽ ऽ । । ऽ ऽ ऽ ।ऽ।ऽ

षड्विषमेऽष्टौ समे कलास्ताश्चसमे स्युर्नो निरन्तराः।

। । ऽ । ।ऽ । ऽ । ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ । ऽ ।ऽ

न समाऽत्र पराश्रिता कला वैतालीयेऽन्ते रलौ गुरुः॥ १२॥

नारायणी-मात्राच्छन्दसां प्रकृतत्वाद्वैतालीयप्रकरणमारभते-षडिति।

वैतालीये छन्दसि विषमे, अर्थात्पादे, प्रथमे तृतीये च षट् कला मात्राः स्युः। समे पादे द्वितीये चतुर्थे चाष्टौ कलाः स्युः। अन्ते उक्तानां कलानामन्ते परस्ताद् रलौ रगणलघू गुरुश्च भवतीति वैतालीयस्वरूपपरिच्छेदः। एतदुक्तं भवति विषमे पादे चतुर्दश, समे च षोडश मात्राः कार्याः। तन्मध्येऽन्तिमा अष्टौ मात्रा रेफलघुगुरुभिः कार्या इति। विषमे पश्चात्षट् समेऽष्टौ अवशिष्यन्ते, तासां निवेशने नियमविशेषमाह-ताश्चेति। समे ताः षट् कला निरन्तरा नो न स्युः केवलाः षट् लघव एव न कार्याः किं तु गुरुमिश्रा इत्यर्थः। समे विशेषोक्त्या विषमे स्वरुचिः। अत्राऽवशिष्टासु च कलासु षट्स्वष्टसु च कला द्वितीया चतुर्थी षष्ठी च परया तृतीयपञ्चमसप्तमकलयाश्रिता मिलिता न भवति, द्वितीयतृतीय-कलादीनामेकेन गुरुणोपादानं न कार्यमित्याशयः। अत्र विषमपादयोराद्यासु षण्मात्रास्वष्टौ विकल्पाः। यथा-ऽऽऽ, ।। ऽऽ; ऽ।।ऽ, ॥।ऽ, ऽऽ॥, ॥ऽ॥, ऽ॥॥, ॥॥॥, समपादयोराद्यास्वष्टमात्रासु त्रयोदश विकल्पाः-ऽऽऽऽ, ॥ऽऽऽ, ।ऽ।ऽऽ, ऽऽ॥ऽ, ऽऽ॥ऽ,॥ऽ॥ऽ, ऽ॥॥ ऽ, ऽऽऽ॥, ॥ऽऽ॥, ऽ॥ऽ॥, ॥॥ऽ।।, ऽऽ॥॥, ॥ऽ॥॥, एते आर्याभिर्वर्णक्रमेण निबद्धाः कैश्चित्-'मीनाङ्काः (१) सुरसङ्गैः (२) पङ्कजसौ (३) रभितजलाः (४) तत्सारस (५) खगसम्भृत (६) सज्जनमुदि (७) ककुभिककुभि (८)'॥

एते विषमे पादे। हंसस्मेरा (१) अलिकेशास्या (२) नीरजवक्त्राः (३) कुवलयनेत्राः (४) सुस्वच्छजलाः (५) सुतरङ्गभुजाः (६) केशरदशना (७) राजन्ते कृत (८) जनहर्षा भुवि (९) शारदरात्रिषु (१०) विमलनिशाकर (११) भानुप्रभृतिषु (१२) ननु पश्य सुयनु (१३)॥, एते समे॥ ततोष्टभिस्त्रयोदश गुणिताश्चतुरधिकशतं वैतालीयस्याद्यार्धे भेदाः। एतावन्त एवाऽपरार्धे। परस्परहता जातं दश सहस्राण्यष्टौ शतानि षोडश च। अङ्कतोऽपि १०८१६। इयमेवौपच्छन्द-सिकापातलिकयोर्वक्ष्यमाणयोः सङ्गच्छा ॥ १२॥

तारा-जिस छन्द के विषम पाद अर्थात् प्रथम एवं तृतीय पाद में छः मात्राएँ हों तथा सम पाद अर्थात् द्वितीय-चतुर्थ पाद में आठ मात्राएँ हों, और अन्त में

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

चारों पादों में एक रगण एक लघु तथा एक गुरु रहे, उसे '**वैतालीय**' छन्द कहा जाता है। किन्तु साथ ही समपाद (द्वितीय-चतुर्थ) में आठ मात्राएँ नैरन्तर्य से नहीं रहनी चाहिए। तथा कोई भी समकला-२।४।६।८ मात्राएँ परस्पर एक-दूसरे के आश्रित (सम्मिलित) न रहें। अर्थात् द्वितीय कला तृतीय से, चतुर्थ कला पञ्चम से, षष्ठ कला सप्तम से तथा अष्टम कला रगण के साथ नहीं मिलनी चाहिए। यह विशेष ज्ञातव्य है।

विशेषः-'वैतालीय' छन्द का सामान्य लक्षण प्रस्तुत करते हुए लक्षण-कारिका को ही उदाहरणस्वरूप निर्दिष्ट किया गया है। प्रथम पाद में सर्वप्रथम '**षड्विषमे**' तक छः मात्राएँ हैं। '**अष्टौ समे**' में रगण है और इसके पश्चात् एक लघु व एक गुरु '**कला**' में है। तृतीय पाद में भी ठीक यही स्थिति है। '**न समात्र प**' यह छः मात्राएँ हैं, इसके पश्चात् '**राश्रिता**' रगण है और तदनन्तर एक लघु एक गुरु 'कला' में है। समपाद द्वितीय में सर्वप्रथम आठ मात्राएँ '**ताश्च समे स्युः**' में है, '**नो निरं**' में रगण है और '**तराः**' में एक लघु, एक गुरु है। इसी प्रकार चतुर्थपाद 'वैतालीये' में आठ मात्राएँ, '**ऽन्ते रलौ**' में 'रगण' और '**गुरुः**' में एक लघु तथा एक गुरु है। इसी तरह सम पादों में नैरन्तर्य से लघु व गुरु '**ताश्च समे स्युः**' में लघु-गुरु नहीं है। साथ ही सम कला २-४-६-८ पराश्रित भी नहीं है। अतः सम्पूर्ण लक्षण कारिका में ही घटित है। उदाहरणान्तर निम्न पद्य में देखें-

।।ऽ।।ऽ। ऽ।ऽ ।।ऽऽ।। ऽ।ऽ ।ऽ
घुसृणेन मदन-चर्चितं तव यन्निन्दति राधिके कुचम्।
।।ऽ।।ऽ। ऽ।ऽ ऽऽऽऽऽ ।ऽ ।ऽ
मुदमातनुतेऽत्र पाकिनं तद्वैतालीयं फलं हरेः॥

इस उद्धृत पद्य के प्रथम एवं तृतीय (विषम) पाद के प्रारम्भ में छः कलाएं हैं, इसके पश्चात् एक रगण (वर्णगण), एक लघु व एक गुरु है। इसी प्रकार द्वितीय एवं चतुर्थ (सम) पाद के प्रारम्भ में आठ कलाएँ, पश्चात् एक रगण, एक लघु व एक गुरु है। समपादों (२-४) में सभी आठों कलाएँ लघु नैरन्तर्य से नहीं है। साथ ही २-४-६-८ सम कलाएँ स्वतन्त्र हैं, किसी से मिली नहीं हैं। अर्थात् प्रथम व तृतीय पाद की प्रारम्भिक छः कलाओं में द्वितीय '**सृ-द**', चतुर्थ '**णे-मा**', षष्ठ '**म-नु**' आगे की कलाओं से मिली नहीं हैं। इसी प्रकार द्वितीय व चतुर्थ पाद की आठ कलाएँ भी अग्रिम कलाओं से मिली नहीं हैं। द्वितीय पाद में द्वितीय '**व-त**' चतुर्थ '**यन्-वै**', षष्ठ '**निन्-ता**', और अष्टम '**द-ली**' भी अपनी अग्रिम कलाओं से मिली नहीं है। अतः यह पद्य '**वैतालीय**' छन्द का उदाहरण है। क्योंकि इसमें वैतालीय छन्द का लक्षण पूर्णरूपेण घटित हो जाता है ॥ १२ ॥

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

६मात्राः र० य० ८मात्राः र० य०

ऽ ऽ ऽ ऽ । ऽ । ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ । । ऽ । ऽ । ऽ ऽ

पर्यन्ते यौं तथैव शेषं त्वौपच्छन्दसिकं सुधीभिरुक्तम् ॥ १३ ॥

नारायणी–वैतालीयभेदानाह–विषमसमपादयोः षण्णामष्टानां च कलानामन्ते यौं रेफयगणौ स्याताम्, शेषं षडष्टकलानियमादि तथैव सामान्य-वैतालीयवदेव यदा तदाच्छन्दोविद्भिरौपच्छन्दसिकसंज्ञं वैतालीयमुक्तम्। वैतालीय एव प्रतिचरणमेकगुर्वाधिक्येन विषमपादे षोडश, समपादे चाष्टादशमात्राः कार्या इति भावः॥ १३॥

तारा–जिस 'वैतालीय' छन्द के अन्त में एक रगण व एक यगण हो, शेष सब वैतालीय छन्द के लक्षण के सदृश हो, उसे सुधीजनों ने **औपच्छन्दसिक** छन्द कहा है। अर्थात् जिस छन्द में विषम (१-३) पादों में छः मात्राओं के पश्चात् एक रगण व एक यगण हो तथा सम (२-४) पादों में आठ मात्राओं के पश्चात् एक रगण व यगण हो और शेष सभी लक्षण वैतालीय के समान हों, उसे **'औपच्छन्दसिक'** छन्द कहते हैं।

विशेष-लक्षणकारिका में ही उदाहरण घटित करें। यथा-प्रथम पाद में **'पर्यन्ते'** की छः मात्राओं के बाद **'यौं तथैव शेषं'** में एक रगण व एक यगण है। इसी प्रकार द्वितीय पाद में **'त्वौपच्छन्दसि'** की आठ मात्राओं के बाद **'कं सुधीभिरुक्तम्'** में एक रगण, एक यगण है। अतः लक्षण-कारिका ही उदाहरण भी है। अन्य उदाहरण देखें-

ऽ ऽ । । ऽ । ऽ । ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ । । ऽ । ऽ । ऽ ऽ

वाक्यैमधुरैः प्रतार्य पूर्वं यः पश्चादभिसन्दधाति मित्रम्।

ऽ ऽ । । ऽ । ऽ । ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ । । ऽ । ऽ । ऽ ऽ

तं दुष्टमतिं विशिष्टगोष्ठ्यामौपच्छन्दसिकं वदन्ति बाह्याः॥

इस उद्धरण के प्रथम एवं तृतीय पाद में छः कलाओं के पश्चात् **'रैः प्रतार्य पूर्वं'** **'सन्दधाति मित्रम्'** में एक रगण व एक यगण है। इसी प्रकार द्वितीय एवं चतुर्थ पाद में आठ कलाओं के पश्चात् **'तिं विशिष्टगोष्ठ्याम्'** **'कं वदन्ति बाह्याः'** में एक रगण व एक यगण है। इस प्रकार औपच्छन्दसिक छन्द का लक्षण पूर्णतः घटित हो जाने से यह पद्य **'औपच्छन्दसिक'** का उदाहरण है॥ १३॥

६ मात्राः भ० २ गु० ८ मात्राः भ० २ गु०

ऽ ऽ । । ऽ । । ऽ ऽ ऽ । । ऽ । । ऽ । । ऽ ऽ

आपातलिका कथितेयं भाद्गुरुकावथ पूर्ववदन्यत्॥ १४॥

नारायणी–षण्मामष्टानां च मात्राणां पर्यन्ते भाद्भगणात्परौ गुरूकौ गुरु स्यातामिति रेफलघुगुरूणामपवादः। अथान्यच्छेषं पूर्ववद्वैतालीयवत्। सेयमापा-तलिका सुधीभिः कथितमिति पर्यन्तसुधीशब्दानुषङ्गेण योज्यम्॥ १४॥

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

तारा–जिस छन्द में 'वैतालीय' छन्द के समान सभी लक्षणों के साथ विषम (१-३) पादों में छः मात्राओं के अनन्तर तथा सम (२-४) पादों में आठ मात्राओं के अनन्तर एक यगण तथा दो गुरु हों उसे '**आपातलिका**' छन्द कहते हैं।

विशेष–उदाहरण लक्षणकारिका ही है। यथा–प्रथम पाद के '**आपातलि**' में छः मात्राओं के अन्त में '**-का कथितेयं**' में एक यगण के बाद दो गुरु है। इसी प्रकार द्वितीय पाद के '**भाद् गुरुकावथ**' में आठ मात्राओं के अन्त में '**पूर्ववदन्यत्**' में एक भगण दो गुरु हैं। अतः लक्षणकारिका ही उदाहरण भी हुआ। अन्य उदाहरण निम्न पद्य है–

ऽ।।ऽऽ ।।ऽऽ ऽऽऽ ।।ऽ।।ऽऽ

पिङ्गलकेशी कपिलाक्षी वाचाटा विकटोन्नतदन्ती।

ऽऽ।।ऽ। ।ऽऽ ।।।।ऽ। । ऽ।।ऽऽ

आपातलिका पुनरेषा नृपतिकुलेऽपि न भाग्यमुपैती॥

इस उद्धरण पद्य के विषम पादों (१-३) में छः कलाओं के अनन्तर एक भगण, दो गुरु '**शी कपिलाक्षी**' का '**पुनरेषा**' में है तथा समपादों (२-४) में आठ कलाओं के पश्चात् भी एक भगण, दो गुरु हैं। अतः लक्षण समन्वय के कारण यह पद्य '**आपातलिका**' का उदाहरण है॥ १४॥

६ मात्राः र० ल० गु० ८ मात्राः र० ल० गु०

।ऽ।ऽऽ। ऽ।ऽ ।ऽ।ऽऽऽ।ऽ।ऽ

तृतीययुग्दक्षिणान्तिका समस्तपादेषु द्वितीयलः॥ १५॥

नारायणी–समस्तेषु चतुर्ष्वपि पादेषु द्वितीयलो द्वितीया मात्रा तृतीयया युग् युक्ता चेत्स्यात्, तदा दक्षिणान्तिका नाम स्यादिति। चेत्तदाशब्दयोरध्याहारः कार्यः। सर्वेषु पादेषु द्वितीयवर्णो गुरुरेव कार्य इति। तेन 'न समात्र पराश्रिया कला।' (वृ० र० २-१२) इत्यस्यापवादः। शेषं यथाप्राप्तमेवेति भावः। इयं वैतालीयौपच्छन्दसिकापातलिकापूर्वकत्वेन त्रेधोदाहार्या। अस्मिन्भेदत्रयेऽपि विषमपादयोर्विकल्पौ द्वौ। यथा– ।ऽ।ऽ,। ऽ।।। समयोश्चत्वारो यथा– ।ऽ।ऽऽ, ।ऽ।।ऽ, ।ऽ।ऽ।।, ।ऽ।।।।।द्वयोश्चतुर्णां च परस्परहतावष्टौ पूर्वार्धे। द्वितीयार्धेऽपि तावन्त एव। तयोरन्योन्यघाते चतुषःषष्टिर्भेदा भवन्ति॥ १५॥

तारा–जिस 'वैतालीय' छन्द के समस्त चारों पादों में द्वितीय मात्रा तृतीय मात्रा से संयुक्त हो अर्थात् चारों पादों में द्वितीयवर्ण गुरु हो उसे '**दक्षिणान्तिका**' छन्द के नाम से कहा गया है।

तात्पर्य यह है कि 'वैतालीय' के लक्षण में जो '**न समा पराश्रिता कला**' कहा गया है यह उसका अपवाद है, क्योंकि उसमें सम कला विषम कला से संयुक्त नहीं रहनी चाहिए–यह विधान है। यहाँ उसका निषेध किया गया है।

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

विशेष-इस लक्षण-कारिका में 'वैतालीय' छन्द का लक्षण अक्षरशः घटित होता है। अन्तर मात्र वही है जो विशेष विधान किया गया है कि द्वितीय सर्वत्र गुरु होना चाहिए। अतः यही कारिका इस 'दक्षिणान्तिका' का उदाहरण भी है। यथा-प्रथम पाद का द्वितीय वर्ण व द्वितीय पाद का भी द्वितीय वर्ण गुरु है, जिससे वह तृतीयवर्ण से संयुक्त हो गया है, इससे **'द्वितीयतः तृतीययुक्'** लक्षण घटित हो गया है। और **'न समा पराश्रिता कला'** का अपवाद भी स्वयंसिद्ध हो गया है। शेष सब 'वैतालीय' छन्द के सामान्य लक्षण के समान है। यथा-

प्रथम पाद में **'तृतीय युग्'** की छः मात्राओं के अनन्तर 'दक्षिणान्तिका' में एक रगण, एक लघु व एक गुरु है। इसी प्रकार द्वितीय पाद का **'समस्तपादेषु द्वितीयलः'** में आठ मात्राओं के अनन्तर एक रगण, एक लघु व एक गुरु है। अतः लक्षण घटित हो जाने से लक्षणकारिका ही उदाहरण भी समझें। अन्य उदाहरण निर्दिष्ट छन्द में समझे-

।ऽ।ऽ ऽ। ऽ।ऽ ।ऽ।ऽ ऽऽ।ऽ।ऽ

महीभुजां श्रेष्ठ इत्यसौ निगद्यते तैर्नीतिवेदिभिः।

।ऽ। ऽऽ। ऽ।ऽ।ऽ। ऽऽ ऽ।ऽ ।ऽ

श्रुतेन शीलेन संयुतैस्तथैव लङ्कालोचनो नृपः॥

इस उदाहृत पद्य के चारों पादों में द्वितीय कला संयुक्त है। शेष लक्षण 'वैतालीय' छन्द के समान है। अन्तर केवल यह है कि द्वितीय कला इसमें तृतीय से संयुक्त रहती है प्रथम से नहीं, जब कि 'वैतालीय' में यह विधान है कि द्वितीय कला तृतीय से संयुक्त नहीं रहनी चाहिए-**'न समा पराश्रिता कला'**। अत यह अपवाद है। यहाँ **'मही' 'निगद्य' 'श्रुते'** तथा **'तथै'** में सर्वत्र द्वितीय कला तृतीय कला से संयुक्त है। अतः लक्षण घटित हो जाने से उक्त पद्य **'दक्षिणान्तिका'** छन्द का उदाहरण है॥ १५॥

६ मात्राः र० ल० गु० ८ मात्राः र० ल० गु०

।ऽ।ऽ ऽ।ऽ।ऽ ऽऽऽ। ।ऽ।ऽ।ऽ

उदीच्यवृत्तिर्द्वितीयलः सक्तोग्रेण भवेदयुग्मयोः॥ १६॥

नारायणी-अयुग्मयोर्विषमयोः प्रथमतृतीययोः पादयोर्द्वितीयलो द्वितीयमात्रा अग्रेण तदग्रिमेण लेन सक्तो युक्तश्चेत्, तदा उदीच्यवृत्तिरुदितेति वक्ष्यमाणानुषङ्गः। शेषं यथाप्राप्तम्। इयं वैतालीयौपच्छन्दसिकापातलिकापूर्वकत्वेन त्रेधोदाहार्या। अत्र तु द्वौ विषमयोर्विकल्पौ। यथा- ।ऽ।ऽ, ।ऽ॥। समयोः पूर्वोक्तास्त्रयोदश। परस्परहतौ षड्विंशतिः पूर्वार्धभेदाः। तावन्त एवाऽपरत्र। परस्परहतौ जाता भेदाः षट्शतानि षट्सप्ततिश्च। अङ्कतोऽपि ६७६॥ १६॥

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

तारा–जिस 'वैतालीय' छन्द के विषम (१-३) पादों में द्वितीय लघु मात्रा तृतीय मात्रा से संयुक्त हो जाय, उसे **'उदीच्यवृत्ति'** छन्द कहते हैं। अर्थात् 'उदीच्यवृत्ति' छन्द का समस्त लक्षण 'वैतालीय' छन्द के समान हो, अन्तर मात्र द्वितीय मात्रा गुरु रहे। तात्पर्य यह कि 'दक्षिणान्तिका' के सम-विषम सभी पादों में द्वितीय वर्ण गुरुमात्रिक होता है, जबकि 'उदीच्यवृत्ति' छन्द का केवल विषम पादस्थित द्वितीय वर्ण ही गुरुमात्रिक होता है।

विशेष–लक्षणकारिका में ही उदाहरण भी समाहित है। इसके प्रथम पाद का द्वितीय वर्ण 'उदी' गुरु है, जो तृतीय मात्रा से संयुक्त है। द्वितीय पाद के **'सक्तो'** में द्वितीय मात्रा गुरु नहीं है, प्रत्युत वह प्रथम वर्ण की गुरु मात्रा से संयुक्त है, न कि तृतीय वर्ण की गुरु मात्रा से। शेष लक्षण सब 'वैतालीय' सामान्य लक्षण के समान है। अतः यह 'उदीच्यवृत्ति' का उदाहरण हुआ। अन्य उदाहरण निम्न निर्दिष्ट है–

।ऽ।।।ऽ।ऽ।ऽ ।।ऽऽ ।।ऽ।ऽ।ऽ
अवाचकमनूर्जिताक्षरं श्रुतिदुष्टं यतिदुष्टमक्रमम्।
।ऽ।।।ऽ।ऽ।ऽ।। ऽ ऽ।। ऽ। ऽ।ऽ
प्रसादरहितं च नेष्यते कविभिः काव्यमुदीच्यवृत्तिभिः॥

इस उद्धरण के विषम पाद–प्रथम एवं तृतीय पाद में द्वितीय कला 'वा'-'सा' गुरु है तथा अपनी अग्रिम तृतीय से संयुक्त है। शेष सम्पूर्ण लक्षण वैतालीय छन्द के समान विषम पादों में छः कलाएँ, रगण (वर्णगण), एक लघु एवं एक गुरु है। इसी प्रकार सम पादों आठ कलाओं के अनन्तर एक रगण, एक लघु व एक गुरु है। अतः छन्द-लक्षण पूर्णतः घटित हो जाने से यह पद्य **'उदीच्यवृत्ति'** छन्द का उदाहरण है॥ १६॥

६ मात्राः र० ल० गु० ८ मात्राः र० ल० गु०
ऽऽ।।ऽ।ऽ।ऽ ऽ।ऽ।।।ऽ। ऽ।ऽ
पूर्वेण युतोऽथ पञ्चमः प्राच्यवृत्तिरुदितेति युग्मयोः॥ १७॥

नारायणी–अथेति यदीत्यर्थे वैलक्षण्ये वा, निपातानामनेकार्थत्वात्। युग्मयोर्द्वितीयचतुर्थपादयोः पञ्चमो लः पञ्चमो मात्रा पूर्वेण चतुर्थेन लघुना यदि युतः, एकेन गुरुणा चतुर्थपञ्चममात्रयोरुपादानं यदि स्यादित्यर्थः। तदा प्राच्यवृत्ति-रुदितोक्ता पिङ्गलादिभिरिति। समासान्निष्कृष्टं लशब्दमनुषज्य व्याख्येयम्। शेषं यथाप्राप्तम्। अनयोरपि उदीच्यवृत्तिप्राच्यवृत्त्योः 'न समात्र पराश्रिता कला' (वृ० र० २-१२) इत्यस्य पूर्ववदेवापवादः। सेयमपि पूर्ववत् त्रेधा। विषमयोः पूर्वोक्ता अष्टौ विकल्पाः। समयोश्चत्वारः यथा–।ऽ ।ऽ ।ऽऽ, ।।।ऽ।ऽ, ऽ।ऽ।।, ।।।ऽ।।।अष्टानां चतुर्भिर्हतौ द्वात्रिंशत्पूर्वार्धभेदाः। तावन्त एवोत्तरार्धे। परस्परहतौ भेदाश्चतुर्विंशत्यधिकं सहस्रम्। अङ्कतोऽपि १०२४॥१७॥

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

तारा—जिस 'वैतालीय' छन्द के समपाद द्वितीय-चतुर्थ में पञ्चम मात्रा अपनी पूर्व मात्रा चतुर्थ से संयुक्त हो उसे **प्राच्यवृत्ति** छन्द कहते हैं। अर्थात् जिस छन्द में समस्त लक्षण वैतालीय छन्द के घटित होते हों, अन्तर मात्र यह हो कि पञ्चम मात्रा चतुर्थ मात्रा से संयुक्त हो, तात्पर्य-चतुर्थमात्रा गुरुमात्रा हो, वह '**प्राच्यवृत्ति**' छन्द कहलाता है।

विशेष—इसी लक्षण-कारिका में उदाहरण भी सम्मिलित है। यथा-कारिका के समपाद द्वितीय पाद के '**प्राच्यवृत्ति**' में '**वृ**' गुरु है, जो चतुर्थ-पञ्चम मात्रा संयुक्तस्वरूप है। प्रथम विषमपाद में यह स्थिति नहीं है। '**पूर्वेण**' में पञ्चम मात्रा स्वतंत्र लघुमात्रिक है। शेष लक्षण प्रथम पाद में छः मात्रा के पश्चात् एक रगण, एक लघु, एक गुरु है। द्वितीय समपाद में आठ मात्रा के पश्चात् एक रगण, एक लघु व एक गुरु 'वैतालीय' छन्द के ही समान है। अतः यह प्रस्तुत '**प्राच्यवृत्ति**' छन्द का उदाहरण भी है। उदाहरणान्तर यह देंखे-

। । ऽ । । ऽ । ऽ । ऽ ऽ । ऽ । । । ऽ । ऽ । ऽ

विपुलार्थसुवाचकाक्षराः कस्य नाम न हरन्ति मानसम्।

। । ऽ । । ऽ । ऽ । ऽ ऽ । ऽ । । । ऽ । ऽ । ऽ

रसभावविशेषपेशलाः प्राच्यवृत्तिकविकाव्यसम्पदः॥

इस उदाहृत पद्य के समपाद द्वितीय व चतुर्थ की पञ्चम कला '**ना व वृ**' में चतुर्थ-पञ्चम कलाएँ संयुक्त होकर गुरु हैं। शेष लक्षण वैतालीय के समान विषम पादों में छः कला तदनन्तर एक रगण, एक लघु तथा एक गुरु है। इसी प्रकार समपादों में आठ कला, तदनन्तर एक रगण, एक लघु व एक गुरु है। अतः छन्द-लक्षण घटित हो जाने से यह पद्य '**प्राच्यवृत्ति**' छन्द का उदाहरण है॥१७॥

६मात्राः र० ल०गु० ८ मात्राः र० ल०गु०

। ऽ । ऽ ऽ । ऽ । ऽ ऽ । ऽ । । । ऽ । ऽ । ऽ

यदा समावोजयुग्मकौ पूर्वयोर्भवति तत्प्रवृत्तकम्॥ १८॥

नारायणी—यदा पूर्वयोरुदीच्यवृत्तिप्राच्यवृत्त्योः समौ तुल्यौ क्रमेणौजयुग्मकौ विषमसमपादौ स्याताम्, तत्तदा प्रवृत्तकं नाम। विषमयोः प्रथमतृतीययोः पादयोर्द्वितीयतृतीयमात्राप्रयोगः। समयोस्तु चतुर्थपञ्चममात्रायोगः स्यादिति भावः। इदं वैतालीयौपच्छन्दसिकापातलिकापूर्वकत्वेन त्रेधोदाहार्यम्। तत्र पूर्वोक्तविषमसमपादविकल्पानामन्योन्यहतौ सङ्ख्या स्वयमूहनीया। एवमपरान्तिकादिष्वपि॥१८॥

तारा—जिस छन्द के सम-विषम पाद पूर्वकथित प्राच्यवृत्ति उदीच्यवृत्ति के समान हों उसे '**प्रवृत्तक**' छन्द कहते हैं। अर्थात् जिस छन्द के सम पाद द्वितीय चतुर्थ पाद 'प्राच्यवृत्ति' के सदृश तथा विषमपाद 'उदीच्यवृत्ति' के सदृश हो उसे 'प्रवृत्तक' छन्द समझें।

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

तात्पर्य यह है कि समपादों में चतुर्थ-पञ्चम मात्रा संयुक्त हो तथा विषम पादों में द्वितीय-तृतीय मात्रा संयुक्त हो, शेष लक्षण 'वैतालीय' के समान हो उसे 'प्रवृत्तक' मानें।

विशेष—इस लक्षणकारिका में ही प्रथम पाद विषम पाद में 'यदा' में द्वितीय-तृतीय मात्रा संयुक्त है। तथा समपाद द्वितीयपाद में 'पूर्वयो' में चतुर्थ-पञ्चम मात्रा संयुक्त। इससे समपाद द्वितीय 'प्राच्यवृत्ति' के समान तथा विषम पाद प्रथम 'उदीच्यवृत्ति' के समान है। शेष लक्षण 'वैतालीय' के सदृश। विषम प्रथम पाद में छः मात्राओं के बाद एक रगण, एक लघु व एक गुरु है तथा समपाद द्वितीय में आठ मात्राओं के बाद एक रगण, एक लघु व एक गुरु है। अतः इस लक्षणकारिका में ही लक्षण घटित हो जाने से यही इसका उदाहरण भी हुआ। अन्य उदाहरण निम्न पद्य है—

ISI IIISISI SIS IIIS ISIS
इदं भरतवंशभूभृता श्रूयतां श्रुतिमनो रसायनम्।
ISIIIS ISIS SISII ISISIS
पवित्रमधिकं शुभोदयं व्यासवक्त्रकथितं प्रवृत्तकम्॥

इस उदाहृत पद्य के विषम पादों प्रथम एवं द्वितीय में द्वितीय कला 'दं-वि' तृतीय कला से संयुक्त है। तथा समपादों द्वितीय एवं चतुर्थ की चतुर्थ एवं पञ्चम कला संयुक्त है। शेष वैतालीय के समान विषम पादों में छः कला, पुनः एक रगण व एक-एक लघु-गुरु तथा समपादों में आठ कला, पुनः एक रगण व एक-एक लघु-गुरु है। अतः लक्षण घटित हो जाने से यह पद्य ही 'प्रवृत्तक' छन्द का उदाहरण भी समझें॥ १८॥

८ मात्राः र० ल० गु०
SIS ISII ISIS

अस्य युग्मरचिताऽपरान्तिका॥ १९॥

नारायणी—अस्य प्रवृत्तकस्य युग्मपादैर्या सम्पूर्णा रचिता साऽपरान्तिका नाम। पञ्चमी चतुर्थमात्रायुक्ता। षोडशमात्रता च चतुर्ष्वपि पादेषु कार्येत्यर्थः। इयं च वैतालीयौपच्छन्दसिकापातलिकापूर्वकत्वेन पूर्ववत्त्रेधा। कश्चित्तु 'अस्य वैतालीयादिच्छन्दोवृन्दस्य युग्मरचिता' इति व्याचख्यौ। तन्मते वैतालीयादिपूर्व-कत्वेन तत्पूर्वकत्वेन प्राच्यवृत्तिपूर्वकत्वेन च षोढा। उदाहरणानि तु स्वयमूह्यानि भेदाः॥ २५६॥ १९॥

तारा—पूर्वोक्त 'प्रवृत्तक' छन्द के समपादों के समान जिसके चारों पाद रहें, उसे 'अपरान्तिका' छन्द कहते हैं।

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

विशेष-उदाहरण-स्वरूप 'अपरान्तिका' छन्द को निर्दिष्ट किया जाता है। अन्य उदाहरण है-

।।।ऽ।।।ऽ।ऽ।ऽ ।।।ऽ।ऽऽ।ऽ।ऽ

स्थिरविलासनतमौक्तिकावली कमलकोमलाङ्गी मृगेक्षणा।

।।। ऽ।।।ऽ।ऽ।ऽ ।।।ऽ।।।ऽ।ऽ।ऽ

हरति कस्य हृदयं न कामिनः सुरतकेलिकुशलाऽपरान्तिका॥

इस उदाहृत छन्द के चारों चरणों में आठ कलाएँ, एक रगण, एक लघु व एक गुरु क्रम से है। चारों चरणों में चतुर्थ कला पञ्चम कला से संयुक्त है। क्रमशः 'ला, को, क, के' वर्णों में गुरु है। अतः लक्षण घटित हो जाने से यह पद्य 'अपरान्तिका' छन्द का उदाहरण है॥ १६॥

६ मात्राः र० ल० गु०

।ऽ।ऽ ऽ।ऽ।ऽ

अयुग्मगा चारुहासिनी॥ २०॥

नारायणी-अस्य प्रवृत्तकस्याऽयुग्मवाऽयुक्पादैर्विषमपादैः रचिता चारुहासिनी समस्तपादेषु चतुर्दशमात्रिका। द्वितीया च तृतीयायुक्ता कार्येत्यर्थः। इयमपि पूर्ववत् त्रेधा अस्येति। वैतालीयादिच्छन्दोवृन्दपरत्वेन व्याचक्षाणस्य मते तु वैतालीयौपछन्दसिकाऽऽपातलिकातदुदीच्यवृत्तिपूर्वकत्वेन षोढा। उदाहरणान्यूह्यानि। भेदाः २५६। अन्येऽपि भेदा अन्यैरुक्तास्ते स्वकीयैरुदाहरणैः प्रदर्श्यन्ते। यथा वैतालीयसमपादचतुष्टययुताऽन्येयं दक्षिणान्तिका। यथा-

पुरुषश्रेष्ठतमः स पूरुषो विषयैर्यस्य मनो हृतं न हि।

पुरुषक्षुद्रतमः स पूरुषो विषयैर्यस्य मनो हृतं मुहुः॥

वैतालीयविषमपादरचितोत्तरान्तिका। यथा-

विषयान्विषमान्विषोपमानवधार्य ततोऽवधीर्य च।

कुरु राघवचिन्तनं सदा यदि ते हितमाहितं स्वकम्॥

तथाऽऽपातलिकाप्राच्यवृत्त्योर्विषमपादाभ्यां क्रमेण रचितोपपातलिका नाम। यथा-

यः पुरतो वक्त्यतिमिष्टं दोषभाषणरतः परोक्षतः।

वाञ्छसि सौख्यं त्यज तं द्राङ्मित्रसंज्ञितमरिं विषोपमम्॥

तथा यद्यापातलिकादीनां सप्तानां छन्दसां प्रतिपादमन्तेऽधिकैकगुरुयोगः स्यात, तदा तन्नामकान्यौपच्छन्दसिकानि सप्त भवन्ति। तत्रापातलिकौपच्छन्दसिकम्। यथा-

आपातलिकादिषु चेदेको गुरुरधिको भवति प्रतिपादान्ते।

आपातलिकादिकसंज्ञायुगोपच्छन्दसिकं तदभिप्रेतम्॥

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

एवं दक्षिणान्तिकौपछन्दसिकादौ ग्रन्थगौरवप्रसङ्गादस्मदनुक्तान्युदाहरणान्यूह्यानि। एवं च वैतालीयसङ्ख्या सप्तत्रिंशत् ३७॥ २०॥

इति वैतालीयं प्रकरणम्॥

तारा–प्रवृत्तक के विषम पादों के समान जिस छन्द के चारों पाद हों, उसे 'चारुहासिनी' छन्द कहते हैं।

अर्थात् वैतालीय सामान्य लक्षण से युक्त जिस छन्द के चारों पादों में चतुर्थ-पञ्चम मात्रा संयुक्त हो उसे 'अपरान्तिका' तथा जिसके चारों पादों में द्वितीय-तृतीय मात्रा संयुक्त हो उसे 'चारुहासिनी' कहते हैं।

चारुहासिनी का उदाहरण निम्नाङ्कित है–

ऽ । । । ऽ । ऽ । ऽ । ऽ । । । ऽ । ऽ । ऽ

मनाक् प्रसृतदन्तदीधितिः स्मरोल्लसितगण्डमण्डला।

। ऽ । । । ऽ । ऽ । ऽ । ऽ । । । ऽ । ऽ । ऽ

कटाक्षललिता तु कामिनी मनोहरति चारुहासिनी॥

इस उद्धरण के चारों चरणों में क्रमशः छः कलाएँ, एक रगण, एक लघु व एक गुरु है। द्वितीय एवं तृतीय कलाएँ संयुक्त हैं। जो 'ना, रो, टा, नो' में गुरुत्वेन निर्दिष्ट है। अतः चारुहासिनी छन्द का लक्षण पूर्णतः घटित हो जाने से यह छन्द 'चारुहासिनी' का उदाहरण है॥ २०॥

॥ इति वैतालीयप्रकरणम्॥

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

अथ वक्त्रप्रकरणम्

गु० म० य० गु०गु० म० य० गु०

ऽ ऽ ऽ ऽ।ऽ ऽ ऽऽ ऽ ऽ ऽ।ऽ ऽ ऽ

वक्त्रं नाद्यान्नसौ स्यातामब्धेर्योऽनुष्टुभि ख्यातम्॥ २१॥

नारायणी—अथ वक्त्रस्याऽष्टाक्षरत्वेनानुष्टुभि वक्तव्यस्याऽपि तद्वत्सकलस्य नियतगुरुलघुत्वाभावात्पथ्याचपलादिसंज्ञाः कार्या। मात्रावृत्तानामसाङ्कर्याच्च मात्रा-वृत्तप्रस्ताव एव, लक्षणमाह—**वक्त्रमिति**।

आद्यादक्षरादूर्ध्वं न्सौ नगणसगणौ न स्याताम्, मगणादिर्यथेच्छं स्यात्, अब्धेश्चतुर्थादक्षरादूर्ध्वं यो यगणः स्याद्यदि, तदा वक्त्रं नाम ख्यातम्। तच्चानुष्टुभि ख्यातमुक्तमाचार्यैरिति। यदातदाशब्दाध्याहारेण ख्यातशब्दावृत्त्या च व्याख्येयम्। यद्यप्याद्यादब्धेश्चेति गणग्रहणमपि सम्भवति तथाप्यनुष्टुभि ख्यातमित्यष्टाक्षर-त्वसूचनाद् गणचतुष्टयासम्भवादब्धिग्रहणस्याऽक्षरपरता। आद्यग्रहणस्यापि च तस्समभिव्याहाराद् गणग्रहणे चतुर्थाक्षरमादाय गणारम्भाच्चतुर्थाक्षरादूर्ध्वं यगणा-रम्भायोगाच्चाक्षरपरतैव। आद्यात्परतो नगणसगणनिषेधेन द्वितीयतृतीयवर्णान्यतरस्य गुरुताऽवश्यं भवतीति सूचितम्। अनुष्टुभि ख्यातमित्यनेनाष्टाक्षरपादता सूचिता। अतश्चाऽनुक्तोऽप्यष्टमो वर्णो ज्ञेयः। समयोश्च पादयोः प्रथमादक्षरादूर्ध्वं रगणोऽपि न कार्य इति सम्प्रदायः। अत्राद्ये पादे प्रथमस्थाने गुरुलघुरूपौ द्वौ विकल्पौ, द्वितीये नसनिषेधाच्छेषाः षड्गणाः, तृतीयस्थान एको य एव, चतुर्थस्थाने ग्लौ। अन्योन्यघाते चतुर्विंशतिः। एवं द्वितीयादिपादत्रयेऽपि प्रत्येकं चतुर्विंशतिः। तेषां परस्परहतौ जातं त्रयो लक्षाः एकत्रिंशत्सहस्राणि सप्तशतानि षट्सप्ततिश्चेति सङ्ख्या। अङ्कतोऽपि ३३१७७६। एषैव सङ्ख्या प्रत्येकं पथ्यावक्त्रादिषु त्रिषु भेदेषूह्या। सम्प्रदायमाश्रित्य द्वितीयचतुर्थपादयोर्द्वितीयस्थाने रगणस्यापि निषेधात्स-मयोः प्रत्येकं विंशतिर्भेदाः, विषमयोश्चतुर्विंशतिरेव। तेषामन्योन्यघाते जाता सङ्ख्या लक्षद्वयं त्रिंशत्सहस्राणि चत्वारि शतानि। अङ्कतोऽपि २३०४००॥ २१॥

तारा—आठ अक्षरों वाले 'अनुष्टुप्' छन्द में जहाँ प्रथम अक्षर के पश्चात् नगण व सगण (॥।, ॥ऽ) नहीं हो तथा चतुर्थ अक्षर के पश्चात् यगण (।ऽऽ) हो, वह **'वक्त्र'** छन्द के नाम से प्रख्यात है।

विशेष—उपर्युक्त लक्षणकारिका ही वक्त्र छन्द का उदाहरण भी है। यथा—इसके प्रथम अक्षर के बाद 'नगण' 'सगण' नहीं है। तथा चतुर्थ अक्षर के बाद **'न्न सौ स्या'** में यगण है। अतः यही **'वक्त्र'** छन्द का उदाहरण भी हुआ। अन्य उदाहरण निम्न पद्य है—

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

। । ऽ ऽ । ऽ ऽ । । । ऽ ऽ । ऽ ऽ ऽ

नवधाराम्बुसंसिक्तं वसुधागन्धिनिश्वासम्।

ऽ । ऽ । । ऽ ऽ ऽ । ऽ ऽ । । ऽ ऽ ऽ

किञ्चिदुन्नतघोणाग्रं मही कामयते वक्त्रम्॥

इस उदाहृत पद्य में प्रथम अक्षर लघु है, उसके बाद यगण (।ऽऽ) है, नगण (।।।) सगण (।।ऽ) नहीं है। अन्त में गुरु है। तृतीय पाद में प्रथम अक्षर 'किं' गुरु है। तदनन्तर एक जगण (। ऽ ।) तथा इसके बाद एक यगण (।ऽऽ) व एक गुरु है, नगण सगण नहीं है। इसी प्रकार चतुर्थ पाद में एक लघु, एक तगण (ऽऽ।), एक यगण तथा एक गुरु है। अतः छन्द लक्षण पूर्णतः घटित हो जाने से यह पद्य 'वक्त्र' छन्द का उदाहरण है॥ २१॥

ल० त० य० गु० गु० म० ज० गु०

। ऽ ऽ । । ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ । ऽ । ऽ

युजोर्जेन सरिद्भर्तुः पथ्यावक्त्रं प्रकीर्तितम्॥ २२॥

नारायणी—अब्धेर्य इत्यस्यापवादेनास्यैव भेदानाह—युजोरिति।

युजोर्युग्मयोर्द्वितीयचतुर्थचरणयोः सरिद्भर्तुश्चतुर्थाक्षरात्परेण जगणेन पथ्यावक्त्रं प्रकीर्तितम्। पिङ्गलेन 'पथ्या युजो ज्' (पि०सू०५-१४) इति सूत्रे इत्यर्थः। विषमयोस्तु यगणः सामान्यप्राप्तः॥ २२॥

तारा—'वक्त्र' छन्द के समपादों (२। ४) में यदि चतुर्थ अक्षर के बाद जगण हो तो वह 'पथ्यावक्त्र' छन्द के नाम से कहलाता है। अर्थात् आठ अक्षर वाले 'अनुष्टुप्' छन्द के समपादों में (२। ४) प्रथम अक्षर के बाद नगण, सगण न रहे तथा चतुर्थ अक्षर के बाद जगण रहे, और विषम पादों (१। ३) में 'वक्त्र' छन्द की तरह प्रथम अक्षर के बाद नगण, सगण न रहे तथा चतुर्थ अक्षर के बाद यगण रहे तो वह 'पथ्यावक्त्र' छन्द कहा जाता है।

विशेष—इसी लक्षणकारिका के विषम पाद प्रथम पाद में प्रथम अक्षर के बाद नगण, सगण नहीं है तथा चतुर्थ अक्षर के बाद यगण है। इसी प्रकार समपाद द्वितीय पाद में प्रथम अक्षर के बाद नगण, सगण नहीं है तथा चतुर्थ अक्षर के बाद 'प्रकीर्ति' में जगण है। अतः यही 'पथ्यावक्त्र' छन्द का उदाहरण है। पथ्यावक्त्र छन्द का अन्य उदाहरण निम्न निर्दिष्ट है—

ऽ ऽ ऽ । । ऽ ऽ । ऽ ऽ ऽ ऽ । ऽ । ऽ

नित्यं नीतिनिषण्णस्य राज्ञो राष्ट्रं न सीदति।

। । ऽ ऽ । ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ । ऽ । ऽ

नहि पथ्याशिनः काये जायन्ते व्याधिवेदना॥

इस उदाहरण के चतुर्थ एवं तृतीय चरण में चतुर्थ वर्ण के बाद एक जगण 'न सीद, धि वेद' में प्रयुक्त है। अतः 'पथ्यावक्त्र' का लक्षण घटित हो जाने के कारण इसे 'पथ्यावक्त्र' छन्द का उदाहरण समझें॥ २२॥

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

ल० य० ज० गु०ल० भ० य० ल०
।।ऽ ऽ। ऽ।ऽ।ऽ। ।।ऽऽ।

अयुजोर्जेन वारिधेस्तदेव विपरीतादि॥ २३॥

नारायणी—विषमपादयोश्चतुर्थादूर्ध्वं जगणेन तदेव पथ्यावक्त्रं विपरीत-शब्दादिविपरीतपथ्येति ज्ञेयमित्यर्थः। समयोर्य एव॥ २३॥

तारा—यदि 'वक्त्र' छन्द के विषमपाद प्रथम-तृतीय पाद में चतुर्थ अक्षर के बाद जगण (।ऽ।) हो तो उसे **'विपरीत पथ्यावक्त्र'** छन्द कहते हैं। अर्थात् आठ अक्षरों वाले 'अनुष्टुप्' छन्द के प्रथम-तृतीय विषम पादों में यदि प्रथम अक्षर के बाद नगण, सगण न रहे तथा चतुर्थ अक्षर के बाद जगण रहे। और द्वितीय-चतुर्थ समपादों में प्रथम अक्षर के बाद नगण, सगण न हो तथा चतुर्थ अक्षर के बाद यगण हो तो वह **'विपरीत पथ्यावक्त्र'** छन्द कहलाता है।

विशेष—'अयुजोयोर्जेन' इस लक्षण-कारिका में ही विपरीत-पथ्यावक्त्र छन्द का लक्षण घटित है, इससे यही इसका उदाहरण भी है। यथा—इसमें विषम पाद प्रथम पाद में प्रथम अक्षर के बाद नगण, सगण नहीं है, तथा चतुर्थ अक्षर के बाद जगण (।ऽ।) 'न वारि' में विद्यमान है। इसी तरह समपाद द्वितीय पाद में प्रथम अक्षर के बाद नगण, सगण नहीं है तथा चतुर्थ अक्षर के बाद 'परीता' में यगण है। अतः इसी लक्षणकारिका को 'विपरीत पथ्यावक्त्र' छन्द का उदाहरण भी समझें। उदाहरणान्त निम्न छन्द में देखें—

ऽ।ऽऽ।ऽ।ऽ ऽ ऽ ऽऽ ।ऽ ऽऽ
भर्त्तुराज्ञानुवर्तिनी या स्त्री स्यात्सा स्थिरा लक्ष्मीः।
ऽ।ऽ ऽ ।ऽ।ऽ ।।ऽऽ ।ऽऽऽ
स्वप्रभुत्वाऽभिमानिनी विपरीता परित्याज्या॥

इस उद्धरण के प्रथम एवं तृतीय चरण में चतुर्थ वर्ण के पश्चात् एक जगण है। शेष लक्षण 'वक्त्र' के समान, अर्थात् आठ अक्षर वाले 'अनुष्टुप' छन्द के प्रथम एवं तृतीय पाद में प्रथम अक्षर के बाद नगण, सगण नहीं है। (यगण) है। तथा द्वितीय एवं चतुर्थ पाद में भी प्रथम अक्षर के बाद नगण, सगण नहीं है। मगण व यगण है। अतः यह पद्य 'विपरीतपथ्या' छन्द का उदाहरण बना॥ २३॥

ल० य० न० गु०ल० म० य० गु०
।।ऽ ऽ।।।ऽ।ऽऽऽ।ऽऽऽ

चपलावक्त्रमयुजोर्नकारश्चेत्पयोराशेः॥ २४॥

नारायणी—अयुजोर्विषमयोः पयोराशेश्चतुर्थान्नकारश्चेन्नगणश्चेच्चपला-वक्त्रम्। समयोर्य एव॥ २४॥

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

तारा–'वक्त्र' छन्द के विषम पाद प्रथम-तृतीय पादों में यदि चतुर्थ अक्षर के पश्चात् नगण रहे तो उसे '**चपलावक्त्र**' छन्द के नाम से कहा जाता है। अर्थात् जिस आठ अक्षर वाले 'अनुष्टुप्' छन्द के प्रथम-तृतीय विषम पादों में यदि प्रथम अक्षर के पश्चात् नगण, सगण न रहे तथा चतुर्थ अक्षर के पश्चात् नगण रहे। और समपाद द्वितीय-चतुर्थ पाद में प्रथम अक्षर के पश्चात् नगण, सगण न हो तथा चतुर्थ अक्षर के पश्चात् यगण हो तो वह 'चपलावक्त्र' छन्द के नाम से कहा जाता है।

विशेष–इसी लक्षणकारिका में छन्द-लक्षण घटित है। अतः यही उदाहरण भी है। यथा–इसमें प्रथम अक्षर के बाद दोनों सम विषम पादों में नगण, सगण नहीं है तथा प्रथम विषमपाद में चतुर्थ अक्षर के बाद नगण है और समपाद द्वितीय पाद में चतुर्थ अक्षर के बाद यगण है। अतः छन्द-लक्षण घटित हो जाने से यह 'चपलावक्त्र' छन्द का उदाहरण भी जाने।

ऽ। ऽ ऽ । । । ऽ ऽ।ऽ ऽ।ऽ ऽ ऽ
क्षीयमाणाऽग्रदशना वक्त्रनिर्मांसनासाग्रा।
ऽ । ऽ ऽ । । । ऽ । । ऽ ऽ । ऽ ऽ ऽ
कन्यका वक्त्रचपला लभते धूर्त्तसौभाग्यम्॥

इस उदाहृत छन्द के प्रथम एवं तृतीय पाद में चतुर्थ वर्ण के अनन्तर नगण है तथा शेष लक्षण सामान्य 'वक्त्र' के समान चारों चरणों में प्रथम अक्षर के अनन्तर नगण, सगण नहीं है। चतुर्थ अक्षर के बाद द्वितीय चतुर्थ पाद में यगण है। अतः 'चपलावक्त्र' का लक्षण पूर्णतः घटित हो जाने से यह पद्य 'चपलावक्त्र' छन्द का उदाहरण है॥ २४॥

म० य० गु० गु० भ० स० ल० गु०
ऽ ऽ ऽ ऽ। ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ।।।ऽ।ऽ

यस्यां लः सप्तमो युग्मे सा युग्मविपुला मता॥ २५॥

नारायणी–युग्मे द्वितीये चतुर्थे च पादे सप्तमो वर्णो लो लघुः सा युग्मविपुला मता सम्मता। यद्यपि पथ्यायामपि युजोः सप्तमो लस्तथापि तत्र जगणेनैव अत्र तु नभजतैः सप्तमस्य लघुतेति न सङ्करः। तथाऽपि जगणपक्षे सङ्कर एवेति चेत् तर्हि तत्र संज्ञाविकल्प एवास्तु। ये त्वत्र जेन सप्तमस्य नैव लघुतेत्य-सङ्करमाहुस्तेषां मूलस्य लक्ष्यविरोधः। जगणेन लघुकरणात्।

सैतवेन पथाऽर्णवं तीर्णो दशरथात्मजः।
रक्षःक्षयकरीं पुनः प्रतिज्ञां स्वेन बाहुना॥

इति सैतवमतेन विपुलोदाहरणे जकारेणैव वृत्तिकृता लघुकरणात्तद्विरो-धश्चेति पूर्वमेवोत्तरं युक्तं संज्ञाविकल्प इति। अत्र समपादयोस्तृतीये स्थाने चत्वारो विकल्पाः शेषेषु प्राग्वत्। तेन समयोः परस्परहता षण्णवतिर्भेदाः

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

विषमयोः प्रत्येकं पूर्ववच्चतुर्विंशतिः। परस्परहतौ सङ्ख्याऽपि त्रिपञ्चाशल्लक्षाः, अष्टौ सहस्राणि चत्वारि शतानि षोडश च अङ्कतोऽपि ५३०८४१६। अत्राऽयुग्मे यस्यां लः साऽयुग्मविपुलेत्यकारप्रश्लेषेणापि केचिद्व्याचक्षते। पादव्यत्ययं यत्रोदाहरणमाहुः। विपरीतपथ्याचपलावक्त्राभ्यां चैवं भेदः। तत्र जगणनगणाभ्यां सप्तमस्य लघुता, अत्र तु भ-ताभ्यामपि तस्य तथात्वमिति। उदाहरणं च सप्तमस्य लघुत्वमात्रतात्पर्येण जगणे भराभावेनोक्तमिति चाहुः॥ २५॥

तारा—जिस 'वक्त्र' छन्द के सम पादों में सप्तम अक्षर लघु हो उसे 'युग्म-विपुला' छन्द कहते हैं। अर्थात् 'वक्त्र' छन्द के अनुसार जिस आठ अक्षरों वाले छन्द के सम-विषम समस्त पादों में प्रथम अक्षर के पश्चात् नगण, सगण न हो तथा चतुर्थ अक्षर के पश्चात् यगण हो, किन्तु द्वितीय-चतुर्थ समपादों में सप्तम अक्षर लघु हो तो वह 'युग्मविपुला' छन्द कहलाता है।

विशेष—उपर्युक्त कारिका में छन्द-लक्षण घटित करके इसे ही छन्द का उदाहरण भी समझें। यथा—कारिकाछन्द में प्रथम अक्षर के पश्चात् समस्त चारों पादों में नगण, सगण नहीं है। चतुर्थ अक्षर के पश्चात् यगण है, किन्तु समपाद द्वितीय पाद का सप्तम वर्ण 'म' लघु है। अतः लक्षण घटित हो जाने से यही कारिका 'युग्मविपुला' छन्द का उदाहरण भी है। उदाहरण देखें—

। ऽ । ऽ ऽ । । ऽ । ऽ ऽ ऽ । ऽ । ऽ
इयं सखे चन्द्रमुखी स्मितज्योत्स्ना च मानिनी।
ऽ ऽ । ऽ ऽ । । ऽ ऽ । ऽ ऽ । ऽ । ऽ
इन्दीवराक्षी हृदयं दन्दहीति तथापि मे॥

इस उदाहरण के चारों पादों में प्रथम अक्षर के बाद नगण, सगण नहीं है। साथ ही द्वितीय व चतुर्थ पाद में सप्तम अक्षर लघु है। अतः 'युग्मविपुला' का लक्षण घटित होने से यह पद्य 'युग्मविपुला' छन्द का उदाहरण है॥ २५॥

गु० य० ज० गु०
ऽ । ऽ ऽ । ऽ । ऽ

सैतवस्याखिलेष्वपि॥ २६॥

नारायणी—सैतवस्याऽऽचार्यस्य मतेऽखिलेष्वपि पादेषु सप्तमो लः स्यादिति। स्मृत इत्यध्याहारेण सप्तमो ल इति पादानुषङ्गेण व्याख्येयम्। संज्ञा तु विपुलेति निरुपपदैव। अत्र प्रतिपादं षण्णवतिर्भेदाः। तेषां परस्परहतौ सङ्ख्या अष्टौ कोट्य एकोनपञ्चाशल्लक्षाश्चतुस्त्रिंशत्सहस्राणि षट्शती षट्पञ्चाशच्च। अङ्कतोऽपि ८४९३४६५६॥ २६॥

तारा—जिस 'वक्त्र' छन्द के समस्त चारों पादों में सप्तम वर्ण लघु हो वह सैतवाचार्य के मत से 'युग्मविपुला' छन्द होता है। अर्थात् जिस आठ अक्षर वाले अनुष्टुप् छन्द के समस्त पादों में प्रथम अक्षर के पश्चात् नगण-सगण न हो तथा चतुर्थ अक्षर के पश्चात् समस्त चारों पादों में सप्तम अक्षर लघु हो वह सैतवाचार्य के मतानुसार 'युग्मविपुला' छन्द होता है।

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

विशेष–'युग्मविपुला' छन्द का उदाहरण निर्दिष्ट है। यथा–

सैतवेन पथार्णवं तीर्णो दशरथात्मजः।
रक्षःक्षयकरीं पुनः प्रतिज्ञां स्वेन बाहुना॥

इस प्रस्तुत 'अनुष्टुप्' में प्रथम अक्षर के अनन्तर नगण-सगण समस्त चारों पादों में नहीं है। तथा सप्तम वर्ण समस्त पादों में लघु है। अतः इसे सैतवाचार्य के मतानुसार 'युग्मविपुला' छन्द का उदाहरण समझें। लक्षण घटित-स्वरूप इस प्रकार है–

ऽ। ऽ। । ऽ । ऽ ऽऽ । । । ऽ। ऽ
सैतवेन पथार्णवं तीर्णो दशरथात्मजः।
ऽ ऽ । । । ऽ । ऽ । ऽऽ ऽ । ऽ। ऽ
रक्षःक्षयकरीं पुनः प्रतिज्ञां स्वेन बाहुना॥

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

दो गुरु दो लघु–

ऽ ऽ । । ऽ ऽ । । ऽ ऽ। । ऽ ऽ । ।

तृष्णां त्यज धर्मं भज, पापे हृदयं मा कुरु।

ऽ ऽ । । ऽ ऽ । । ऽ ऽ । । ऽ ऽ। ।

इष्टा यदि लक्ष्मीस्तव शिष्टाननिशं संश्रयः॥

दो लघु दो गुरु–

। । ऽ ऽ। । ऽ ऽ । । ऽ ऽ । । ऽ ऽ

हृदयं यस्य विशालं गगनाभोगसमानम्।

। । ऽ ऽ । । ऽ ऽ । । ऽ ऽ । । ऽ ऽ

लभतेऽसौ मणिचित्रं नृपतिर्मूर्ध्नि वितानम्॥ १८॥

र० न० स०

ऽ । ऽ। । । । । ऽ

(६) बृहती॥ रान्नसाविह हलमुखी॥ १६॥

नारायणी–अथ बृहती (६)–रगणानन्तरं नगणसगणौ चेदिह छन्दःशास्त्रे हलमुखी नाम। त्रिभिः षड्भिश्च यतिरिति सम्प्रदायः॥ १६॥

तारा–अब समवृत 'बृहती' नामक नौ अक्षर वाले छन्द का उल्लेख किया जा रहा है। जिस समवृत्त में नौ अक्षर का छन्द हो उसे 'बृहती' छन्द कहते हैं। इस बृहती छन्द के पाँच सौ बारह भेद होते हैं।

जिस नौ अक्षर वाले समवृत्त 'बृहती' छन्द के प्रत्येक पाद में रगण, नगण, सगण क्रम से हों, उसे 'हलमुखी' नामक छन्द कहते हैं। यह छन्द 'बृहती' छन्द का दो सौ एक्कावनवाँ भेद है।

विशेष–मूल कारिका को ही उदाहरणस्वरूप भी समझें। इसी में क्रम से रगण, नगण, सगण हैं। इसी प्रकार चारों चरणों में रहेगा। अन्य उदाहरण ग्रन्थान्तरों में देख लें॥ १६॥

न० न० म०

। । । । । । । ऽ ऽ ऽ

भुजगशिशुभृता नौ मः॥ २०॥

नारायणी–द्वाभ्यां नगणाभ्यामेकेन च मगणेन भुजगशिशुभृता। सप्तभिर्द्वाभ्यां च यतिः। तथा–

भद्रिकेति रनैरियम्॥

वृत्तसङ्ख्या ५१२॥ २०॥

तारा–जिस समवृत्त नौ अक्षर वाले 'बृहती' छन्द के प्रत्येक पाद में क्रमशः दो नगण एक मगण हो उसे 'भुजगशिशुभृता' छन्द कहते हैं। यह 'बृहती' छन्द का चौंसठवाँ भेद है। इसमें सात और दो पर यति होती है।

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

विशेष–लक्षण सूत्र में ही छन्द लक्षण घटित हो जाने से इसे ही उदाहरण भी जानें। उदाहरणान्तर उद्धृत किया जा रहा है–

। । । । । । ऽ ऽ ऽ । । । । । । ऽ ऽ ऽ

ह्रदतटनिकटक्षौणी भुजगशिशुभृता याऽऽसीत्।
मुररिपुदलिते नागे व्रजजनसुखदा साऽभूत्॥ (छन्दो०)

इस उद्धृत पद्य में भी क्रमशः दो नगण तथा एक मगण चारों चरणों में है। अतः यह 'भुजगशिशुभृता' छन्द का उदाहरण है॥ २०॥

म० स० ज० गु०

ऽ ऽ ऽ । । ऽ । ऽ । ऽ

(१०) पङ्क्तिः॥ म्सौ ज्गौ शुद्धविराडिदं मतम्॥ २१॥

नारायणी–अथ पङ्क्तिः (१०)–मगण-सगणौ जगणगुरू च तच्छुद्धविराण्मतं छन्दोविदाम्। पादान्तेऽत्र यतिः॥ २१॥

तारा–क्रमप्राप्त दस अक्षर वाले '**पङ्क्ति**' छन्द का उल्लेख किया जा रहा है। जिस समवृत्त छन्द के प्रत्येक पाद में दस अक्षर हों उसे '**पङ्क्ति**' छन्द कहते हैं। इस पङ्क्ति छन्द के दस सौ चौबीस भेद होते हैं।

जिस '**पङ्क्ति**' छन्द के प्रत्येक पाद में क्रमशः मगण, सगण, जगण और एक गुरु हो उसे '**शुद्धविराड्**' छन्द कहते हैं। यह पङ्क्ति छन्द का तीन सौ पैंतालीसवाँ छन्द है॥

विशेष–उपर्युक्त मूल कारिका में छन्द लक्षण घटित हो जाने से यही इस 'शुद्धविराड्' छन्द का उदाहरण भी समझें। इसमें क्रमशः मगण, सगण, जगण तथा एक गुरु वर्ण है। अन्य उदाहरण अन्यत्र देखें॥ २१॥

म० न० य० गु०

ऽ ऽ ऽ । । । । ऽ ऽ ऽ

म्नौ य्गौ चेति पणवनामेदम्॥ २२॥

नारायणी–मगणनगणौ जगण-गुरु चेति पणवनामकम्। पञ्चभिः पञ्चभिश्च यतिः॥ २२॥

तारा–जिस समवृत्त दस अक्षर वाले '**पङ्क्ति**' छन्द के प्रत्येक चरण में क्रमशः मगण, नगण, यगण तथा एक गुरु वर्ण हो उसे '**पणवनाम**' छन्द कहते हैं। यह पङ्क्ति छन्द का एक सौ एक्कीसवाँ भेद है॥

विशेष–मूल लक्षण-सूत्र में ही छन्द-लक्षण घटित है। अतः इसे ही उदाहरणस्वरूप भी समझें। इसमें क्रमशः मगण, नगण, यगण तथा एक गुरु वर्ण है। अतः यह 'पणवनाम' छन्द का उदाहरण है। इसी प्रकार चारों पादों में भी क्रमशः यही क्रम रहेगा॥ अन्य उदाहरण अन्यत्र देख लें॥ २२॥

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

र० ज० र० गु०
ऽ ।ऽ ।ऽ ।ऽ ।ऽ ऽ

जौ रगौ मयूरसारिणी स्यात्॥ २३॥

नारायणी—रगण-जगण-रगण-गुरुभिर्मयूरसारिणी। पादान्ते यतिः॥ २३॥

तारा—जिस समवृत्त दस अक्षर वाले '**पङ्क्ति**' छन्द के प्रत्येक पाद में रगण, जगण, रगण और एक गुरु वर्ण हो उसे '**मयूरसारिणी**' छन्द कहते हैं। यह पङ्क्ति छन्द का एक सौ एकहत्तरवाँ भेद है।

विशेष—लक्षण-कारिका में छन्द लक्षण समन्वित है। अतः इसे ही उदाहरण भी समझें। इसमें क्रमशः रगण, जगण, रगण तथा एक गुरु वर्ण है। अतः यह '**मयूरसारिणी**' छन्द का उदाहरण भी है। अन्य उदाहरण अन्यत्र देखें॥ २३॥

म० म० स० गु०
ऽ ।। ऽऽ ऽ। ।ऽऽ

भ्मौ सगयुक्तौ रुक्मवतीयम्॥ २४॥

नारायणी—भ-म-स-गणै-र्गुरुणा च रुक्मवती नाम। चम्पकमालेत्यन्ये। पादान्ते यतिः॥ २४॥

तारा—समवृत्त दस अक्षर वाले जिस '**पङ्क्ति**' छन्द के प्रत्येक पाद में एक भगण, मगण, एक सगण तथा एक गुरु क्रम से हों उसे '**रुक्मवती**' छन्द कहते हैं। यह पङ्क्ति छन्द का एक सौ निन्यानवेवाँ भेद है।

विशेष—उदाहरणस्वरूप मूल कारिका ही है। इसी प्रकार जिसके चारों चरणों में समानता हो उसे छन्द का उदाहरण समझें। इसमें भगण, मगण, सगण तथा एक गुरु वर्ण क्रमशः है॥ अतः यह '**रुक्मवती**' छन्द का उदाहरण हुआ। अन्य उदाहरण निम्न निर्दिष्ट है—

ऽ ।।ऽ ऽ ऽ ।।ऽ ऽ ऽ। ।ऽ ऽ ऽ।। ऽ ऽ

कायमनोवाक्यैः परिशुद्धैर्यस्य सदाकंसद्विषि भक्तिः।
राज्यपदे हर्म्यालिरुदारा रुक्मवती विघ्नः खलु तस्य॥ (छन्दो०)

इस उदाहृत पद्य के प्रत्येक पाद में क्रमशः भगण, मगण, सगण तथा एक गुरु वर्ण है। अतः यह दस अक्षर पाद रुक्मवती छन्द का उदाहरण हुआ॥ २४॥

म० भ० स० गु०
ऽऽ ऽऽ ।।।ऽऽ

मत्ता ज्ञेया मभसगयुक्ता॥ २५॥

नारायणी—म-भ-स-गणगुरुयुता मत्ता। चतुर्भिः षड्भिश्च यतिः॥ २५॥

तारा—जिस दस अक्षर पाद '**पङ्क्ति**' छन्द के प्रत्येक पाद में क्रमशः मगण,

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

भगण, सगण तथा एक गुरु वर्ण हो उसे 'मत्ता' नामक छन्द कहते हैं। यह छन्द 'पङ्क्ति' छन्द का चौबीसवाँ भेद है॥

विशेष—मूल कारिका में छन्द लक्षण घटित है। अतः इसे ही 'मत्ता' छन्द का उदाहरण भी जानें। इसमें क्रमशः मगण, भगण, सगण तथा एक-एक गुरु वर्ण है। इसी प्रकार चारों पाद रहेंगे। उदाहरणान्तर निम्नलिखित समझें—

ऽ ऽ ऽ ऽ । । । । ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ । । । । ऽ ऽ

पीत्वा मत्ता मधु मधुपाली, कालिन्दीये तटवनकुञ्जे।
उद्दीव्यन्ती व्रजजनरामाः कामासक्ता मधुजिति चक्रे॥ (छन्दो०)

इस उद्धरण के चारों पादों में समान रूप से मगण, भगण, सगण तथा एक गुरु वर्ण क्रमशः है। अतः मत्ता नामक छन्द का यह उदाहरण हुआ॥ २५॥

न० र० ज० गु०
। । । ऽ । ऽ । ऽ । ऽ

नरजगैर्भवेन्मनोरमा॥ २६॥

नारायणी—न-र-जगणगुरुभिर्मनोरमा। पादान्ते यतिः॥ २६॥

तारा—जिस समवृत्त दस अक्षर वाले 'पङ्क्ति' छन्द के प्रत्येक पाद में एक नगण, एक रगण, एक जगण तथा एक गुरु वर्ण हो, उसे 'मनोरमा' नामक छन्द कहते हैं। यह मनोरमा छन्द पङ्क्ति छन्द का तीन सौ चवालीसवाँ भेद है।

विशेष—इस लक्षण सूत्र को ही मनोरमा छन्द का उदाहरण भी जानें, क्योंकि छन्द का लक्षण इसी में घटित हो जाता है। इसमें क्रमशः नगण, रगण, जगण तथा अन्त में एक गुरु वर्ण है। अतः यही 'मनोरमा' छन्द का उदाहरण भी है। इसी प्रकार चारों पाद रहेंगे॥ उदाहरणान्तर यह है—

। । । ऽ । ऽ । ऽ । ऽ । । । ऽ । ऽ । ऽ । ऽ

तरणिजातटे विहारिणी व्रजविलासिनीविलासतः।
मुररिपोस्तनुः पुनातु वः सुकृतशालिनां मनोरमा॥ (छन्दो०)

इस उदाहृत उद्धरण के चारों पादों में क्रमशः नगण, रगण, जगण तथा एक गुरु वर्ण है। अतः इसे मनोरमा छन्द का उदाहरण समझें॥ २६॥

त० ज० ज० गु०
ऽ ऽ । । ऽ । । ऽ । ऽ

त्जौ जो गुरुणेयमुपस्थिता॥ २७॥

नारायणी—त-ज-जगण-गुरुभिरुपस्थिता नाम। पादान्ते यतिः। द्वाभ्यामष्ट-भिश्चेत्येके॥ अत्र सङ्ख्या १०२४॥ २७॥

तारा—जिस दस अक्षरा पङ्क्ति छन्द के प्रत्येक पाद में एक तगण दो जगण तथा एक गुरु वर्ण हो वह 'उपस्थिता' छन्द कहा जाता है। यह पङ्क्ति छन्द का तीन सौ पैंसठवाँ छन्द है॥

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

विशेष–मूलकारिका में ही छन्द-लक्षण समन्वित है; अतः यही कारिका उपस्थिता छन्द का उदाहरण भी मानें। इसमें क्रमशः एक तगण दो जगण तथा एक गुरु वर्ण अन्त में है। अतः यह 'उपस्थिता' छन्द का उदाहरण भी हो गया। ग्रन्थान्तर में अन्य उदाहरण देख लें॥ २७॥



(११) त्रिष्टुप्॥ स्यादिन्द्रवज्रा यदि तौ जगौ गः॥ २८॥

नारायणी–अथ त्रिष्टुप् (११)–त-त-जगणैर्गुरुभ्यां चेन्द्रवज्रा नाम। पादे यतिः॥ २८॥

तारा–अब क्रमप्राप्त 'त्रिष्टुप्' छन्द का उल्लेख है। जिस समवृत्त में एकादश अक्षर हों उसे 'त्रिष्टुप्' छन्द कहते हैं। इस त्रिष्टुप् छन्द के बीस सौ बाइस भेद हैं॥

जिस एकादश अक्षर वाले उष्णिक् समवृत्त के प्रत्येक पाद में क्रमशः दो तगण, एक जगण तथा दो गुरु वर्ण हों, उसे इन्द्रवज्रा छन्द कहते हैं। यह इन्द्रवज्रा छन्द त्रिष्टुप् छन्द का तीन सौ सत्तावनवाँ भेद है॥

विशेष–लक्षण-सूत्र सभी छन्द-लक्षण से युक्त है। इससे प्रकृत कारिका ही उदाहरणस्वरूप भी है। इसमें क्रमशः दो तगण, एक जगण तथा अन्त में दो गुरु वर्ण है। अतः यही इन्द्रवज्रा छन्द का उदाहरण भी है। अन्य उदाहरण इस प्रकार देखें–

ऽ ऽ ।ऽ ऽ ।।ऽ। ऽ ऽ ऽ ऽ।ऽ ऽ ।।ऽ।ऽ ऽ

गोष्ठे गिरिं सव्यकरेण धृत्वा रुष्टेन्द्रवज्राहतिमुक्तवृष्टौ।
यो गोकुले गोपकुलञ्च सुस्थं चक्रे स नो रक्षतु चक्रपाणिः॥ (छन्दो०)

इस उदाहृत पद्य में इन्द्रवज्रा छन्द का लक्षण सम्यग् घटित है। इसके प्रत्येक पाद में दो तगण, एक जगण तथा दो गुरु वर्ण है। अतः यह इन्द्रवज्रा छन्द का उदाहरण है॥ २८॥



उपेन्द्रवज्रा जतजास्तस्तो गौ॥ २९॥

नारायणी–ज-त-जगणा गुरू चोपेन्द्रवज्रा नाम। पूर्वोक्तैव यतिः॥ २९॥

तारा–जिस एकादस अक्षर वाले समवृत्त त्रिष्टुप् छन्द के प्रत्येक पाद में क्रमशः जगण, तगण, जगण तथा अन्त में दो गुरु वर्ण हों, उसे उपेन्द्रवज्रा छन्द कहते हैं। यह त्रिष्टुप् छन्द का तीन सौ अठावनवाँ भेद है।

विशेष–मूल कारिका को ही उदाहरण भी मान लें. क्योंकि इसी कारिका में छन्द का लक्षण घटित है। इसमें क्रमशः जगण, तगण. जगण तथा अन्त में

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

दो गुरु वर्ण है। अतः यही उपेन्द्रवज्रा छन्द का उदाहरण भी है। अन्य उदाहरण इस प्रकार समझें–

। ऽ । ऽ ऽ । । ऽ । ऽ ऽ । ऽ । ऽ ऽ । । ऽ । ऽ ऽ

उपेन्द्रवज्रादिमणिच्छटाभिर्विभूषणानां छुरितं वपुस्ते।
स्मरामि गोपीभिरुपास्यमानं सुरद्रुमूले मणिमण्डपस्य॥ (छन्दो०)

इस उदाहरण के प्रत्येक पाद में क्रमशः जगण, तगण, जगण तथा दो गुरु वर्ण अन्त में है। अतः यह उपेन्द्रवज्रा छन्द का उदाहरण है॥ २६॥

ज० त० ज० गु० गु० त० त० ज० गु० गु०

। ऽ । ऽ ऽ । । ऽ । ऽ ऽ ऽ ऽ । ऽ ऽ । । ऽ । ऽ ऽ

अनन्तरोदीरितलक्ष्मभाजौ पादौ यदीयावुपजातयस्ताः॥ ३०॥

नारायणी–अव्यवहितोक्तेन्द्रवज्रोपेन्द्रवज्रालक्षणवन्तौ पादौ यत्सम्बन्धिनौ ता उपजातयो नाम। अत्र पूर्वोक्तलक्षणेन पादद्वयेन यथायोगमेकद्विवारावृत्त्या निष्पतिर्विवक्षिता, न तु द्वाभ्यामेव वृत्तपूर्तिः। पादद्वयमात्रघटितस्य वृत्तस्याभावात्। द्विवचनं लक्षणद्वययोगेन लक्षणया नेयम्। ताश्चतुरक्षरप्रस्तारवत्प्रस्तारे सत्याद्यन्तभेदयोः केवलेन्द्रवज्रोपेन्द्रवज्रात्यागे चतुर्दश भवन्ति। यथा–उइइइ १ इउइइ २ उउइइ ३ इइउइ ४ उइउइ ५ इउउइ ६ उउउइ ७ इइइउ ८ उइइउ ९ इउइउ १० उउइउ ११ इइउउ १२ उइउउ १३ इउउउ १४ इति। तथा च वृद्धाः–

एकत्र पादे चरणद्वये वा पादत्रये वान्यतरः स्थितश्चेत्।
तयोरिहान्यत्र तदोहनीयाश्चतुर्दशोक्ता उपजातिभेदाः॥ इति।

तत्राद्यभेदोदाहरणम्–

दैत्याधिपप्राणमुषां नखानामुपेयुषां भूषणतां क्षतेन।
प्रकाशकार्कश्यगुणौ दधानाः स्तनौ तरुण्यः परिवब्रुरेनम्॥ (शि. ३,१४)

मूलश्लोकस्तु पृष्ठभेदोदाहरणम्। एवमन्यभेदेष्वप्युदाहरणानि काव्येषु च विवेचनीयानि॥ ३०॥

तारा–पूर्वोक्त इन्द्रवज्रा एवं उपेन्द्रवज्रा नामक समवृत्तों के मेल से जो छन्द बनते हैं, उन्हें उपजाति छन्द के नाम से कहा जाता है। इन दोनों छन्दों के परस्पर लोम-विलोम से चारों पादों की पृथक्-पृथक् रचना करने पर चौदह प्रकार के उपजाति भेद इन दोनों इन्द्रवज्रा व उपेन्द्रवज्रा के मेल से बन जाते हैं। यथा–

१. उ. इ. इ. इ.	५. उ. इ. उ. इ.	९. उ. इ. इ. उ.
२. इ. उ. इ. इ.	६. इ. उ. उ. इ.	१०. इ. उ. इ. उ.
३. उ. उ. इ. इ.	७. उ. उ. उ. इ.	११. उ. उ. इ. उ.
४. इ. इ. उ. इ.	८. इ. इ. इ. उ.	१२. इ. इ. उ. उ.

१३. उ. इ. उ. उ.
१४. इ. उ. उ. उ.

सं. प्र. द्वि. तृ. च. सं. प्र. द्वि. तृ. च. सं. प्र. द्वि. तृ. च. सं. प्र. द्वि. तृ. च.

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

विशेष—प्रस्तुत मूलकारिका का प्रथम पाद **उपेन्द्रवज्रा** तथा द्वितीय पाद **इन्द्रवज्रा** छन्द के लक्षणों से युक्त है। अर्थात् प्रथम पाद में क्रमशः जगण, तगण, जगण तथा अन्त में दो गुरु है—यह **उपेन्द्रवज्रा** हुआ। और द्वितीय पाद में क्रमश तगण, तगण, जगण तथा अन्त में दो गुरु है यह **इन्द्रवज्रा** है। इस प्रकार दोनों पाद भिन्न-भिन्न लक्षणों से युक्त होने के कारण उपेन्द्रवज्रा-इन्द्रवज्रा के मेल से बना यह उपजाति का उदाहरण हो गया। उपजाति के चौदह भेद, जो इन दोनों के मेल से बनते हैं; उनके पृथक्-पृथक् उदाहरण ग्रन्थों में मिलते हैं। इन भेदों का उल्लेख इस प्रकार से है—

ऽ ऽ । ऽ ऽ । । ऽ । ऽ ऽ ऽ ऽ । ऽ ऽ । । ऽ । ऽ ऽ

एकत्र पादे चरणद्वये वा पादत्रये वान्यतरः स्थितश्चेत्।
तयोरिहान्यत्र तदोहनीयाश्चतुर्दशोक्ता उपजातिभेदाः॥ (नारायणी)

इसके चौदहवें भेद का उदाहरण देखें—

ऽ ऽ । ऽ ऽ । । ऽ । ऽ ऽ । ऽ । ऽ । । ऽ । ऽ ऽ

दैत्याधिपप्राणमुषां नखानामुपेयुषां भूषणतां क्षतेन।
प्रकाशकार्कश्यगुणौ दधानाः स्तनौ तरुण्यः परिवब्रुरेनम्॥

इस उद्धृत पद्य में प्रथम पाद इन्द्रवज्रा का है और शेष तीनों पाद उपेन्द्रवज्रा का है। अतः यह अन्तिम चौदहवें भेद (इ.उ.उ.उ.) का उदाहरण है। अन्य उदाहरण भी इसी प्रकार ग्रन्थान्तरों में उपलब्ध है॥ ३०॥

इत्थं किलान्यास्वपि मिश्रितासु स्मरन्ति जातिष्विदमेव नाम॥ ३१॥

नारायणी—अन्यास्वपि जगत्यादिजातिष्वित्थं सामान्यसङ्ख्याऽक्षरत्वसमानयतिकत्वादिप्रकारेण मिश्रितास्विदमेवोपजातिर्नाम वृद्धाः स्मरन्ति। ग्रन्थान्तरेभ्यो ज्ञात्वा वदन्तीत्यर्थः। इत्थमित्यनेन विषमवर्णसङ्ख्यानां विषमयतिकानां च जातीनां त्र्यादीनां च मिश्रणे उपजातिर्नाम नास्तीति सूचितम्। स्मरन्तीत्यनेन च कविप्रयोगे दर्शनानुरोधः सूचितः। तत्रेन्द्रवंशावंशस्थाभ्यामुदाहरणम्—

इत्थं रथाश्वेभनिषादिनां प्रगे
गणो नृपाणामथ तोरणाद्बहिः॥
प्रस्थानकालक्षमवेषकल्पना—
कृतक्षणक्षेपमुदैक्षताच्युतम्॥ (शि. १२-१)

एवमन्यत्राऽपि प्रयोगवशादुदाहरणं ज्ञेयम्। सर्वासामुपजातीनामुक्ततया दिशा चतुर्दश भेदा भवन्ति। विषमार्धसमरूपत्वेऽप्युपजातीनां समवृत्तेषूपन्यासः समवृत्तघटिततया प्रासङ्गिकः॥ ३१॥

तारा—कुछ विद्वान् कविप्रयोगदर्शनवशात् समान अक्षर संख्या, समान यति वाले अन्य इन्द्रवंशा वंशस्थ आदि छन्दों के मिश्रण से भी उपजाति छन्द मानते हैं। यथा-'इन्द्रवंशा-वंशस्थ' पादभेद का उदाहरण—

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

ऽ ऽ ।ऽ ऽ ।।ऽ ।ऽ ।ऽ

इत्थं रथाश्वेभनिषादिनां प्रजा-
गणो नृपाणामथ तोरणाद् बहिः।
प्रस्थानकालक्षमवेषकल्पना-
कृतक्षणक्षेपमुदैक्षताच्युतम्॥ (शि० १२-१)

वंशस्थ-उपेन्द्रवज्रा मिश्रित का उदाहरण-

।ऽ । ऽ ऽ ।।ऽ ।ऽ ।ऽ

नमोऽस्तु वाचस्पतये सचक्रिणे
स्वयंभुवे चापि हुताशनाय।
अनेन चोक्तं यदिदं ममाग्रतो
वनौकसां तच्च तथाऽस्तु नान्यथा॥

इन्द्रवज्रा-उपेन्द्रवज्रा-वंशस्थ मिश्रित का उदाहरण-

ऽ ऽ ।ऽ ऽ ।।ऽ ।ऽ ।ऽ

तावत्प्रविष्टास्त्वसुरोदरान्तरे,
परं न गीर्णाः शिशवः सवत्साः।
प्रतीक्षमाणेन बकारिवेशनं
हृतश्च कान्ताभरणेन रक्षसा॥

इन्द्रवज्रा-उपेन्द्रवज्रा-इन्द्रवंशा-वंशस्थ मिश्रित का उदाहरण-

ऽ ऽ । ऽ ऽ ।।ऽ ।ऽ ऽ

विद्याप्रबोधादयजन्मभूमि
र्वाराणसी मुक्तिपुरी निरत्यया।
अतः कुलोच्छेदविधिं विधित्सुभि-
र्निवस्तुमत्रेच्छति नित्यमेव सः॥

इसी प्रकार अन्य अनेक भेदों की कल्पना स्वयं कर सकते हैं। ग्रन्थों में अनेकशः प्रयोग देखे भी जा सकते हैं॥ ३१॥

न० ज० ज० ल०गु०

।।। ।ऽ।ऽ ।।ऽ

न ज ज ल गैर्गदिता सुमुखी॥ ३२॥

नारायणी-न-ज-जैर्गणैर्लघुगुरुभ्यां च सुमुखी नाम। पञ्चभिः षड्भिश्च यतिः॥ ३२॥

तारा-जिस समवृत्त एकादश अक्षर वाले त्रिष्टुप् छन्द के प्रत्येक पाद में एक नगण (।।।) दो जगण (।ऽ।) तथा एक लघु एक गुरु हो उसे 'सुमुखी' नामक छन्द कहते हैं। यह सुमुखी छन्द त्रिष्टुप् छन्द का आठ सौ अस्सीवाँ छन्द है।

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

विशेष—कारिका भाग ही छन्द लक्षण के एक पाद का उदाहरण है। इसी प्रकार चारों पादों के एक समान रहने पर छन्द का उदाहरण समझें। अर्थात् प्रस्तुत भाग में एक नगण, दो जगण तथा एक लघु, एक गुरु वर्ण है। अतः यह सुमुखी छन्द का उदाहरण हुआ। उदाहरणान्तर देखें—

।।।ऽ।। ऽ।ऽ

तरणिसुतातट-कुञ्जगृहे,
वदनविधुस्मितदीधितिभिः।
तिमिरमुदस्य वृतं सुमुखी
हरिमवलोक्य जहास चिरम्॥ (छन्दो०)

इस उद्धृत पद्य के चारों चरणों में एक-एक नगण (।।।) दो-दो जगण (।ऽ।) तथा एक-एक लघु-गुरु वर्ण है। अतः यह सुमुखी छन्द का उदाहरण है॥ ३२॥



दोधकवृत्तमिदं भभभाद्गौ॥ ३३॥

नारायणी—भगणत्रयाद् गुरुद्वयं चेद्दोधकं नाम। भभभादिति समाहारद्वन्द्वैकवद्भावः। 'दोधकनामनि भत्रयतो गौ' इति वा पाठः। पादान्ते यतिः॥ ३३॥

तारा—जिस एकादश अक्षर वाले समवृत्त के प्रत्येक पाद में तीन भगण तथा दो गुरु वर्ण हों, उसे 'दोधकवृत्त' कहते हैं। यह दोधकवृत्त त्रिष्टुप् छन्द का चार सौ उनतालीसवाँ भेद है।

विशेष—उदाहरण के लिए कारिका भाग ही है। इसमें तीन भगण तथा दो गुरु वर्ण हैं। इसी प्रकार चारों पाद रहेंगे। अन्य उदाहरण देखें—

ऽ। ।ऽ। ।ऽ ।।ऽ ऽ

देव! सदोध! कदम्बतलस्थ!,
श्रीधर! तावकनामपदं मे।
कण्ठतलेऽसुविनिर्गमकाले,
स्वल्पमणि क्षणमेष्यति योगम्॥ (छन्दो०)

इस उद्धरण के चारों चरणों में तीन-तीन भगण तथा दो-दो गुरु वर्ण है। अतः यह दोधक वृत्त का उदाहरण है।



शालिन्युक्ता म्तौ तगौ गोब्धिलोकैः॥ ३४॥

नारायणी—म-त-तै-र्गुरुभ्यां च शालिनी। अब्धिभिश्चतुर्भिर्लोकैः सप्तभिश्च यतिरिति शेषः। एवमुत्तरत्रापि॥ ३४॥

तारा—जिस एकादश अक्षर वाले समवृत्त त्रिष्टुप् छन्द के प्रत्येक पाद में एक मगण (ऽऽऽ) दो तगण (ऽऽ।) दो गुरु (ऽऽ) वर्ण हों उसे शालिनी छन्द कहते हैं। यह शालिनी छन्द त्रिष्टुप् छन्द का दो सौ उननव्वेवाँ भेद है।

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

विशेष—मूल कारिका ही उदाहरण भी समझें। इसमें एक मगण, दो तगण, तथा दो गुरु वर्ण हैं। इसी क्रम से चारों चरण रहने पर दोधकवृत्त का उदाहरण होगा। उदाहरणान्तर निम्ननिर्दिष्ट पद्य है—

ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ।ऽ ऽ ।ऽ ऽ

अंहो हन्ति ज्ञानवृद्धिं विधत्ते
धर्मं दत्ते काममर्थं च सूते।
मुक्तिं दत्ते सर्वदोपास्यमाना
पुंसां श्रद्धाशालिनी विष्णुभक्तिः॥ (छन्दो०)

इस उद्धरण के प्रत्येक पाद में एक मगण, दो तगण तथा दो गुरु वर्ण हैं। इससे यह शालिनी छन्द का उदाहरण है॥ ३४॥

म० भ० त० गु० गु०
ऽ ऽ ऽ ऽ ।।ऽ ऽ ।ऽ ऽ

वातोर्मीयं गदिता म्भौ तगौ गः॥ ३५॥

नारायणी—म-भ-त-गु-गुरुभिर्वातोर्मी। इयमिति शालिन्युक्तयतिमतीत्यर्थः॥ ३५॥

तारा—जिस एकादशाक्षरक समवृत्त त्रिष्टुप् के प्रत्येक पाद में क्रमशः एक मगण, एक भगण, एक तगण तथा दो गुरु वर्ण हों, उसे **वातोर्मी** छन्द कहते हैं। यह वातोर्मी छन्द त्रिष्टुप् का तीन सौ पाँचवाँ भेद है।

विशेष—मूल कारिका में ही छन्दोलक्षण घटित हो जाने से इसे ही उदाहरणस्वरूप भी जानें। इसमें एक मगण, एक भगण, एक तगण तथा दो गुरु वर्ण हैं। अतः यह वातोर्मी छन्द का उदाहरण भी हुआ। अन्य उदाहरण देंखे—

ऽ ऽ ऽ ऽ ।।ऽ ऽ।ऽ ऽ

ध्याता मूर्तिः क्षणमप्यच्युतस्य
श्रेणी नाम्ना गदिता हेलयापि।
संसारेऽस्मिन् दुरितं हन्ति पुंसां
वातोर्मी पोतमिवाम्भोधिमध्ये॥ (छन्दो०)

इस उदाहृत पद्य के प्रत्येक पाद में क्रमशः एक मगण, एक भगण, एक तगण तथा दो गुरु वर्ण हैं। अतः यह वातोर्मी छन्द का उदाहरण है॥ ३५॥

भ० त० न० गु० गु०
ऽ।।ऽ ऽ ।।।।ऽ ऽ

पञ्चरसैः श्रीर्भतनगगैः स्यात्॥ ३६॥

नारायणी—भ-त-न-ग-गुरुभिः पञ्चभिः षड्भिश्च यतौ श्रीर्नाम॥ ३६॥

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

तारा–जिस एकादश अक्षर वाले समवृत्त त्रिष्टुप् छन्द के प्रत्येक पाद में क्रमशः भगण, तगण, नगण तथा दो गुरु वर्ण हों और इसी क्रम से छन्द के चारों चरण हों तो उसे 'श्री' नामक छन्द कहा जाता है। यह श्री नामक छन्द त्रिष्टुप् छन्द का छः सौ तिरासिवाँ भेद है॥ ३६॥

विशेष–उदाहरणस्वरूप मूल कारिका ही जानें। इसमें क्रमशः भगण, तगण, नगण तथा दो गुरु वर्ण हैं। अतः यह ही श्री छन्द का उदाहरण भी हो गया। उदाहरणान्तर निम्न पद्य देखें–

ऽ।।ऽऽ ।।।।ऽऽ ।।।ऽऽ।।।।ऽऽ

वल्लववेशा मुररिपुमूर्ति-र्गोपमृगाक्षीकृतरतिपूर्तिः।
वाञ्छितसिद्धचै प्रणतिपरस्य स्यादनुकूला जगति न कस्य॥

इस उद्धरण के प्रत्येक पाद में क्रमशः भगण, तगण, नगण तथा दो गुरु वर्ण हैं। अतः लक्षण घटित हो जाने से यह श्री छन्द का उदाहरण हो गया॥ ३६॥

म० भ० न० ल० गु०

ऽ ऽ ऽ ऽ ।।।।।।ऽ

म्भौ न्लौ गः स्याद् भ्रमरविलसिताम्॥ ३७॥

नारायणी–म-भ-न-लघुगुरुभिर्भ्रमरविलसितम्। चतुर्भिः सप्तभिश्च यतिः॥ ३७॥

तारा–जिस एकादश अक्षर वाले समवृत्त त्रिष्टुप् छन्द के प्रत्येक पाद में क्रमशः मगण, भगण, नगण तथा एक लघु, एक गुरु वर्ण हो, वह भ्रमरविलसित वृत्त कहा जाता है। यह भ्रमरविलसित छन्द त्रिष्टुप् छन्द का भेद है।

विशेष–भ्रमरविलसित छन्द का उदाहरण मूल कारिका ही समझें, इसमें क्रमशः मगण, भगण, नगण तथा एक लघु व एक गुरु है। अतः छन्द-लक्षण घटित हो जाने से यह भ्रमरविलसित छन्द का उदाहरण भी हो गया। चार चरण युक्त उदाहरणान्तर निम्न निर्दिष्ट देखें–

ऽऽ ऽऽ।।।। । ।ऽ

मुग्धे! मानं परिहर न चिरात्
तारुण्यं ते सफलयतु हरिः।
फुल्ला वल्ली भ्रमरविलसिताऽ-
भावे शोभां कलयति किमु ताम्॥ (छन्दो०)

इस उद्धृत पद्य के चारों चरणों में क्रमशः मगण, भगण, नगण तथा एक लघु व एक गुरु वर्ण हैं। अतः यह भ्रमरविलसित छन्द का उदाहरण है।

र० न० र० ल० गु०

ऽ।ऽ।। ।ऽ।ऽ ।ऽ

रान्नराविह रथोद्धता लगौ॥ ३८॥

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

नारायणी–र-न-र-ल-गैरिह च्छन्दःशास्त्रे रथोद्धता। पादे यतिः॥ ३८॥

तारा–जिस समवृत्त एकादश अक्षर वाले त्रिष्टुप् छन्द के प्रत्येक पाद में क्रमशः रगण, नगण, रगण तथा एक लघु व एक गुरु वर्ण हो उसे '**रथोद्धता**' छन्द कहते हैं।

विशेष–मूलकारिका ही इस छन्द का उदाहरणस्वरूप भी है। क्योंकि इसमें क्रमशः रगण, नगण, रगण तथा एक लघु व एक गुरु वर्ण निबद्ध है। अतः रथोद्धता छन्द का लक्षण घटित हो जाने के कारण इसे ही उदाहरण भी समझें। अन्य उदाहरण ग्रन्थान्तर से देखें–

ऽ।ऽ ।।।ऽ।ऽ।ऽ

राधिका दधिविलोडनास्थिता
कृष्णवेणुनिनदै रथोद्धता।
यामुनं तटनिकुञ्जमञ्जसा
सा जगाम सलिलाहृतिच्छलात्॥ (छन्दो०)

इस उद्धृत पद्य के प्रत्येक चरण में क्रमशः रगण, नगण, रगण तथा एक लघु, एक गुरु वर्ण है। अतः रथोद्धता छन्द का लक्षण घटित हो जाने से यह छन्द का उदाहरण है॥ ३८॥

र० न० भ० गु०गु०
ऽ।ऽ। ।।ऽ ।।ऽऽ

स्वागतेति रनभाद् गुरुयुग्मम्॥ ३९॥

नारायणी–र-न-भ-गणेभ्यः परं गुरुयुग्मं यदि तदेत्येवं स्वागता। न-न-भादित्येकवद्भावः। पूर्ववद्यतिः॥ ३९॥

तारा–जिस एकादश अक्षर वाले समवृत्त त्रिष्टुप् छन्द के प्रत्येक पाद में क्रमशः रगण, नगण, भगण तथा दो गुरु वर्ण हों उसे '**स्वागता**' छन्द कहते हैं।

विशेष–उदाहरणस्वरूप मूल कारिका ही समझें। क्योंकि इसमें क्रमशः रगण, नगण, भगण तथा दो गुरु वर्ण निबद्ध है। अतः लक्षण घटित हो जाने के कारण यह स्वागता छन्द का उदाहरण हुआ। उदाहरणान्तर चार चरण युक्त देखें–

ऽ।ऽ।। ।ऽ ।।ऽऽ

यस्य चेतसि सदा मुरवैरी
वल्लवीजनविलासविलोलः।
तस्य नूनममरालयभाजः
स्वागतादरकरः सुरराजः॥ (छन्दो०)

इस उदाहरण के चारों चरणों में क्रमशः रगण, नगण, भगण तथा दो गुरु वर्ण है। अतः स्वागता का लक्षण घटित हो जाने से यह स्वागतार छन्द का उदाहरण हो गया॥ ३९॥

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust



ननसगगुरुरचिता वृत्ता॥ ४०॥

नारायणी–न-न-स-ग-गुरुकृता वृत्ता नाम। चतुर्भिः सप्तभिश्च यतिः॥ ४०॥

तारा–जिस एकादश अक्षर वाले समवृत्त त्रिष्टुप् छन्द के प्रत्येक पाद में क्रमशः दो नगण एक सगण और दो गुरु वर्ण हो उसे '**वृत्ता**' छन्द कहते हैं।

विशेष–मूल कारिका में छन्द लक्षण घटित हो जाने से इसे वृत्ता छन्द का उदाहरण भी जानें। उदाहरणान्तर अन्यत्र देखें॥ ४०॥



ननरलगुरुभिश्च भद्रिका॥ ४१॥

नारायणी–न-न-र-ल-गैर्भद्रिका। पादे यतिः॥ ४१॥

तारा–जिस एकादश अक्षर वाले समवृत्त त्रिष्टुप् छन्द के प्रत्येक पाद में दो नगण, एक रगण तथा एक लघु, एक गुरु वर्ण क्रमशः हों, उसे '**भद्रिका**' छन्द कहते हैं।

विशेष–मूल कारिका लक्षणसूत्र में लक्षण घटित हो जाने के कारण इस कारिका को ही भद्रिका छन्द का उदाहरण भी समझें। इसमें दो नगण, एक रगण, तथा एक लघु, एक गुरु वर्ण क्रमशः है। अतः यही उदाहरण भी हो गया॥ ४१॥



श्येनिका रजौ रलौ गुरुर्यदा॥ ४२॥

नारायणी–स्पष्टम्। पादे यतिः॥ ४२॥

तारा–जिस एकादश अक्षरक समवृत्त त्रिष्टुप् छन्द के प्रत्येक पाद में क्रमशः रगण, जगण, रगण तथा एक लघु, एक गुरु वर्ण हों उसे '**श्येनिका**' छन्द कहते हैं।

विशेष–लक्षणकारिका ही छन्दलक्षण से युक्त है। अतः यह मूल कारिका इस श्येनिका छन्द का उदाहरण भी समझें। इसी प्रकार चारों चरण होने पर श्येनिका छन्द बन जायगा। उदाहरणान्तर निम्न पद्य में देखें–

यस्य कीर्तिरिन्दुकुन्दचन्दन
श्येन्यशेषलोकपावनी सदा।
जाह्नवीव विश्ववन्द्यविभ्रमा
तं भजामि भावगम्यमच्युतम्॥ (छन्दो०)

इस उदाहृत पद्य के चारों पादों में क्रमशः रगण, जगण, रगण तथा एक लघु एक गुरु वर्ण है। अतः छन्द लक्षण घटित हो जाने से यह श्येनिका छन्द का उदाहरण बन गया॥ ४२॥

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust



मौक्तिकमाला यदि भतनाद्गौ॥ ४३॥

नारायणी–भ-त-नादित्येकवद्भावः। पञ्चसु षट्सु च यतिः॥ ४३॥

तारा–जिस एकादशाक्षर समवृत्त त्रिष्टुप् छन्द के प्रत्येक पाद में क्रमशः भगण, तगण, नगण तथा दो गुरु वर्ण हों, उसे '**मौक्तिकमाला**' छन्द कहते हैं।

विशेष–मूल कारिका ही इस मौक्तिकमाला छन्द का उदाहरण भी है। इसी कारिका में छन्द का लक्षण भी घटित हो जाता है। उदाहरणान्तर देखें–

ऽ । । ऽ ऽ । । । । ऽऽ

वल्लभवेशा मुररिपुमूर्ति-
गोपिमृगाक्षीकृतरतिपूर्तिः।
वाञ्छितसिद्धचै प्रणतिपरस्य
स्यादनुकूला जगति न कस्य॥ (छन्दो०)

इस पद्य में मौक्तिकमाला छन्द का लक्षण अक्षरशः घटित हो जाने के कारण यह मौक्तिकमाला छन्द का उदाहरण हुआ। इसके प्रत्येक चरण में क्रमशः भगण, तगण, नगण तथा दो गुरु वर्ण है॥ ४३॥

उपस्थितमिदं ज्सौ ताद् गकारौ॥ ४४॥

नारायणी–ज-स-त-ग-गैरुपस्थितम्। पादे यतिः॥ तथा–

उपचित्रमिदं ससमा लगा।
कुपुरुषजनिता ननौः गौगः॥ अनवसिता न्यौ भ्गौ गु षडन्ते॥

अत्र वृत्तानि २०४८ ॥ ४४॥

तारा–जिस एकदशाक्षर समवृत्त त्रिष्टुप् छन्द के प्रत्येक पाद में क्रमशः जगण, सगण, तगण तथा दो गुरु वर्ण हों, उसे '**उपस्थित**' छन्द के नाम से कहा जाता है। उदाहरणान्तर अन्यत्र देख लें॥ ४४॥



(१२) जगती। चन्द्रवर्त्म गदितन्तु रनभसैः॥ ४५॥

नारायणी–अथ जगती (१२)-र-न-भ-सैर्गणैश्चन्द्रवर्त्म। चतुर्भिरष्ट-भिश्च यतिः॥ ४५॥

तारा–द्वादशाक्षर वाले समवृत्त को '**जगती**' छन्द कहा जाता है। जिस जगती छन्द के प्रत्येक पाद में क्रमशः रगण, नगण, भगण तथा सगण हो उसे '**चन्द्रवर्त्म**' नामक छन्द कहते हैं। इसमें चतुर्थ तथा अष्टम अक्षर पर यति होती है।

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

विशेष–लक्षणकारिका ही छन्दलक्षण संयुक्त है। अतः मूल लक्षण-कारिका को ही इस चन्द्रवर्त्म छन्द का उदाहरण भी समझें। इसमें क्रमशः रगण, नगण, भगण तथा सगण है। इस प्रकार लक्षण घटित हो जाने से यही उदाहरण भी हो गया। उदाहरणान्तर निर्दिष्ट पद्य में देखें–

ऽ।ऽ।।।ऽ।।।।ऽ

चन्द्रवर्त्म पिहितं घनतिमिरैः
राजवर्त्म रहितं जनगमनैः।
इष्टवर्त्म तदलङ्कुरु सरसे,
कुञ्जवर्त्मनि हरिस्तव कुतुकी॥ (छन्दो०)

इस उदाहृत पद्य के प्रत्येक पाद में क्रमशः रगण, नगण, भगण तथा सगण है। अतः लक्षण घटित हो जाने के कारण यह चन्द्रवर्त्म का उदाहरण है॥ ४५॥

ज० त० ज० र०
।ऽ।ऽऽ।।ऽ।ऽ।ऽ

जतौ तु वंशस्थमुदीरितं जरौ॥ ४६॥

नारायणी–ज-त-ज-रैर्वंशस्थम्। पादे यदिः॥ ४६॥

तारा–जिस समवृत्त द्वादशाक्षर जगती छन्द के प्रत्येक पाद में क्रमशः एक जगण, एक तगण, एक जगण और एक रगण हो उसे 'वंशस्थ' छन्द के नाम से कहते हैं। इसमें पादान्त में यति-विधान है।

विशेष–लक्षणकारिका में छन्द-लक्षण घटित होने के कारण इस मूल कारिका को ही इस 'वंशस्थ' छन्द का उदाहरण भी मानें। इसमें क्रमशः एक जगण, एक तगण, एक जगण तथा एक रगण है। चारों चरणयुक्त उदाहरण निम्न पद्य में देखें–

।ऽ।ऽऽ।।ऽ।ऽ।ऽ

विलासवंशस्थविलं मुखानिलैः
प्रपूर्य यः पञ्चमरागमुद्गिरन्।
व्रजाङ्गनानामपि गानशालिनां
जहार मानं स हरिः पुनातु नः॥ (छन्दो०)

इस उदाहृत पद्य के चारों चरणों में क्रमशः एक जगण, एक तगण, एक जगण तथा एक रगण है। अतः पूर्ण लक्षण अक्षरशः घटित हो जाने से यह पद्य वंशस्थ छन्द का पूर्ण उदाहरण हुआ॥ ४६॥

त० त० ज० र०
ऽऽ।ऽऽ।।ऽ।ऽ।ऽ

स्यादिन्द्रवंशा ततजै रसंयुतैः॥ ४७॥

नारायणी–त-त-जै-रसंयतैः रगणसहितैरिन्द्रवंशा। पादे यतिः॥ ४७॥

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

तारा—जिस द्वादशाक्षर समवृत्त जगती छन्द के प्रत्येक पाद में क्रमशः दो तगण, एक जगण तथा एक रगण हो उसे '**इन्द्रवंशा**' छन्द कहते हैं। इसमें पादान्त में यति-विधान है।

विशेष—मूल कारिका को ही इस **इन्द्रवंशा** छन्द का उदाहरण भी जानें। इसमें क्रमशः दो तगण, एक जगण तथा एक रगण निबद्ध है। अतः छन्द लक्षण मूल कारिका में ही घटित हो जाने से यही उदाहरण भी समझें। चारों चरणयुक्त पूर्ण उदाहरण निम्न पद्य में समझें—

ऽ ऽ । ऽ ऽ । । ऽ । ऽ । ऽ

दैत्येन्द्रवंशाग्निरुदीर्णदीधितिः
पीताम्बरोऽसौ जगतां तमोऽपहः।
यस्मिन्नमज्जुः शलभा इव स्वयं
ते कंसचाणूरमुखा मखद्विषः॥ (छन्दो०)

इस उदाहृत पद्य के चारों चरणों में क्रमशः दो तगण, एक जगण तथा एक रगण है। अतः लक्षण घटित हो जाने से यह पद्य **इन्द्रवंशा** छन्द का उदाहरण बन गया॥ ४७॥

स० स० स० स०
।। ऽ-। । ऽ-। । ऽ- । । ऽ

इह तोटकमम्बुधिसैः प्रथितम्॥ ४८॥

नारायणी—अम्बुधिसैश्चतुर्भिः सगणैः तोटकम्। पादे यतिः॥ ४८॥

तारा—जिस द्वादश अक्षर वाले समवृत्त जगती छन्द से प्रत्येक पाद में क्रमशः चारों सगण ही निबद्ध हों, उसे '**तोटक**' नामक छन्द कहा जाता है।

विशेष—उदाहरणस्वरूप मूल कारिका ही है। यह कारिका ही चार सगणों में निबद्ध है। अतः यही उदाहरण भी बन गयी। चार चरणों से युक्त पूर्ण उदाहरण निर्दिष्ट पद्य में देखें—

। । ऽ । । ऽ । । ऽ । । ऽ । । ऽ । । ऽ । । ऽ । । ऽ

यमुनातटमच्युतकेलिकला लसदङ्घ्रिसरोरुहसङ्गरुचिम्।
मुदितोऽट कलेरपनेतुमघं यदि चेच्छसि जन्म निजं सफलम्॥ (छन्दो०)

इस उदाहरण के चारों चरणों में चार सगण हैं। अतः लक्षण घटित हो जाने से यही पूर्ण उदाहरण हुआ॥ ४८॥

न० भ० भ० र०
। । । ऽ । । ऽ । । ऽ । ऽ

द्रुतविलम्बितमाह नभौ भरौ॥ ४९॥

नारायणी—न-भ-भ-रैर्द्रुतविलम्बितमाहाचार्यः। पूर्ववद्यतिः॥ ४९॥

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

तारा–जिस द्वादश अक्षर वाले समवृत्त जगती छन्द के प्रत्येक पाद में क्रमशः नगण एक, भगण दो, तथा रगण एक हो, उसे '**द्रुतविलम्बित**' छन्द कहते हैं। पादान्त में यति-विधान है।

विशेष–छन्दलक्षण संयुक्त कारिका होने से मूल कारिका ही प्रस्तुत छन्द द्रुतविलम्बित का उदाहरण भी है। इसमें क्रमशः एक नगण, दो भगण तथा एक रगण है। लक्षण घटित हो जाने से यही उदाहरण भी हो गया। चारों चरणों युक्त पूर्ण उदाहरण निम्न निर्दिष्ट पद्य में देखें–

। । । ऽ । । ऽ । । ऽ । ऽ

तरणिजापुलिने नववल्लवी-
परिषदा सह केलिकुतूहलात्।
द्रुतविलम्बितचारु विहारिणं
हरिमहं हृदयेन सदा वहे॥

इस उदाहृत पद्य के प्रत्येक पाद में क्रमशः एक नगण, दो भगण तथा एक रगण है। अतः लक्षण घटित हो जाने से यह पद्य द्रुतविलम्बित छन्द का उदाहरण हुआ॥ ४९॥



मुनिशरविरतिर्नौ म्यौ पुटोऽयम्॥ ५०॥

नारायणी–मुनिभिः सप्तभिः शरैः पञ्चभिश्च विरतिर्यत्र॥ ५०॥

तारा–जिस समवृत्त द्वादश अक्षर वाले जगती छन्द के चारों पादों में क्रमशः दो नगण, एक मगण तथा यगण हो उसे '**पुट**' छन्द के नाम से कहा जाता है॥ ५०॥

विशेष–लक्षण सूत्र ही प्रस्तुत छन्द पुट का उदाहरण भी समझें। इसी में छन्द-लक्षण घटित है। इसमें क्रमशः दो नगण, एक मगण तथा एक यगण है। अतः यह पुट छन्द का उदाहरण भी हो गया। चारों पादों युक्त पूर्ण उदाहरण अन्यत्र देखें॥ ५०॥



प्रमुदितवदना भवेन्नौ च रौ॥ ५१॥

नारायणी–स्पष्टम्॥ ५१॥

तारा–जिस द्वादश अक्षर वाले समवृत्त जगती छन्द के चारों चरणों में क्रमशः दो नगण तथा दो रगण हों उसे '**प्रमुदितवदना**' छन्द कहते हैं। पादान्त में यति-विधान है।

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

विशेष–मूल कारिका ही छन्द का उदाहरण भी है। इसी में क्रमशः दो नगण तथा दो रगण निबद्ध है। अतः लक्षण घटित हो जाने से यही उदाहरण भी हो गया। उदाहरणान्तर चारों चरणों युक्त निम्ननिर्दिष्ट समझें–

। । । । । । ऽ । ऽ ऽ । ऽ

बलिदमनविधौ बभौ सङ्गता
पदजलरुहि यस्य मन्दाकिनी।
सुरनिहितसिताम्बुजस्रङ्निभा
हरतु जगदद्यं स पीताम्बरः॥ (छन्दो०)

इस उदाहृत पद्य के चारों चरणों में क्रमशः दो नगण तथा दो रगण है। अतः यह लक्षण घटित हो जाने से पूर्ण उदाहरण प्रमुदितवदना छन्द का हुआ॥ ५१॥

न० य० न० य०

। । । । ऽ ऽ । । । । ऽ ऽ

नयसहितौ न्यौ कुसुमविचित्रा॥ ५२॥

नारायणी–स्पष्टम्। द्वयोरपि पादे यतिः॥ ५२॥

तारा–द्वादश अक्षर वाले समवृत्त जिस जगती छन्द के चारों चरणों में क्रमशः एक नगण, एक यगण पुनः एक नगण, एक यगण निबद्ध हो उसे **'कुसुमविचित्रा'** छन्द कहते हैं। पादान्त में यति-विधान है।

विशेष–प्रस्तुत मूल कारिका ही इस **कुसुमविचित्रा** छन्द का उदाहरण भी समझें। इसमें क्रमशः एक नगण, एक यगण पुनः एक नगण, एक यगण निबद्ध है। अतः छन्द लक्षण घटित हो जाने से यही उदाहरण भी हो गया। उदाहरणान्तर चारों चरणों युक्त निम्ननिर्दिष्ट देखें–

। । । । ऽऽ । । । । ऽ ऽ

विपिनविहारे कुसुमविचित्रा
कुतुकितगोपीमहितचरित्रा।
मुररिपुमूर्तिर्मुखरितवंशा
चिरमवताद्वस्तरलवतंसा॥

उद्धृत इस पद्य के चारों चरणों में क्रमशः एक नगण, एक यगण पुनः एक नगण एक यगण है। अतः यह पद्य **कुसुमविचित्रा** छन्द का पूर्ण उदाहरण हुआ। क्योंकि चारों चरणों में लक्षण क्रमशः घटित होता है॥ ५२॥

ज० स० ज० स०

। ऽ । । । ऽ । ऽ । । । ऽ

रसैर्जसजसा जलोद्धतगतिः॥ ५३॥

नारायणी–जसाश्च जसाश्चेत्येकशेषे षड्भिश्च यतिः॥ ५३॥

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

तारा–जिस द्वादशाक्षर वाले समवृत्त जगती छन्द के चारों चरणों में क्रमशः ज़गण, सगण, जगण, सगण निबद्ध हों वह '**जलोद्धतगति**' नामक छन्द कहा जाता है। इसमें छः-छः अक्षरों के बाद यति-विधान है।

विशेष–प्रस्तुत लक्षणकारिका ही उदाहरणस्वरूप भी है। इसमें क्रमशः जगण, सगण, जगण, सगण निबद्ध हैं। अतः लक्षण घटित होने से यह **जलोद्धतगति** छन्द का उदाहरण भी है। चारों चरणों युक्त सम्पूर्ण उदाहरण निम्ननिर्दिष्ट है–

।ऽ।।।ऽ ।ऽ।।।ऽ

यदीयहलतो विलोक्य विपदं
कलिन्दतनया जलोद्धतगतिः।
विलासविपिनं विवेश सहसा
करोतु कुशलं हली स जगताम्॥

इस उदाहृत पद्य के सभी पादों में क्रमशः जगण, सगण, जगण, सगण निबद्ध हैं। तथा प्रति छः अक्षर के बाद यति है। अतः पूर्ण लक्षण घटित हो जाने से यह पद्य **जलोद्धतगति** छन्द का पूर्ण उदाहरण बना॥ ५३॥

ज० ज० ज० ज०
।ऽ।।ऽ।।ऽ।।ऽ।

चतुर्जगणं वद मौक्तिकदाम॥ ५४॥

नारायणी–स्पष्टम्। पादे यतिः॥ ५४॥

तारा–जिस द्वादशाक्षर समवृत्त जगती छन्द के प्रत्येक पाद में चार जगण ही निबद्ध हों उसे '**मौक्तिकदाम**' छन्द कहते हैं। इस छन्द के पादान्त में अर्थात् द्वादश अक्षर के पश्चात् यति रहती है।

विशेष–लक्षणयुक्त मूल लक्षणकारिका ही इस छन्द का उदाहरण भी समझें। क्योंकि मूल कारिका में ही चारों जगण निबद्ध हैं। अतः लक्षण घटित हो जाने के कारण यही इस छन्द का उदाहरण भी है। उदाहरणान्तर इस प्रकार समझें–

।ऽ।।ऽ।।ऽ।।ऽ।

मया तव किञ्चिदकारि कदापि
विलासिनि! वाक्यमनुस्मरतापि।
तथापि मनस्तव नाश्वसनाय-
व्रजामि कुतो भवतीमपहाय॥

इस पद्य के चारों चरणों में चार-चार जगण प्रस्तुत हैं। अतः चारों चरणों में लक्षण घटित हो जाने के कारण यह पद्य **मौक्तिकदाम** छन्द का पूर्ण उदाहरण हुआ। यति भी पादान्त में है॥ ५४॥

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

य० य० य० य०
।ऽऽ।ऽऽ ।ऽऽ।ऽऽ

भुजङ्गप्रयातं भवेद्यैश्चतुर्भिः॥ ५५॥

नारायणी–स्पष्टम्। पादे यतिः॥ ५५॥

तारा–जिस द्वादश अक्षर वाले समवृत्त जगती छन्द के प्रत्येक पाद में चारों यगण ही निबद्ध हों, उसे '**भुजङ्गप्रयात**' छन्द कहते हैं। इसके भी पादान्त में यति-विधान है।

विशेष–उदाहरणस्वरूप मूल लक्षणकारिका ही प्रस्तुत है। इसी में चारों यगण क्रमशः हैं। अतः लक्षण पूर्ण घटित होने से छन्द का उदाहरण भी यही समझें। चारों चरणों युक्त पूर्ण उदाहरण निम्ननिर्दिष्ट है–

।ऽऽ।ऽऽ।ऽऽ।ऽऽ

सदारात्मजज्ञातिभृत्यो विहाय
स्वमेतं हृदं जीवनं लिप्समानः।
मया क्लेशितः कालियेत्थं कुरु त्वं
भुजङ्गप्रयातं द्रुतं सागराय॥

इस उद्धृत पद्य के चारों चरणों में चार-चार यगण निबद्ध हैं। और पादान्त में यति भी है। अतः पूर्ण लक्षण चारों चरणों में घटित हो जाने के कारण यह पद्य भुजङ्गप्रयात छन्द का पूर्ण उदाहरण हुआ॥ ५५॥

र० र० र० र०
ऽ।ऽऽ।ऽ ऽ।ऽ ऽ।ऽ

रैश्चतुर्भिर्युता स्त्रग्विणी सम्मता॥ ५६॥

नारायणी–स्पष्टम्। पादे यतिः॥ ५६॥

तारा–यदि द्वादश अक्षर वाले समवृत्तक जगती छन्द के चारों चरणों में क्रमशः चार-चार रगण निबद्ध रहें तो उसे '**स्त्रग्विणी**' छन्द कहा जाता है। इसमें भी पादान्त में ही यति का विधान है।

विशेष–मूल लक्षण कारिका ही इस स्त्रग्विणी छन्द का उदाहरण भी है। क्योंकि इसी लक्षण में चार रगण क्रमशः निबद्ध हैं। अन्त में यति भी है। अतः लक्षण पूर्णतः घटित हो जाने से यही कारिका इस छन्द का उदाहरण भी स्वयं है। उदाहरणान्तर अन्य ग्रन्थ से इस प्रकार है–

ऽ।ऽ ऽ।ऽ ऽ। ऽ ऽ।ऽ

इन्द्रनीलोत्पलेनेव या निर्मिता
शातकुम्भद्रवाऽलङ्कृता शोभते।
नव्यमेघच्छविः पीतवासा हरेः
मूर्तिरास्तां जयायोरसि स्त्रग्विणी॥

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

छन्दोमञ्जरी से उदाहृत यह पद्य पूर्णतः स्रग्विणी छन्द का उदाहरण है। इसके प्रत्येक पाद में क्रमशः चार-चार रगण हैं तथा पादान्त में सभी में यति है। अतः यह पूर्णरूपेण चारों चरणयुक्त स्रग्विणी छन्द का उदाहरण हुआ॥ ५६॥

न० भ० ज० र०

।।। ।ऽ ।।।ऽ ।ऽ।ऽ

भुवि भवेन्नभजरैः प्रियंवदा॥ ५७॥

नारायणी—स्पष्टम्। पादे यतिः॥ ५७॥

तारा—जिस द्वादशाक्षरक समवृत्त जगती छन्द के प्रत्येक चरण में क्रमशः नगण, भगण, जगण, रगण हों तथा पादान्त में यति हो उसे 'प्रियंवदा' छन्द कहते हैं।

विशेष—लक्षण घटित मूल लक्षणकारिका ही इस प्रियंवदा छन्द का उदाहरण भी समझें। क्योंकि इस कारिका में क्रमशः नगण, भगण, जगण, रगण निबद्ध हैं तथा पादान्त में यति भी है। अतः कारिका में ही लक्षण घटित हो जाने से यही कारिका इस प्रियंवदा छन्द का उदाहरण भी है। अन्य ग्रन्थों से उदाहरणान्तर इस प्रकार समझें-

।।।ऽ ।।।ऽ।ऽ।ऽ

हसिततामरसनेत्रसारसा
रजनिवल्लभमुखालिकुन्तला।
स्मितवती पतिहितैकमानसा
सुकृतिनो हि दयिता प्रियंवदा॥

इस उद्धृत पद्य के चारों चरणों में क्रमशः नगण, भगण, जगण, रगण प्रयुक्त हैं। चारों पादों के अन्त में यति भी है। अतः पूर्णतः चारों चरणों में लक्षण घटित हो जाने से यह पद्य प्रियंवदा छन्द का पूर्ण उदाहरण हुआ॥ ५७॥

त० य० त० य०

ऽ ऽ ।।ऽऽ ऽऽ ।।ऽऽ

त्यौ त्यौ मणिमाला च्छिन्ना गुहवक्त्रैः॥ ५८॥

नारायणी—त-य-त-यैर्मणिमाला। गुहस्य स्कन्दस्य वक्त्रैः षड्भिः षड्भिश्च च्छिन्ना यतिमतीत्यर्थः॥ ५८॥

तारा—जिस समवृत्त के द्वादश अक्षरवाले जगती छन्द के प्रत्येक पाद में क्रमशः तगण, यगण, पुनः तगण, यगण निबद्ध हो और छः-छः अक्षरों के बाद यति हो तो वह मणिमाला छन्द के नाम से जाना जाता है।

विशेष—उक्त मूल लक्षणकारिका में लक्षण घटित होने से इसका उदाहरण भी मूलकारिका को ही जानें। इसमें क्रमशः तगण, यगण, तगण, यगण है। तथा छः-छः अक्षरों पर यति भी है। अन्य चारों चरणों से युक्त पूर्ण उदाहरण निम्न है-

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

ऽ ऽ। । ऽ ऽ ऽ ऽ । । ऽ ऽ
प्रह्लामरमौलौ रत्नोपलक्लृप्ते
जातप्रतिबिम्बा, शोणा मणिमाला।
गोविन्दपदाब्जे राजी नखराणा-
मास्तां मम चित्ते ध्वान्तं शमयन्ती॥

इस उदाहरण पद्य के प्रत्येक चरण में क्रमशः तगण, यगण, तगण, यगण निबद्ध हैं। तथा प्रत्येक छः अक्षर पर यति है। अतः यह चारों चरणों से युक्त पूर्ण उदाहरण है॥ ५८॥

त० भ० ज० र०
ऽ ऽ। ऽ । । । ऽ । ऽ । ऽ
धीरैरभाणि ललिता तभौ जरौ॥ ५९॥

नारायणी—स्पष्टम्। पादे यतिः॥ ५९॥

तारा—जिस समवृत्त के द्वादशाक्षरक जगती छन्द के सभी पादों में क्रमशः तगण, भगण, जगण, रगण प्रयुक्त हों तथा पादान्त अर्थात् द्वादश अक्षर के अनन्तर सभी पादों में यति हो, उसे विद्वज्जन 'ललिता' छन्द के नाम से कहते हैं।

विशेष—लक्षणघटित मूल कारिका ही इस छन्द का उदाहरण भी समझें। इसमें क्रमशः तगण, भगण, जगण, रगण है और पादान्त में यति भी है। इसी से यही उदाहरण भी हो गया। चारों पादों सहित पूर्ण उदाहरण निम्न है-

ऽ ऽ । ऽ ।।। ऽ। ऽ। ऽ
सास्ते पुरत्रयमतीत्य सुन्दरी
गीता ततस्त्रिपुरसुन्दरी इति।
लोकानतीत्य ललिते यतो हि सा
भक्त्यैरभाणि ललिताऽभिधानतः॥

इस उदाहत पद्य के चारों पादों में क्रम से तगण, भगण, जगण, रगण हैं। तथा पादान्त द्वादश अक्षर पर सभी पादों में यति भी प्रयुक्त है। अतः पूर्ण लक्षण घटित हो जाने के कारण यह पद्य चारों पादों युक्त पूर्ण उदाहरण है॥ ५९॥

स० ज० स०. स०
। । ऽ। ऽ । । । ऽ। । ऽ
प्रमिताक्षरा सजससैरुदिता॥ ६०॥

नारायणी—स्पष्टम्। पादे यतिः॥ ६०॥

तारा—जिस द्वादशाक्षर वाले समवृत्त जगती छन्द के प्रत्येक चरण में क्रमशः सगण. जगण. सगण. सगण निबद्ध हों और पादान्त द्वादश अक्षर पर यति हो उसे 'प्रमिताक्षरा' छन्द कहते हैं।

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

विशेष–मूल में लक्षणकारिका ही लक्षणयुक्त है। अतः इसी को इस छन्द का उदाहरण भी समझ लें। इसमें क्रम से सगण जगण, सगण, सगण है। तथा पादान्त में द्वादश अक्षर पर यति भी है। इससे यही उदाहरण भी हो गया। चारों पादों से पूर्ण उदाहरण निम्न पद्य है–

। । ऽ । ऽ ।।। ऽ । । ऽ

प्रतिकूलतामुपगते हि विधौ
विफलत्वमेति बहुसाधनता।
अवलम्बनाय दिनभर्तुरभून्न
पतिष्यतः करसहस्त्रमपि॥

इस उद्धृत पद्य के चारों चरणों में क्रम से सगण, जगण, सगण, सगण है तथा पादान्त में द्वादश अक्षर पर यति भी है। अतः यह इस छन्द का पूर्ण उदाहरण है॥ ६०॥

न० न० भ० र०
। । । । । । ऽ । । ऽ । ऽ

ननभरसहिता महितोज्ज्वला॥ ६१॥

नारायणी–महिता पूजिता। श्रेष्ठेत्यर्थः। उज्ज्वलेति नाम। पादे यतिः॥ ६१॥

तारा–जिस द्वादश अक्षर वाले समवृत्त जगती छन्द के चारों पादों में क्रमशः दो नगण, एक भगण तथा एक रगण हो और पादान्त में द्वादश अक्षर पर यति हो उसे 'महितोज्ज्वला' छन्द कहते हैं।

विशेष–छन्दलक्षण से युक्त ही मूल लक्षणकारिका है; अतः प्रकृत छन्द का उदाहरण भी यही कारिका हो गयी। इसमें क्रम से दो नगण, एक भगण तथा एक रगण निबद्ध है। पादान्त में द्वादश अक्षर पर यति भी है। इसी से यह उदाहरण बना। चारों पादों से युक्त पूर्ण उदाहरण निम्ननिर्दिष्ट पद्य में देखें–

। । । ।। । ऽ ।। ऽ । ऽ

अधिहृदयमनाहतसारसे
तव पदमनुचिन्तयते हि यः।
भगवति ननु तस्य यशोध्वजः
स्फुरति च धिषणा स्फटिकोज्ज्वला॥

इस प्रस्तुत पद के चारों चरणों में क्रम से दो नगण तथा एक-एक भगण, रगण है और पादान्त में द्वादश अक्षर पर यति भी है। अतः पूर्ण लक्षण चारों चरणों पर घटित हो जाने से यह प्रस्तुत पद्य उक्त छन्द का पूर्ण उदाहरण है॥ ६१॥

म० म० य० य०
ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ । ऽ ऽ । ऽ ऽ

पञ्चाश्वैश्छिन्ना वैश्वदेवी ममौ यौ॥ ६२॥

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

नारायणी–पञ्चभिरश्वैः सप्तभिश्च छिन्ना यतिमती वैश्वदेवी नाम॥ ६२॥

तारा–जिस द्वादश अक्षर वाले समवृत्त जगती छन्द के सभी पादों में क्रमशः दो मगण, दो यगण हों तथा पाँच व सात अक्षर के बाद यति हो, उसे 'वैश्वदेवी' छन्द कहते हैं।

विशेष–प्रस्तुत मूल लक्षण कारिका ही इस छन्द के उदाहरणस्वरूप भी है। इसमें क्रम से दो मगण, दो यगण है तथा पञ्चम व सप्तम अक्षर पर यति है। अतः लक्षण घटित हो जाने से उदाहरण भी इसे ही जानें। चार चरण युक्त अन्य पूर्ण उदाहरण निम्न है–

ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ । ऽ ऽ । ऽ ऽ

अर्चामन्येषां त्वं विहायामराणा-
मद्वैतेनैकं विष्णुमभ्यर्च्य भक्त्या।
तत्राशेषात्मन्यर्चिते भाविनी ते
भ्रातः! सम्पन्नाराधना वैश्वदेवी॥

इस उदाहरण पद्य के चारों चरणों में क्रमशः दो मगण दो यगण है तथा पञ्चम व सप्तम अक्षर पर यति भी है। अतः पूर्णतः लक्षण घटित हो जाने से यह पूर्ण उदाहरण है॥ ६२॥

म० भ० स० म०
ऽ ऽ ऽ ऽ । । । ऽ ऽ ऽ ऽ

अब्ध्यष्टाभिर्जलधरमाला म्भौ स्मौ॥ ६३॥

नारायणी–अब्धिभिश्चतुर्भिरष्टाभिश्च यतिः। मगण-भगणौ सगण-मगणौ च भवतः तज्जलधरमाला नाम। चतुर्भिरष्टभिश्छिन्नेत्यनुषङ्गः। पैङ्गले त्वियमेव कान्तोत्पीडा॥ ६३॥

तारा–जिस समवृत्त के द्वादश अक्षर वाले जगती छन्द के सभी पादों में क्रमशः एक-एक मगण, भगण, सगण, मगण हों तथा चार व आठ अक्षर के बाद यति हो उसे 'जलधरमाला' छन्द के नाम से कहा जाता है।

विशेष–मूल कारिका ही छन्द का उदाहरण भी है। इसी में क्रमशः मगण, भगण, सगण, मगण तथा चतुर्थ व अष्टम अक्षर पर यति निबद्ध है। अतः छन्द लक्षण घटित हो जाने से यह कारिका ही जलधारमाला छन्द का उदाहरण भी है। चार चरणयुक्त पूर्ण उदाहरण ग्रन्थान्तर से निम्न निर्दिष्ट समझें–

ऽ ऽ ऽ ऽ । । । । ऽ ऽ ऽऽ

या भक्तानां कलिदुरितोत्तप्तानां
तापच्छेदे जलधरमाला नव्या।
भव्याकारा दिनकरपुत्रीकूले
केलिलोला हरितनुरव्यात् सा वः॥

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

इस उदाहृत पद्य के चारों चरणों में क्रमशः मगण, भगण, सगण तथा मगण है और प्रत्येक चरण के चतुर्थ एवं अष्टम अक्षर पर यति है। अतः पूर्णतः लक्षण घटित हो जाने से यह पद्य जलधरमाला छन्द का पूर्ण उदाहरण हुआ॥ ६३॥

न० ज० भ० य०

।।।ऽ।ऽ ।।।ऽ ऽ

इह नवमालिका नजभयैः स्यात्॥ ६४॥

नारायणी—इह छन्दःशास्त्रेऽष्टाभिश्चतुर्भिश्च यतिरित्याहुर्वृद्धाः॥ ६४॥

तारा—द्वादश अक्षर वाले जिस समवृत्त के जगती छन्द में क्रमशः नगण, जगण, भगण तथा यगण हो, और आठ व चार अक्षर के बाद यति हो तो उसे 'नवमालिका' छन्द कहते हैं।

विशेष—उदाहरणस्वरूप मूल लक्षणकारिका ही है। इसी कारिका में क्रमशः नगण, जगण, भगण, यगण निबद्ध हैं। आठ व चार अक्षर पर यति भी है। अतः यही कारिका उक्त छन्द का उदाहरण भी समझें। चारों पादों से पूर्ण उदाहरण ग्रन्थान्तर से इस प्रकार है—

।।।।ऽ।ऽ ।।।ऽऽ

धवलयशोंशुकेन परिवीता

सकलजनानुरागधुसृणोक्ता।

दृढगुणबद्धकीर्तिकुसुमोघैः

तव नवमालिकेव नृपलक्ष्मीः॥

इस उदाहृत पद्य के प्रत्येक पाद में क्रमशः नगण, जगण, भगण, यगण है तथा अष्टम व चतुर्थ अक्षर पर यति भी है। अतः यह पद्य नवमालिका छन्द का पूर्ण उदाहरण है॥ ६४॥

न० न० र० र०

।।।।।।ऽ।ऽ ऽ ।ऽ

स्वरशरविरतिर्ननौ रौ प्रभा॥ ६५॥

नारायणी—स्वरैः षड्जादिभिः सप्तभिः शरैः पञ्चभिश्च यतिर्यत्र॥ ६५॥

तारा—द्वादश अक्षर वाले समवृत्त के जगती छन्द में जब क्रमशः दो नगण तथा दो रगण हों और सात तथा पाँच अक्षर के बाद यति हो तब उसे 'प्रभा' छन्द के नाम से कहते हैं।

विशेष—लक्षणयुक्त मूल कारिका होने से यही कारिका इस छन्द का उदाहरण भी है। उक्त कारिका में क्रमशः दो नगण तथा दो रगण हैं। और सातवें व पाँचवें अक्षर पर यति भी है। अतः लक्षण घटित हो जाने से यही कारिका उदाहरण भी है। अन्य ग्रन्थ से चार चरणयुक्त पूर्ण उदाहरण इस प्रकार है—

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

। । । । । । ऽ । ऽ ऽ । ऽ

बलिदमनविधौ बभौ सङ्गता

पदजलरुहि यस्य मन्दाकिनी।

सुरनिहितसिताम्बुजस्रङ्निभा

हरतु जगदघं स पीताम्बरा॥

इस उदाहृत पद्य में क्रमशः दो नगण, दो रगण हैं। अतः यह चारों पादों के सहित प्रभा छन्द का पूर्ण उदाहरण है।

वास्तव में क्रम संख्या ५१ प्रमुदितवदना छन्द भी दो नगण तथा दो रगण वाला ही होता है। गण की दृष्टि से दोनों में कोई अन्तर नहीं है। किन्तु प्रमुदितवदना छन्द के पादान्त में द्वादश अक्षर के अनन्तर यति विधान है। तथा प्रभा छन्द में सप्तम व पञ्चम अक्षर पर यति का निर्देश है (स्वर=७ शर=५)। छन्दोमञ्जरीकार गङ्गादास ने इसी छन्द को मन्दाकिनी नाम से कहा है। मन्दाकिनी छन्द में भी क्रमशः दो नगण, दो रगण होते हैं। प्रमुदितवदना तथा प्रभा छन्द में सूक्ष्म भेद यति का ही है॥ ६५॥

न० ज० ज० र०

। । । । ऽ । । । ऽ । ऽ । ऽ

भवति नजावथ मालती जरौ॥ ६६॥

नारायणी—पञ्चभिः सप्तभिश्च यतिः॥ ६६॥

तारा—जिस द्वादश अक्षर वाले समवृत्त के जगती छन्द में क्रमशः नगण, जगण, जगण, रगण निबद्ध हों तथा सात और पाँच अक्षर के बाद यति हो उसे 'मालती' छन्द कहते हैं।

विशेष—प्रस्तुत मूल लक्षणकारिका ही इस मालती छन्द का उदाहरण भी है। इसमें क्रमशः नगण, जगण, जगण, रगण निबद्ध है तथा सात व पाँच अक्षर के बाद यति भी है। अतः इसी में लक्षण घटित हो जाने से यही कारिका इस छन्द का उदाहरण भी हो गया है। चारों चरणों से युक्त पूर्ण उदाहरण ग्रन्थान्तर से निम्ननिर्दिष्ट देखें–

। । । । ऽ । । ऽ । ऽ । ऽ

इह कलयाऽच्युतकेलिकानने

। । । । ऽ । । ऽ । ऽ । ऽ

मधुरससौरभसारलोलुपः।

। । । । ऽ । । ऽ ऽ । ऽ

कुसुमकृतस्मितचारुविभ्रमा-

। । । । ऽ । । ऽ । ऽ । ऽ

मलिरपि चुम्बति मालतीं मुहुः॥

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

इस उदाहरण पद्य के चारों चरणों में क्रमशः नगण, जगण, जगण, तथा रगण हैं। तथा सप्तम व पञ्चम अक्षर पर यति भी है। अतः पूर्णतः लक्षण घटित हो जाने से यह पद्य मालती छन्द का पूर्ण उदाहरण है॥ ६६॥

ज० भ० ज० र०

।ऽ ।ऽ ।।। ऽ । ऽ । ऽ

जभौ जरौ वदति पञ्चचामरम्॥ ६७॥

तारा–जिस द्वादश अक्षर वाले समवृत्त जगती छन्द के प्रत्येक पाद में क्रमशः जगण, भगण, जगण तथा रगण हो उसे '**पञ्चचामर**' छन्द कहते हैं। इसके पादान्त में यति होती है।

विशेष–लक्षण कारिका ही छन्द का उदाहरण भी है। मूल कारिका ही लक्षण समन्वित हैं। प्रस्तुत लक्षण कारिका में क्रमशः जगण, भगण, जगण तथा रगण निबद्ध है। पादान्त में यति भी है। अतः लक्षण घटित हो जाने से यह कारिका ही पञ्चचामर छन्द का उदाहरण भी है। चारों चरणों सहित पूर्ण उदाहरण ग्रन्थान्तरों में दर्शनीय हैं॥ ६७॥

न० ज० ज० य०

।। ।। ऽ ।। ऽ ।। ऽ ऽ

अभिनवतामरसं नजजाद्यः॥ ६८॥

नारायणी–स्पष्टम्। इदमेवान्ये ललितपदमाहुः। पादे यतिः॥ तथा–

नयुगरयुगलं च गौरी मता॥
पञ्चमुनी म्भौ सात्सयुता ललना॥
ललितमभिहितं नौ म्रौ नामतः॥
द्रुतपदं भवति नभनयाश्चेत्॥

अत्र वृत्तसङ्ख्या ४०९६॥ ६८॥

तारा–जिस द्वादशाक्षर समवृत्त के जगती छन्द में क्रमशः नगण, जगण, जगण तथा यगण हो और पादान्त में यति भी हो उसे '**अभिनवतामरस**' छन्द कहते हैं।

विशेष–प्रस्तुत मूल लक्षणकारिका छन्द लक्षण से युक्त होने के कारण इस **अभिनवतामरस** छन्द का उदाहरण भी समझें। इस कारिका में क्रमशः नगण, जगण, जगण तथा यगण निबद्ध है तथा पादान्त में यति भी है। चारों चरणों में इसी प्रकार गणनिबन्धन होने से चारों चरणों से युक्त पूर्ण उदाहरण निम्न निर्दिष्ट है–

।।।ऽ।। ऽ ।। ऽ ऽ

अभिनवतामरसं कमलायाः
करयुगवासमितं मृदुलायाः।
अहिपतितल्पगतं स्मरतातं
मदयति कामकलाकलनार्थम्॥

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

इस उदाहृत पद्य के चारों चरणों में क्रमशः नगण, जगण, जगण, यगण निबद्ध है। तथा पादान्त में यति भी है। अतः लक्षण घटित हो जाने से यह पद्य अभिनवतामरस छन्द का पूर्ण उदाहरण हो गया है॥ ६८॥

न० न० त० त० गु०
।।।।।।ऽऽ।ऽ ऽ ।ऽ

(१३) अतिजगती। तुरगरसयतिर्नौ ततौ गः क्षमा॥ ६९॥

नारायणी–अथाऽतिजगती (१३)–न-न-त-त-गुरुभिः क्षमा। सप्तभिः षड्भिश्च तत्र यतिः। चन्द्रि-केत्यन्ये॥ ६९॥

तारा–यहाँ तक द्वादश अक्षर वाले समवृत्त के जगती छन्द के भेदों का वर्णन सोदाहरण किया गया। अब इसके आगे उसी समवृत्त के त्रयोदश अक्षर वाले **'अतिजगती'** छन्द के भेदों का उल्लेख सविस्तार सोदाहरण किया जा रहा है।

जिस समवृत्त के त्रयोदश अक्षर वाले **अतिजगती** छन्द के सभी पादों में क्रमशः दो नगण तथा दो तगण व एक गुरु निबद्ध हों और सातवें तथा छठे अक्षर पर यति हो तो उसे **'क्षमा'** छन्द के नाम से कहा जाता है।

विशेष–मूल लक्षणकारिका ही उक्त **क्षमा** छन्द का उदाहरण भी समझें। इस मूल कारिका में ही क्रमशः दो जगण, दो तगण व एक गुरु वर्ण निबद्ध किया गया है। सप्तम व षष्ठ वर्ण पर यति भी दिखाई गई है। अतः छन्द-लक्षण घटित हो जाने से उक्त कारिका ही इस **क्षमा** छन्द का उदाहरण भी है। चारों पादों से युक्त पूर्ण उदाहरण निम्न प्रकार से समझें–

।।।।।।ऽऽ।ऽऽ।ऽ

अनिशमधिमनश्चित्कलाचिन्तने
स्वमपि परशिवं भावयन्मज्जति।
स रचयितुमलं भावनामात्रतो
जगदिदमखिलं तत्परः का क्षमा॥

इस प्रस्तुत पद्य में कवि ने क्रमशः दो नगण, दो तगण व एक गुरु वर्ण निबद्ध किया है। सप्तम तथा षष्ठ वर्ण पर यति भी दिखाई है। अतः पूर्णतः चारों चरणों में छन्द लक्षण घटित हो जाने से यह पद्य उक्त क्षमा छन्द का पूर्ण उदाहरण बना॥ ६९॥

म० न० ज० र० गु०
ऽ ऽ ऽ ।।।।ऽ ।ऽ।ऽ ऽ

म्नौ ज्रौ गः त्रिदशयतिः प्रहर्षिणीयम्॥ ७०॥

नारायणी–त्रिभिर्दशभिश्च यतिर्यत्र सा॥ ७०॥

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

तारा–जिस समवृत्त के त्रयोदश वाले अतिजगती छन्द में क्रमशः मगण, नगण, जगण, रगण तथा अन्त में एक वर्ण गुरु हो और तीन व दश अक्षर के बाद यति हो उसे **'प्रहर्षिणी'** छन्द कहा जाता है।

विशेष–उक्त मूल कारिका ही छन्द-लक्षण घटित हो जाने से इस प्रहर्षिणी छन्द का उदाहरण भी मान लें। इसमें क्रमशः मगण, नगण, जगण, रगण तथा एक गुरु वर्ण है। तीसरे व दसवें अक्षर पर यति भी है। अतः यही कारिका इस प्रहर्षिणी छन्द का उदाहरण भी है। चारों चरणों वाला पूर्ण उदाहरण निम्ननिर्दिष्ट है–

ऽ ऽ ऽ। ।। । ऽ। ऽ । ऽ ऽ

गोपीनामधरसुधारसस्य पानै-
रुत्तङ्गस्तनकलशोपगूहनैश्च।
आश्चर्यैरपि रतिविभ्रमैर्मुरारेः
संसारे मतिरभवत्प्रहर्षिणीह॥

तारा—समवृत्त के पञ्चविंशति अक्षरात्मक भेद का नाम 'अतिकृति' है। इस पञ्चविंशति अक्षरात्मक समवृत्त के जिस अतिकृति छन्द में क्रमशः भगण, मगण, सगण, भगण तथा चार नगण एवं एक गुरु वर्ण अन्त में निबद्ध हो उसे 'क्रौञ्चपदा' छन्द कहते हैं। इस छन्द के क्रमशः पञ्चम-पञ्चम एवं अष्टम, सप्तम वर्ण पर यति-विधान रहता है।

विशेष—मूल कारिका ही छन्द लक्षण से समन्वित होने से उक्त क्रौञ्चपदा छन्द का उदाहरण भी है। इस कारिका में क्रमशः भगण, मगण, सगण, भगण तथा चार नगण एवं अन्त में एक गुरु वर्ण निबद्ध है। पञ्चम-पञ्चम, अष्टम एवं सप्तम वर्ण पर यति-विधान भी है। अतः छन्द-लक्षण घटित हो जाने से यह मूल कारिका ही उक्त क्रौञ्चपदा छन्द का उदाहरण भी है। चारों पादों वाला पूर्ण उदाहरण निम्नलिखित पद्य है—

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

ऽ ।।ऽ ऽ ऽ ।।ऽ ऽ ।।।।।।।।।।।।।।ऽ
क्रौञ्चपदाली चित्रिततीरा मदकलखगकुलकलकलरुचिरा
फुल्लसरोजश्रेणिविलासा मधुमुदितमधुपरवरभसकरी।
फेनविलासप्रोज्ज्वलहासा ललितलहरिभरपुलकितसुतनुः
पश्य हरेऽसौ कस्य न चेतो हरति तरलगतिरहिमकिरणजा॥

इस उदाहृत पद्य के प्रत्येक पाद में क्रमशः भगण, मगण, सगण, भगण तथा चार नगण है। अन्त में एक गुरु वर्ण निबद्ध है। क्रमशः पञ्चम-पञ्चम, अष्टम एवं सप्तम वर्ण पर यति-विधान भी है। अतः छन्द-लक्षण पूर्णतः घटित हो जाने से यह पद्य उक्त **क्रौञ्चपदा** छन्द का पूर्ण उदाहरण हो गया॥ ११०॥

(२६) उत्कृतिः

म० म० त० न० न० न० र० स० ल०गु०

ऽ ऽऽ ऽ ऽ ऽऽऽ ।।।।।।।।।।ऽ।ऽ।।ऽ ।ऽ
वस्वीशाश्वच्छेदोपेतं ममतनयुगनरसलगैर्भुजङ्गविजृम्भितम्॥ १११॥

नारायणी–अथोत्कृतिः (२६)–वसवः ८, ईशाः ११, अश्वाः सप्त। एतैच्छेदेन यत्या युक्तम्॥ १११॥

तारा–समवृत्त के षड्विंशति-अक्षरात्मक भेद का नाम उत्कृति छन्द है। इस षड्विंशति अक्षर वाले उत्कृति छन्द के जिस भेद में क्रमशः दो मगण, एक तगण और तीन नगण, एक रगण, एक सगण तथा एक लघु, एक गुरु वर्ण निबद्ध हो; अष्टम, एकादश एवं सप्तम वर्ण पर यति-विधान हो उसे '**भुजङ्गविजृम्भित**' छन्द कहते हैं।

विशेष–मूल लक्षणकारिका को ही छन्द-लक्षण से युक्त होने के कारण उक्त भुजङ्गविजृम्भित छन्द का उदाहरण भी समझें। इस कारिका में क्रमशः दो मगण, एक तगण, तीन नगण, रगण, सगण तथा एक लघु, एक गुरु वर्ण निबद्ध है। अष्टम, एकादश एवं सप्तम वर्ण पर यति-विधान भी है। अतः छन्द-लक्षण पूर्णतः घटित हो जाने से यह कारिका उक्त भुजङ्गविजृम्भित छन्द का उदाहरण हो गया। चारों पादों सहित पूर्ण उदाहरण निम्न पद्य है–

ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ।।।।।।।।।।।ऽ।ऽ।।ऽ।ऽ
हेलोदञ्चन्नञ्चत्पादप्रकटविकटनटनभरो रणत्करतालक-
श्चारुप्रेङ्खच्चूडाबर्हः श्रुतितरलनवकिसलयस्तरङ्गितहारधृक्।
त्रस्यन्नागस्त्रीभिर्भक्त्या मुकुलितकरकमलयुगं कृतस्तुतिरच्युतः
पायाद्वश्छिन्दन् कालिन्दीह्रदकृतनिजवसतिबृहद्भुजङ्गविजृम्भितम्॥

इस उदाहृत पद्य के सभी पादों में क्रमशः दो मगण, एक तगण, तीन नगण, एक-एक रगण, सगण तथा एक-एक लघु, गुरु वर्ण अन्त में निबद्ध है। अष्टम, एकादश एवं सप्तम वर्ण पर यति-विधान भी है। अतः छन्द-लक्षण पूर्णतः घटित हो जाने के कारण यह पद्य उक्त '**भुजङ्गविजृम्भित**' छन्द का पूर्ण उदाहरण बन गया॥ १११॥

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust


म० न० न० न० न० न० स० गु० गु०
ऽ ऽ ऽ । । ।

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

॥ दण्डक ॥

न० न० र० र० र० र० र० र० र०

।।।।।।ऽ।ऽऽ।ऽऽ।ऽ ऽ।ऽऽ।ऽऽ ।ऽ ऽ।ऽ

यदिह नयुगलं ततः सप्तरेफास्तदा चण्डवृष्टिप्रपातो भवेद् दण्डकः॥ ११३॥

नारायणी—इदानीं समवृत्तप्रसङ्गेन समवृत्तरूपान्दण्डकानाह—**यदीति**। यदेत्यर्थेऽव्ययम्। हेति प्रसिद्धार्थेऽव्ययं वा। नयुगलं नगणद्वयं ततस्तदनन्तरं सप्त रगणाः, स चण्डवृष्टिप्रपातो नाम दण्डकः। इदमेवोदाहरणं पादे। इयं च संज्ञा रातमाण्डव्यव्यतिरिक्तपिङ्गलादिमतेन। ताभ्यां त्वेतस्य संज्ञान्तरमकारि॥ ११३॥

तारा—जिस समवृत्त के प्रत्येक पाद में छब्बीस से अधिक वर्ण हों उसे '**दण्डक**' छन्द के नाम से कहा जाता है। इनके पादाक्षरों की कोई नियत संख्या भी नहीं है। दण्डक शब्द का शब्दार्थ खण्डरहित है। अतः इसके पादान्त में ही यति-विधान रहता है। पादाक्षरों के संख्यानुपात से पृथक्-पृथक् दण्डकों का नामोल्लेख ग्रन्थों में मिलता है। दण्डकों का प्रचलन-क्रम सीमित होने के कारण सामान्यतया दिग्दर्शनमात्र ही प्रस्तुत ग्रन्थ में भी किया जा रहा है।

जिस समवृत्त के सप्तविंशति-अक्षरात्मक दण्डक छन्द के प्रत्येक पाद में क्रमशः दो नगण के पश्चात् सात रगण हों तो वह '**चण्डवृष्टिप्रपात**' नाम दण्डक छन्द कहा जाता है। इसमें पादान्त में यति-विधान है।

विशेष—मूल लक्षणकारिका ही लक्षण-घटित है। अतः उदाहरण भी इसे ही समझें। इस कारिका में क्रमशः दो नगणों के पश्चात् सात रगण निबद्ध हैं। पादान्त में यति-विधान भी है, अतः लक्षण घटित हो जाने से यही कारिका उक्त **चण्डवृष्टिप्रपात** नामक दण्डक छन्द का उदाहरण भी है। चारों चरणों से युक्त पूर्ण उदाहरण निम्न दण्डक है—

।। । ।। । ऽ। ऽ ऽ । ऽ ऽ । ऽ ऽ । ऽ ऽ। ऽ ऽ। ऽ ऽ। ऽ

प्रलयघनघटामहारम्भमेघावलीचण्डवृष्टिप्रपाताकुलं गोकुलं
सपदि समवलोक्य सव्येन हस्तेन गोवर्द्धनं नाम शैलं दधल्लीलया।
कमलनयन! रक्ष रक्षेति जल्पत्रसन्मुग्धगोपाङ्गनाऽऽलिङ्गनानन्दितो
गलदभिनवधातुधाराविचित्राङ्गरागो मुरारातिरस्तु प्रमोदाय नः॥

इस उदाहृत दण्डक छन्द के प्रत्येक पाद में क्रमशः दो नगण एवं सात रगण निबद्ध हैं। पादान्त में यति-विधान भी है। अतः लक्षण पूर्णतः घटित हो जाने के कारण यह उक्त **चण्डवृष्टिप्रपात** नामक दण्डक छन्द का पूर्ण उदाहरण है॥ ११३॥

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

न० न० र० र० र०
। ।।। ।। ऽ। ऽ ऽ ।ऽ ऽ।ऽ

प्रतिचरणविवृद्धरेफाः स्युरर्णार्णव-

र० र० र० र० र०
ऽ। ऽऽ। ऽ ऽ। ऽऽ।ऽ ऽ !ऽ

व्यालजीमूतलीलाकरोद्दामशङ्खादयः॥ ११४॥

नारायणी—यद्यपि प्रतिचरणं विवृद्धो रेफो रगणो येषु ते तथेति व्युत्पत्त्या प्रथमे पादे नौ ततोऽष्टौ रेफाः, द्वितीये नव, तृतीये दश, चतुर्थे एकादशेति वृद्धिरित्यर्थः प्रतीयते, तथापि ग्रन्थान्तरविरोधात्प्रतिदण्डकं चरणेषु विवृद्धा रेफा येष्विति विग्रहेणोत्तरोत्तरदण्डकेषु चरणचतुष्टयेऽप्येकैकरेफवृद्धिरित्यर्थाश्रयणेन ग्रन्थान्तराऽविरोधः कार्यः। ततश्च नाभ्यां रगणाष्टकेन च घटितपादोऽर्णाख्यो दण्डकः, रगणनवकेनाऽर्णवः, दशभिर्व्यालः, एकादशभिर्जीमूतः, द्वादशभिर्लीलाकरः, त्रयोदशभिरुद्दामः, चतुर्दशभिः शङ्खः। सर्वत्रादौ नगणद्वयं कार्यम्। आदिशब्दात्पञ्चदशादिरगणैराराम-सङ्ग्राम-सुराम-वैकुण्ठ-सोत्कण्ठ-सार-कासार-विस्तार-संहार-नीहार-मन्दार-केदार-साधार-सत्कार-संस्कार-माकन्द-गोविन्द-सानन्द-सन्दोह-नन्देत्येवमादिनामका एकैकरगणवृद्ध्या नद्व-योत्तरैकत्रिंशदधिकशतत्रयरगणघटितैकोनसहस्राक्षरपादपर्यन्तं कविप्रयोगानुसारेण दण्डका ज्ञेयाः। यदाहुः—

एकोनसहस्राक्षरपर्यन्ता दण्डकाङ्घ्रयः प्रोक्ताः।
वर्णत्रिकगणवृद्ध्या नद्वितयाद्या महामतिभिः॥ इति।

तथा च रगणघटितदण्डकाः पञ्चविंशत्यधिकशतत्रय (३२५) सङ्ख्या-का भवन्ति। एवं यगणादिघटितदण्डका अपि। तत्र रीतिप्रदर्शनायोदाहरणं ममैष यथा—

त्रिभुवनसुखहेतवे धातृमुख्यामरप्रार्थनासार्थनादर्थिचिन्तामणे!
दशरथकृतयागसौभाग्यतस्तत्तनूजन्मतास्थापितश्रौतमार्गार्गल!॥
मुनिवनगततेाटकाकण्टकीमूलकुद्दालितस्वीयबाणावले! राघव!
कुशिकयजनसिद्धये व्योम कृत्वा शरैश्चण्डवृष्टिप्रपातोऽसि हन्तुं रिपून्॥

एवमर्णादिष्वप्युदाहार्यम्॥ ११४॥

तारा—जिस समवृत्त के सप्तविंशति अक्षरात्मक दण्डक छन्द के प्रत्येक पाद में क्रमशः पूर्वकथित चण्डप्रपातदण्डक के समान गणक्रम हो और नगण के पश्चात् एक-एक रगण की वृद्धि होती जाय तो यथाक्रम निम्न भेद '**यमक**' के बनेगें। यथा—

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

प्रत्येक चरण में क्रमशः दो नगण, आठ रगण रहने पर '**अर्ण**' नामक दण्डक होगा। यदि दो नगण नव रगण होंगे तो '**अर्णव**' नामक दण्डक कहलायेगा। इसी प्रकार दो नगण दस रगण होंगे तो '**व्याल**' नामक दण्डक कहेंगे। और दो नगण ग्यारह रगण होंगे तो '**जीमूत**' दण्डक हो जायगा। दो नगण बारह रगण रहने पर '**लीलाकर**' नामक दण्डक कहा जाता है। दो नगण तेरह रगण होने से '**उद्दाम**' नामक दण्डक होता है। और दो नगण चौदह रगण हो जायेंगे तो उसे '**शंख**' नामक दण्डक कहा जायगा। यति-विधान सब के पादान्त में ही होता है। उदाहरणस्वरूप अर्णाख्य दण्डक का उदाहरण प्रस्तुत किया जा रहा है-

।।।।।।ऽ।ऽऽ ।ऽ ऽ।ऽऽ।ऽ ऽ।ऽऽ।ऽऽ। ऽऽ।ऽ

जय जय जगदीश! विष्णो! हरे! राम! दामोदर! श्रीनिवासाच्युतानन्त! नारायण! त्रिदशगणगुरो! मुरारे! मुकुन्दासुरारे! हृषीकेश! पीताम्बर! श्रीपते! माधव! गरुडगमन! कृष्ण! वैकुण्ठ! गोविन्द! विश्वम्भरोपेन्द्र! चक्रायुधोक्षज! श्रीनिधे!। बलिदमन! नृसिंह! शौरे! भवाम्बाधिघोराणसि त्वं निमज्जन्तमभ्युद्धरोपेत्य माम्॥

इस उदाहृत दण्डक के प्रत्येक चरण में क्रमशः दो नगण तथा आठ रगण निबद्ध हैं। पादान्त में यति-विधान भी है। अतः यह **अर्णाख्य** दण्डक का उदाहरण समझें। इसी प्रकार अन्य दण्डकों के उदाहरण की भी कल्पना कर लें॥११४॥

न० न० य० य० य० य० य० य० य०

।।।। ।।।ऽ ऽ।ऽऽ ।ऽऽ। ऽ ऽ।ऽऽ।ऽऽ।ऽऽ

प्रचितकसमभिधो धीरधीभिः स्मृतो दण्डको नद्वयादुत्तरैः सप्तभिर्यैः॥ ११५॥

नारायणी-नगणद्वयादुत्तरभाविभिः सप्तभिर्यगणैर्धीरबुद्धिभिः कविभिः प्रचितकसंज्ञको दण्डक उक्तः। प्रचितक इति समभिधा नाम यस्येति विग्रहः। अत्रापि पूर्ववदेकैकयगणवृद्ध्या दण्डकाः कार्याः। यैरित्युपलक्षणम्। अष्टभिरपि गणैः कविप्रयोगानुरोधाद्भोगावलीबिरुदावल्यादिषु दण्डकानामिष्टत्वात् यद्यपि 'शेषः प्रचितः' (पिं. सू. ७-३६) इति सूत्रे वृत्तिकृतारेफाष्टकादिरचितदण्डकपरं शेषशब्दमङ्गीकृत्य रगणघटितानामेव चण्डवृष्टिप्रपातोर्ध्वभाविनां 'प्रचित' इति सामान्यसंज्ञाभिधानार्थतया व्याख्यातम्। अत एव चाह सः-

प्रथमकथितदण्डकश्चण्डवृष्टिप्रपाताभिधानो मुनेः पिङ्गलाचार्यनाम्नो मतः, प्रचित इति ततः परं दण्डकानामियं जातिरेकैकरेफाभिवृद्ध्या यथेष्टं भवेत्॥ स्वरुचिरचित्तसंज्ञया तद्विशेषैरशेषैः पुनः काममन्येऽपि कुर्वन्तु वागीश्वराः भवति यदि समानसङ्ख्याक्षरैस्तत्र पादव्यवस्था ततो दण्डकः पूज्यतेऽसौ जनैः॥ इति।

तथापि यगणादिदण्डकानामपि कविप्रयुक्तत्वादुक्तरगणरचितदण्डकव्यतिरिक्तयादिकृतदण्डकानामेव शेषशब्दोदिष्टानां प्रचितकसंज्ञा ज्ञापनार्थतां सूत्रस्याभिप्रेत्य

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

व्याख्यात्रन्तरकृतव्याख्यामनुसरतैवमेवादि केदारेणेत्यदोषः। सर्वेषु दण्डकेषु पदान्ते यतिः। श्रुतिसौकर्येण अन्येऽपि दण्डका अन्यैरुक्ताः। यथा–

नयुर्गलगुरु युगावेवं प्रकाराः कवीच्छानुरोधात्तदा यत्र।
वक्ष्यन्त एषोऽपरो दण्डकः पण्डितैरीरितः सिंहविक्रान्तनामा॥
यत्र रेफान्कविः स्वेच्छया पाठसौभाग्यसापेक्षया–
रोपयत्येष धीरैः स्मृतो दण्डको मत्तमातङ्गलीलाकरः॥
लघुर्गुरुः क्रमेण यत्र बध्यते सुधीभिरिच्छया।
स दण्डकस्त्वङ्गशेखरः स्मृतः॥
स्वेच्छया रजौ क्रमेण संनिवेशयत्युदारधीः।
कविः स दण्डकः स्मृतो जगत्यशोकमञ्जरी॥
सगणः सकलः खलु यत्र भवेत्तमिह।
प्रवदन्ति बुधाः कुसुमस्तबकम्॥
यकारैः कवीच्छानुरोधान्निबद्धैः प्रसिद्धो।
विशुद्धोऽपरो दण्डकः सिंहविक्रान्तनामा॥

एवं मेघमालाकुसुमस्तरणोत्तरकामबाणादयो दण्डकाः षड्विंशत्यक्षराधिकाक्षरपादाः कविप्रबन्धानुसारेण ज्ञेयाः। षड्विंशत्यक्षरन्यूनतायां तु पूर्वोक्तासु जातिष्वेवान्तर्भावो यथायोगं भवति॥ ११५॥

इति श्रीमद्भट्टरामेश्वरसूरिसूनुनारायणभट्टविरचितायां
वृत्तरत्नाकरटीकायां समवृत्ताध्यायस्तृतीयः॥

तारा–जिस समवृत्त के सप्तविंशति अक्षरात्मक दण्डक छन्द के प्रत्येक पाद में क्रमशः दो नगणों के अनन्तर सात यगण हो, तो वह '**प्रचितक**' नामक दण्डक-छन्द कहा जाता है। इसमें पादान्त में यति-विधान होता है।

विशेष–मूल लक्षणकारिका ही लक्षणघटित है। अतः इसे ही **प्रचितक** का उदाहरण भी समझें। इसमें क्रमशः दो नगणों के पश्चात् सात यगण निबद्ध हैं और पादान्त में यति-विधान भी है। अतएव छन्द-लक्षण पूर्णतः समन्वित है। चार चरण युक्त पूर्ण उदाहरण निम्न दण्डक है–

।। ।। ।।। ऽ ऽ। ऽऽ। ऽ ऽ।ऽऽऽ।ऽऽ। ऽ ऽ।ऽऽ
मुरहर! यदुकुलाम्भोधिचन्द्र! प्रभो! देवकीगर्भरत्न! त्रिलोकैकनाथ!
प्रचितकपटसुरारिव्रजोद्दामदन्ताबलस्तोमविद्रावणे केसरीन्द्र!
चरणनखरसुधांशुच्छटोन्मेषनिःशेषितध्यायिचेतोनिविष्टान्धकार!
प्रणतजनपरितापोग्रदावानलोच्छेदमेघ! प्रसीद प्रसीद॥

इस उपर्युक्त उदाहृत दण्डक छन्द का प्रत्येक पाद क्रमशः दो नगण के पश्चात् सात यगण और पादान्त में यति से निबद्ध है। अतः छन्द-लक्षण के पूर्णतः समन्वित होने से यह **प्रचितक** दण्डक का सम्पूर्ण उदाहरण है॥ ११५॥

●

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

॥ श्रीः ॥

अथ चतुर्थोऽध्यायः

अर्धसमवृत्तप्रकरणम्

स. स. स. ल. गु. भ. भ. भ. गु.

।।ऽ ।। ऽ ।।ऽ ।ऽ ऽ ।। ऽ ।।ऽ ।।ऽऽ

विषमे यदि सौ सलगा दले, भौ युजि भाद् गुरुकावुपचित्रम्॥ १ ॥

नारायणी–एवं समवृत्तान्यभिधायाऽधुना अर्धसमान्याह–विषमे दले प्रथमे तृतीये च पादे सौ सगणद्वयं सलगाश्च सगणलघुगुरवः, युजि समे द्वितीये चतुर्थे च पादे भौ भगणौ पुनर्भगणस्ततो द्वौ गुरू तदोपचित्रं नाम। अर्धसमत्वाद् द्वितीयार्धमप्येवमेवोदाहार्यम्। एवमग्रेऽपि॥ १ ॥

तारा–पूर्व प्रतिपादित तृतीय अध्याय में समवृत्तों का विस्तृत विवेचन प्रस्तुत किया गया है। सम्प्रति क्रमप्राप्त अर्धसमवृत्तों का विवेचन इस चतुर्थ अध्याय में विस्तार से किया जा रहा है।

तदनुसार जिस छन्द के विषम (प्रथम-तृतीय) पादों में क्रमशः तीन सगण तथा एक-एक लघु-गुरु वर्ण हों, और सम (द्वितीय-चतुर्थ) पादों में क्रमशः तीन भगण तथा दो गुरु वर्ण हों, उसे '**उपचित्र**' छन्द कहते हैं।

विशेष–प्रस्तुत लक्षण-कारिका ही उदाहरणस्वरूप भी है। इस छन्द के विषम-प्रथम पाद में क्रमशः तीन सगण तथा एक-एक लघु-गुरु वर्ण निबद्ध है। इसी प्रकार सम-द्वितीय पाद में क्रमशः तीन भगण तथा दो गुरु वर्ण भी है। अतः लक्षण-घटित हो जाने से यह कारिका **उपचित्र** अर्धसम छन्द का उदाहरण भी है। उदाहरणान्तर चारों पादों वाला पद्य निम्न है–

।। ऽ ।। ऽ ।। ऽ । ऽ ऽ। । ऽ। । ऽ। । ऽ ऽ

मुरवैरिवपुस्तनुतां मुदं हेमनिभांशुकचन्दनलिप्तम्।

।। ऽ ।। ऽ ।। ऽ । ऽ ऽ। । ऽ। । ऽ। । ऽ ऽ

गगनं चपलामिलितं यथा शारदनीरधरैरुपचित्रम्॥

इस उदाहृत छन्द के विषम-पाद (प्रथम-तृतीय) में क्रमशः तीन सगण तथा एक-एक लघु-गुरु वर्ण है और इसी प्रकार समपाद (द्वितीय-चतुर्थ) में क्रमशः तीन भगण तथा दो गुरु वर्ण हैं। अतः उक्त अर्धसम **उपचित्र** छन्द का लक्षण पूर्णतः घटित हो जाने के कारण यह छन्द उपचित्रा का उदाहरण है॥ १ ॥

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

भ० भ० भ० गु० गु० न० ज० ज० य०

ऽ।। ऽ।। ऽ।। ऽ ऽ ।। ।। ।ऽ ।ऽ ।ऽ ।ऽऽ

भत्रयमोजगतं गुरुणी चेत्, युजि च नजौ ज्ययुतौ द्रुतमध्या॥ २॥

नारायणी—ओजगतं विषमपादगतं भगणत्रयं गुरुणी चेद् द्वे अक्षरे, युजि समपादे ज-य-गणपरौ-नगणजगणौ चेत्सा द्रुतमध्या नाम। उपचित्राऽऽपातलिका-ऽपरान्तिकेयम्। अत्रापरान्तिकासंनिवेशो भ्रान्तः॥ २॥

तारा—जिस अर्धसम छन्द के विषम पाद (प्रथम-तृतीय) में क्रमशः तीन भगण तथा दो गुरु वर्ण हों, और समपाद (द्वितीय-चतुर्थ) में क्रमशः एक नगण, दो जगण तथा एक यगण हो उसे '**द्रुतमध्या**' छन्द कहते हैं। अर्थात् '**द्रुतमध्या**' छन्द के विषम पादों में एकादश वर्ण तथा समपादों में द्वादश वर्ण होते हैं तथा गणयोजना निर्दिष्ट प्रकार से होती है।

विशेष—छन्द-लक्षण से समन्वित कारिका होने से यह कारिका ही उक्त छन्द '**द्रुतमध्या**' का उदाहरण भी समझें। इस कारिका के विषम पाद-प्रथम-तृतीय में क्रमशः तीन भगण तथा दो गुरु वर्ण हैं। और इसी प्रकार समपाद द्वितीय में क्रमशः एक नगण, दो जगण तथा एक यगण है। लक्षणानुसार विषम में एकादश वर्ण तथा सम में द्वादश वर्ण निबद्ध है। अतः छन्द-लक्षण पूर्णतः घटित हो जाने के कारण यह कारिका ही द्रुतमध्या अर्धसम छन्द का उदाहरण भी है। उदाहरणान्तर चारों पादों से युक्त निम्न पद्य है—

ऽ।। ऽ।। ऽ।। ऽऽ ।।।। ऽ।। ऽ।। ।ऽ ऽ

यद्यपि शीघ्रगतिर्मृदुगामी, बहुधनवानपि दुःखमुपैति।

ऽ।। ऽ ।। ऽ।। ऽऽ ।।।। ऽ।। ।ऽ।। ।ऽ ऽ

नातिशया चरिता न च मृद्वी, नृपतिगतिः कथिता द्रुतमध्या॥

इस उदाहृत पद्य के विषम पादों में एकादश वर्ण हैं, जो क्रमशः तीन भगण व दो गुरु से युक्त हैं। इसी प्रकार समपादों (द्वितीय-चतुर्थ) में द्वादश वर्ण हैं और ये क्रमशः एक नगण, दो जगण व एक यगण से युक्त हैं। अतः उक्त अर्धसम छन्द का लक्षण पूर्णतः घटित होने के कारण यह पद्य '**द्रुतमध्या**' छन्द का उदाहरण है॥ २॥

स० स० स० गु० भ० भ० भ० गु० गु०

।। ऽ ।। ऽ ।। ऽ ऽ ऽ ।। ऽ।। ऽ।। ।। ऽ ऽ

सयुगात् सगुरू विषमे चेत्, भाविह वेगवती युजि भाद् गौ॥ ३॥

नारायणी—विषमे पादे सत्रयं गुरुश्च, युजि समे पादे भगणत्रयं गुरू च, इह छन्दःशास्त्रे वेगवती नाम, आपातलिकैवेयम्॥ ३॥

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

तारा—जिस अर्धसम छन्द के विषम पाद (प्रथम-तृतीय) में क्रमशः तीन सगण व एक गुरु वर्ण हो तथा समपाद (द्वितीय-चतुर्थ) में क्रमशः तीन भगण व दो गुरु वर्ण हों, उसे '**वेगवती**' अर्धसम छन्द कहते हैं। इस प्रकार इसके विषम पादों में दश वर्ण तथा समपादों में एकादश वर्ण होते हैं।

विशेष—लक्षणकारिका में ही छन्द-लक्षण घटित होने के कारण यह कारिका ही उक्त छन्द वेगवती का उदाहरण भी है। इसके विषम पाद प्रथम में क्रमशः तीन सगण व एक गुरु वर्ण है। तथा समपाद द्वितीय में क्रमशः तीन भगण व दो गुरु वर्ण हैं। इस प्रकार लक्षण-घटित हो जाने से यह कारिका उदाहरण भी है। अन्य उदाहरण चार चरणों वाला निम्न है—

।। ऽ। । ऽ । । ऽ ऽ ऽ । । ऽ । । ऽ।। ऽ ऽ
स्मरवेगवती व्रजरामा केशववंशरवैरतिमुग्धा।
। । ऽ। । ऽ । । ऽ ऽ ऽ । । ऽ । । ऽ । । ऽ ऽ
रभसान्न गुरून् गणयन्ती, केलिनिकुञ्जगृहाय जगाम॥

इस उद्धरण के विषम पादों प्रथम-तृतीय में क्रमशः तीन सगण व एक गुरु वर्ण है। तथा समपादों द्वितीय-चतुर्थ में क्रमशः तीन भगण व दो गुरु वर्ण हैं। इस प्रकार इसके विषम पादों में दश वर्ण व समपादों में एकादश वर्ण हैं। अतः उक्त छन्द वेगवती का लक्षण घटित हो जाने से यह पद्य वेगवती छन्द का उदाहरण है॥ ३॥

त० ज० र० गु० म० स० ज० गु० गु०

ऽ ऽ । । ऽ । ऽ । ऽ ऽ ऽ ऽ । । ऽ । ऽ । ऽ ऽ

ओजे तपरौ जरौ गुरुश्चेत् म्सौ ज्गौ भद्रविराड् भवेदनोजे॥ ४॥

नारायणी—ओजे विषमे पादे तगणात्परौ जगणरगणौ गुरुश्च, अनोजेऽविषमे समे म-स-ज-ग-गुरुश्च भद्रविराड् भवेत्। औपच्छन्दसिकस्यैवेयं गण-निवेशविशेषे संज्ञा॥ ४॥

तारा—जिस अर्धसम छन्द के विषम पाद प्रथम-तृतीय में क्रमशः तगण, जगण, रगण तथा एक गुरु वर्ण सहित कुल १० (दस) वर्ण हों, और इसी प्रकार समपाद द्वितीय-चतुर्थ में क्रमशः मगण, सगण, जगण व दो गुरु वर्ण सहित कुल एकादश वर्ण हों उसे '**भद्रविराट्**' अर्धसम छन्द कहते हैं।

विशेष—यह लक्षण-कारिका ही छन्द-लक्षण से युक्त है। अतः उक्त छन्द '**भद्रविराट्**' का उदाहरण भी इसी कारिका को समझें। इसके विषम पाद प्रथम में क्रमशः तगण, जगण, रगण व एक वर्ण गुरु सहित कुल दस वर्ण हैं। समपाद द्वितीय में क्रमशः मगण, सगण, जगण व दो वर्ण गुरु सहित कुल एकादश हैं। अतः लक्षण घटित हो जाने से यही कारिका उदाहरण भी है। उदाहरणान्तर निम्न पद्य समझें जो चारों पादों से समन्वित है—

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

ऽ ऽ । । ऽ । ऽ । ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ । । ऽ । ऽ । ऽ ऽ
यत्पादतले चकास्ति चक्रं, हस्ते वा कुलिशं सरोरुहं वा।
ऽ ऽ । । ऽ । ऽ । ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ । । ऽ । ऽ । ऽ ऽ
राजा जगदेकचक्रवर्ती, स्याच्छं भद्रविराट् समश्नुतेऽसौ॥

इस उद्धरण के विषम पादों प्रथम-तृतीय में क्रमशः तगण, जगण, रगण व एक गुरु वर्ण सहित कुल वर्ण दश हैं। समपादों द्वितीय-चतुर्थ में भी क्रमशः मगण, सगण, जगण व दो गुरु वर्ण हैं। वर्ण सब एकादश हैं। इस प्रकार उक्त छन्द भद्रविराट् का लक्षण पूर्णतः घटित हो जाने के कारण यह भद्रविराट् अर्धसम छन्द का उदाहरण है॥ ४॥

स० ज० स० गु० भ० र० न० गु० गु०
। । ऽ । ऽ । । । ऽ ऽ ऽ । । ऽ । ऽ । । । ऽ ऽ
असमे सजौ सगुरुयुक्तौ केतुमती समे भरनगाद्गः॥ ५॥

नारायणी—विषमे दले पादे सजसा गणा गुरुश्च, समे भरना गणा गुरू च केतुमती नाम। भरनगादिति समाहारैकवचनम्॥ ५॥

तारा—जिस अर्धसम छन्द के विषम पाद प्रथम-तृतीय में दश वर्ण हों, जो क्रमशः सगण, जगण, सगण व एक गुरु हों तथा समपादों द्वितीय-चतुर्थ में एकादश वर्ण क्रमशः भगण, रगण, नगण व दो गुरु हों तो वह 'केतुमती' छन्द कहलाता है।

विशेष—यह छन्दोलक्षण कारिका लक्षण समन्वित होने से उदाहरणस्वरूप भी है। इसके विषम पाद प्रथम में क्रमशः सगण, जगण, सगण व एक गुरु वर्ण हैं। तथा समपाद द्वितीय में क्रमशः भगण, रगण, नगण व दो गुरु वर्ण हैं। इस प्रकार विषम पाद में दश वर्ण तथा समपाद में एकादश वर्ण निबद्ध हैं। अतः छन्दोलक्षण पूर्णतः घटित हो जाने से यह कारिका ही इस केतुमती छन्द का उदाहरण भी है। अन्य उदाहरण चारों पादों सहित निम्न निर्दिष्ट पद्य है-

। । ऽ । ऽ । । । ऽ ऽ ऽ । । ऽ । ऽ । । । ऽ ऽ
हतभूरिभूमिपतिचिह्नां युद्धसहस्रलब्धजयलक्ष्मीम्।
। । ऽ। ऽ । । । ऽ ऽ ऽ । । ऽ । ऽ। । । ऽ ऽ
सहते न कोऽपि वसुधायां, केतुमतीं नरेन्द्र! तव सेनाम्॥

इस उद्धृत पद्य के विषम पादों प्रथम-तृतीय में दश वर्ण क्रमशः सगण, जगण, सगण व एक गुरु हैं तथा समपादों द्वितीय-चतुर्थ में एकादश वर्ण क्रमशः भगण, रगण, नगण व दो गुरु हैं। अतः उक्त छन्द-लक्षण पूर्णतः घटित हो जाने से यह पद्य केतुमती छन्द का उदाहरण है॥ ५॥

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

त० त० ज० गु० गु० ज० त० ज० गु० गु०
ऽ ऽ । ऽ ऽ ।। ऽ । ऽ ऽ । ऽ । ऽ ऽ । । ऽ । ऽ ऽ

आख्यानकी तौ जगुरू ग ओजे जतावनोजे जगुरू गुरुश्चेत्॥ ६॥

नारायणी—तौ तगणौ जगणगुरू गुरुश्चौजे विषमे पादे, अनोजे समे पादे जतौ ज-त-ज-गगुरवस्तदाख्यानकी नाम॥ ६॥

तारा—जिस अर्धसम छन्द के विषम पाद प्रथम-तृतीय में दो तगण, एक जगण, व दो गुरु वर्ण हों, तथा समपाद द्वितीय-चतुर्थ में जगण, तगण, जगण व दो गुरु वर्ण क्रमशः हों तो उसे '**आख्यानकी**' अर्धसम छन्द कहते हैं। अर्थात् जिसके विषम पादों में 'इन्द्रवज्रा' छन्द का लक्षण घटित हो, तथा समपादों में 'उपेन्द्रवज्रा' छन्द का लक्षण घटित हो, इस '**उपजाति**' विशिष्ट छन्द को अर्धसम संज्ञा भेद में '**आख्यानकी**' नामक छन्द कहते हैं।

विशेष—लक्षणकारिका छन्दोलक्षण विशिष्ट है, इससे 'कारिका' को ही उदाहरण भी समझें। इसके विषम पाद प्रथम में क्रमशः दो तगण, एक जगण, व दो गुरु वर्ण हैं। तथा समपाद द्वितीय में क्रमशः जगण, तगण, जगण व दो वर्ण गुरु हैं। अतः छन्दोलक्षण पूर्णतः घटित है, इससे यही कारिका उदाहरण भी है। उदाहरणान्तर चारों चरणों से युक्त निम्न पद्य है—

ऽ ऽ । ऽ ऽ। । ऽ । ऽ ऽ । ऽ । ऽ ऽ । । ऽ । ऽ ऽ
भृङ्गावलीमङ्गलगीतनादोऽर्जुनस्य चित्ते मुदमादधाति।
ऽ ऽ । ऽ ऽ । । ऽ । ऽ ऽ । ऽ । ऽ ऽ । । ऽ । ऽ ऽ
आख्यानकी च स्मरजन्मपाश-महोत्सवस्याश्रवणे क्वणन्ती॥

इस उदाहृत पद्य के विषम पाद (प्रथम-तृतीय) में क्रमशः दो तगण, एक जगण व दो गुरु वर्ण हैं। तथा समपाद (द्वितीय-चतुर्थ) में क्रमशः जगण, तगण, जगण व दो वर्ण गुरु हैं। अतः छन्दोलक्षण घटित हो जाने से उक्त पद्य '**आख्यानकी**' अर्धसम छन्द का उदाहरण है॥ ६॥

ज० त० ज० गु० गु० त० त० ज० गु० गु०
। ऽ । ऽ ऽ । । ऽ । ऽ ऽ ऽ ऽ । ऽ ऽ । । ऽ । ऽ ऽ

जतौ जगौ गो विषमे समे चेत् तौ ज्गौ ग एषा विपरीतपूर्वा॥ ७॥

नारायणी—विषमे ज-त-ज-गगुरवः, समे त-त-ज-गगुरवस्तदैषा आख्यानकी विपरीतशब्दपूर्वा। विपरीताख्यानकीत्यर्थः। अनयोरुपजात्यन्तर्भावेऽपि विशेषसंज्ञाविधानार्थमत्र अर्धसमवृत्ताध्याये पाठः॥ ७॥

तारा—जिस अर्धसम छन्द के विषम पाद (प्रथम-तृतीय) में क्रमशः जगण, तगण, जगण व दो गुरु वर्ण हों, तथा समपाद (द्वितीय-चतुर्थ) में क्रमशः दो तगण, एक जगण व दो गुरु वर्ण हों उसे '**विपरीताख्यानकी**' अर्धसम छन्द कहते हैं। अर्थात् जिस छन्द में 'आख्यानकी' छन्द का लक्षण विलोम रूप में घटित होता हो उसे '**विपरीत-आख्यानकी**' छन्द कहना चाहिए।

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

विशेष–प्रस्तुत छन्दोलक्षणकारिका लक्षण समन्वित होने के कारण उक्त छन्द '**विपरीताख्यानकी**' का उदाहरण भी है। इसके विषम पाद प्रथम में क्रमशः जगण, तगण, जगण व दो गुरु वर्ण हैं। समपाद द्वितीय में क्रमशः दो तगण, एक जगण व दो गुरु वर्ण हैं। अतः '**आख्यानकी**' छन्द का विपरीत लक्षण-घटित हो जाने के कारण यह कारिका ही उक्त छन्द '**विपरीताख्यानकी**' का उदाहरण भी है। उदाहरणान्तर निम्न निर्दिष्ट पद्य समझें, जिसमें चारों चरण निबद्ध हैं–

। ऽ । ऽ ऽ । । ऽ । ऽ ऽ ऽ ऽ । ऽ ऽ । । ऽ । ऽ ऽ
अलं तवालीकवचोभिरेभिः स्वार्थं प्रिये साधय कार्यमन्यत्।
। ऽ । ऽ ऽ । । ऽ। ऽ ऽ ऽ ऽ। ऽ ऽ । । ऽ । ऽ ऽ
कथं कथावर्णनकौतुकं स्यादाख्यानकी चेद् विपरीतवृत्तिः॥

इस उद्धृत छन्द के विषम पादों प्रथम-तृतीय में क्रमशः जगण, तगण, जगण व दो गुरु वर्ण हैं, तथा समपादों द्वितीय-चतुर्थ में क्रमशः दो तगण, एक जगण व दो गुरु वर्ण हैं। इस प्रकार '**आख्यानकी**' छन्द का विपरीतस्वरूप लक्षण उक्त पद्य में घटित हो जाने के कारण यह '**विपरीताख्यानकी**' अर्धसम छन्द का पूर्ण उदाहरण है॥ ७॥

स० स० स० ल० गु० न० भ० भ० र०
। । ऽ । । ऽ । । ऽ । ऽ । । । ऽ । । ऽ । । ऽ । ऽ
सयुगात् सलघू विषमे, गुरुर्युजि नभौ भरकौ हरिणप्लुता॥ ८॥

नारायणी–सगणद्वयात्सगणलघू गुरुश्च विषमपादे, युजि समे पादे न-भ-भ-रा हरिणप्लुता नाम॥ ८॥

तारा–यदि अर्धसम छन्द के विषम पाद में क्रमशः तीन सगण तथा एक-एक लघु-गुरु वर्ण हों और समपाद में क्रमशः एक नगण, दो भगण तथा एक रगण हो। इस प्रकार विषम पादों प्रथम-तृतीय में एकादश वर्ण तथा समपादों द्वितीय-चतुर्थ में द्वादश वर्ण हो तो उसे '**हरिणप्लुता**' नामक अर्धसम छन्द कहते हैं।

विशेष–उक्त लक्षण-कारिका छन्दोलक्षण से युक्त होने के कारण यही कारिका '**हरिणप्लुता**' छन्द का उदाहरण भी समझें। इसके विषम पाद प्रथम में क्रमशः तीन सगण तथा एक-एक लघु-गुरु वर्ण हैं, जो एकादश हैं। इसी प्रकार समपाद द्वितीय में द्वादश वर्ण क्रमशः एक नगण, दो भगण तथा एक रगण हैं। अतः छन्दोलक्षण घटित हो जाने से यह कारिका ही उक्त छन्द हरिणप्लुता अर्धसम छन्द का उदाहरण है। चार चरणों से युक्त अन्य उदाहरण निम्न है–

। । ऽ । । ऽ । । ऽ । ऽ । । । ऽ । । ऽ । । ऽ । ऽ
स्फुटफेनचया हरिणप्लुता बलिमनोज्ञतटा तरणेः सुता।
। । ऽ । । ऽ । । ऽ । ऽ । । । ऽ । । ऽ । । ऽ। ऽ
कलहंसकुलारवशालिनी विहरतो हरति स्म हरेर्मनः॥

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

इस उद्धृत पद्य के विषम पाद प्रथम-तृतीय में एकादश वर्ण क्रमशः तीन सगण तथा एक-एक लघु-गुरु वर्ण है। और समपाद द्वितीय-चतुर्थ में द्वादश वर्ण क्रमशः एक नगण, दो भगण तथा एक रगण है। अतः उक्त छन्दोलक्षण पूर्णतः घटित हो जाने से यह पद्य अर्धसम 'हरिणप्लुता' छन्द का उदाहरण हुआ॥ ८॥

न० न० र० ल० गु० न० ज० ज० र०

।।। ।।। ऽ। ऽ। ऽ ।।। ऽ। ऽ। ऽ। ऽ

अयुजि ननरला गुरुः समे न्जमपरवक्त्रमिदं ततो जरौ॥ ९॥

नारायणी—विषमे न-न-न-र-लगुरवः, समे न ज-ज-रा-अपरवक्त्रं नाम। अस्य वैतालीयान्तर्गतत्वेऽपि संज्ञान्तरविधानार्थमत्रोक्तिः॥ ९॥

तारा—जिस अर्धसम छन्द के विषम पादों प्रथम-तृतीय में एकादश अक्षर क्रमशः दो नगण, एक रगण तथा एक-एक लघु-गुरु हों और समपादों द्वितीय-चतुर्थ में द्वादश अक्षर क्रमशः एक नगण, दो जगण, तथा एक रगण हों वह 'अपरवक्त्र' अर्धसम छन्द कहा जाता है। 'वैतालीय' छन्दों के अन्तर्गत पठित होने पर भी यह 'अर्धसम' छन्दों में भी ज्ञापित किया गया है।

विशेष—निर्दिष्ट छन्दोलक्षण कारिका लक्षण समन्वित होने से उक्त अर्धसम 'अपरवक्त्र' छन्द का उदाहरण भी है। इस कारिका के विषम पाद प्रथम में एकादश अक्षर क्रमशः दो नगण, एक रगण तथा एक-एक लघु-गुरु है। समपाद द्वितीय में द्वादश अक्षर क्रमशः एक नगण, दो जगण, एक रगण है। अतः लक्षण घटित जाने से यह कारिका ही उक्त अर्धसम छन्द 'अपरवक्त्र' का उदाहरण भी है। उदाहरणान्तर निम्ननिर्दिष्ट पद्य है-

।।।।।।ऽ।ऽ।ऽ ।।।।ऽ।।ऽ।ऽ।ऽ

स्फुटसुमधुरवेणुगीतिभिस्तव परवक्त्रमवेत्य माधवम्।

।।।।।।ऽ।ऽ।ऽ ।।।।ऽ ।।ऽ।ऽ।ऽ

मृगयुवतिगणैः समं स्थिता व्रजवनिता धृतचित्तविभ्रमा॥

इस उदाहृत पद्य के विषम पादों प्रथम-तृतीय में एकादश अक्षर क्रमशः दो नगण, एक रगण तथा एक-एक लघु-गुरु है। और समपादों द्वितीय-चतुर्थ में द्वादश अक्षर क्रमशः एक नगण, दो जगण, तथा एक रगण है। इस प्रकार उक्त छन्दोलक्षण पूर्णतः घटित हो जाने के कारण यह पद्य अर्धसम अपरवक्त्र छन्द का उदाहरण है॥ ९॥

न० न० र० य० न० ज० ज० र० गु०

।।। ।।। ऽ।ऽ। ऽऽ।। । ।ऽ ।।ऽ। ऽ ।ऽ ऽ

अयुजि नयुगरेफतो यकारो युजि च नजौ जरगाश्च पुष्पिताग्रा॥ १०॥

नारायणी—विषमे नयुगरेफयकाराः, युजि समे न-ज-ज-र-गुरवस्तदा पुष्पिताग्रा नाम। इयमप्यौपच्छन्दसिकान्तर्भूतैव विशेषसंज्ञार्थमिहोक्ता॥ १०॥

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

तारा–जिस अर्धसम छन्द के विषम पादों प्रथम-तृतीय में द्वादश वर्ण क्रमशः दो नगण, एक रगण तथा एक यगण हों, और समपादों द्वितीय-चतुर्थ में क्रमशः त्रयोदश वर्ण एक नगण, दो जगण, एक रगण तथा एक गुरु हो वह पुष्पिताग्रा नामक अर्धसम छन्द कहलाता है।

विशेष–छन्दोलक्षण घटित उपर्युक्त कारिका ही उक्त छन्द का उदाहरण भी है। इस कारिका के विषम पाद प्रथम में द्वादश वर्ण क्रमशः दो नगण, एक रगण तथा एक यगण है। इसी प्रकार समपाद द्वितीय में त्रयोदश वर्ण क्रमशः एक नगण, दो जगण, एक रगण तथा एक गुरु है। अतः छन्दोलक्षण घटित होने से उक्त कारिका ही इस अर्धसम पुष्पिताग्रा छन्द का उदाहरण भी है। अन्य चारों चरणों सहित उदाहरण निम्न पद्य है–

। । । । । । ऽ । ऽ । ऽ ऽ । । । । ऽ । । ऽ। ऽ । ऽ ऽ
कथमपि विरहः पुरा न सेहे नयननिमीलनखिन्नया ययाते।
। । । । । ऽ । ऽ । ऽ ऽ । । । । ऽ। । ऽ। ऽ। ऽ ऽ
श्वसिति कथमसौ रसालशाखां चिरविरहेण विलोक्य पुष्पिताग्रा॥

इस उदाहरण के विषम पादों प्रथम-तृतीय में द्वादश वर्ण क्रमशः दो नगण, एक रगण तथा एक यगण है। समपादों द्वितीय-चतुर्थ में त्रयोदश वर्ण क्रमशः एक नगण, दो जगण, एक रगण तथा एक गुरु है। इस प्रकार छन्दोलक्षण पूर्णतः घटित हो जाने से उक्त पद्य इस अर्धसम छन्द पुष्पिताग्रा का उदाहरण है॥१०॥

वदन्त्यपरवक्त्राख्यं वैतालीयं विपश्चितः।
पुष्पिताग्राभिधं केचिदौपच्छन्दसिकं तथा॥ ११॥

नारायणी–विपश्चितः–पण्डिता अपरवक्त्राख्यं वैतालीयमेवेदं वदन्ति। पुष्पिताग्राभिधं छन्द औपच्छन्दसिकमेव केचिदाहुः। इदं स्वस्यापि सम्मतम्। भावस्तूक्त एव॥ ११॥

तारा–छन्दःशास्त्र के विद्वज्जन अपरवक्त्र छन्द को वैतालीय छन्द कहते हैं। और कुछ विद्वज्जन पुष्पिताग्रा छन्द को औपच्छन्दसिक छन्द कहते हैं।

र० ज० र० ज० ज० र० ज० र० गु०
ऽ । ऽ । ऽ । ऽ । ऽ । ऽ । । ऽ । ऽ । ऽ । ऽ । ऽ ऽ

स्यादयुग्मके रजौ रजौ समे तु जरौ जरौ गुरुर्यवात्परा मतीयम्॥१२॥

नारायणी–विषमपादे र-ज-र-याः, समे ज-र-ज-र-गाः, यवाद्यव-शब्दात्परा मती यवमतीत्यर्थः। तथा–

सौ लगौ विषमे यदि, सजजा गुरुर्ललिता समे॥
ओजे तपरौ भरौ जरौ गुरू समे जौ यौ, कीर्तिता बुधैरियं तु षट्पदाख्या॥
रो जरौ जसंयुतौ पदे पदेऽथ युग्मे तरौ जरौ गुरुर्मृगी यवानी॥

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

अयुजि ननभभाः सभकेऽपि तु, नयुगरयुगलं तदा कौमुदी॥
यदि विषमे भवतो नजौ जरौ, सजयाः समे जगुरू मञ्जुसौरभम्।

तथाऽष्टाविंशतिर्लघव एको गुरुरिति विषमः पादः, त्रिंशल्लघव एको गुरुश्चेति समः सा शिखा नाम। इयमेव विपर्यस्तपादा खञ्जा नाम। एते द्वे अपि द्विखण्डकप्रकरणोक्तशिखाखञ्जयोश्छन्दसोः षष्टचक्षरतामङ्गीकृत्य यथाश्रुत-व्याख्यानेन तदतिरिक्ते अत्र ज्ञेये। यदा त्वस्मदुक्तप्रकारेण तत्र सकलशब्दं पादपरमाश्रित्य व्याख्यायते (तदा) तत्रैवैतयोरुक्तत्वान्नात्र वक्तव्यता भवति॥ १२॥

इति श्रीमद्भट्टरामेश्वरसूनुनारायणभट्टविरचितायां वृत्तरत्नाकर-व्याख्यायामर्धसमाध्यायश्चतुर्थः॥

तारा—जिस अर्धसम छन्द के विषम पादों प्रथम-तृतीय में द्वादश वर्ण क्रमशः रगण, जगण, रगण, यगण हों तथा समपादों द्वितीय-चतुर्थ में त्रयोदश वर्ण क्रमशः जगण, रगण, जगण, रगण व अन्तिम वर्ण गुरु हों उसे '**यवमती**' अर्धसम छन्द कहते हैं।

विशेष—उक्त छन्दोलक्षण कारिका लक्षण समन्वित होने से इस **यवमती** छन्द का उदाहरण भी है। इस कारिका के विषम पाद प्रथम में क्रमशः रगण, जगण, रगण, यगण निबद्ध है। इसी प्रकार समपाद द्वितीय में क्रमशः जगण, रगण, जगण, रगण तथा अन्तिम वर्ण गुरु है। अतः लक्षण घटित हो जाने से यह कारिका उदाहरण भी है। चारों चरणों से युक्त पूर्ण उदाहरण निर्दिष्ट पद्य है—

ऽ । ऽ। ऽ । ऽ । ऽ । ऽ । । ऽ । । ऽ । ऽ । ऽ । ऽ । ऽ । ऽ ऽ
कामकोटिपीठवासिनी मदीये हृदम्बुजेऽम्बुजक्षणा चिरं वसन्ती।
ऽ । ऽ । ऽ । ऽ । ऽ । ऽ । । ऽ । ऽ । ऽ । ऽ। ऽ । ऽ ऽ
दुःखजालमाशु मूलतो निहत्य स्वकीयपादपङ्कजे रतिं ददातु॥

इस उदाहृत अर्धसम छन्द के विषम पादों प्रथम-तृतीय में द्वादश वर्ण क्रमशः रगण, जगण, रगण, यगण है तथा समपादों द्वितीय-चतुर्थ में त्रयोदश वर्ण क्रमशः जगण, रगण, जगण, रगण व अन्तिम वर्ण गुरु है। अतः पूर्णतः लक्षण घटित हो जाने से यह पद्य उक्त **यवमती** अर्धसम छन्द का पूर्ण उदाहरण है॥ १२॥

●

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

॥ श्रीः ॥

अथ पञ्चमोऽध्यायः

विषमवृत्तप्रकरणम्

पदचतुरूर्ध्वम्

मुखपादोऽष्टभिर्वर्णैः, (८)
परेस्मान्मकरालयैः क्रमाद् वृद्धाः। (१२)
सततं यस्य विचित्रैः पादैः सम्पन्नसौन्दर्यं, (१६)
तदभिहितममलधीभिः पदचतुरूर्ध्वाभिधं वृत्तम्॥ १ ॥ (२०)

नारायणी—अर्धसमान्यत्राभिधायोद्देशक्रममनुसृत्य विषमवृत्तानि लक्षयति मुखेति। यस्य वृत्तस्य मुखपाद आद्यपादो वर्णाष्टकेन, परे द्वितीयाः पादाः मकरालयैः समुद्रैश्चतुर्भिरक्षरैः क्रमाद् वृद्धैः सततं नैरन्तर्येण स्युस्तद् वृत्तं निर्मलबुद्धिभिः पिङ्गलादिभिः पदचतुरूर्ध्वाभिधमुदितमुक्तम्। किंविशिष्टं तत्। विचित्रैर्विलक्षणैः पादैर्जातं सौन्दर्यं यस्य तत् तादृशम्। अत्र वर्णैरिति सम्पन्न-सौन्दर्यमिति च वदता गुरुलघुर्निवेशनियमो नास्ति। किं तु श्रोतृश्रोत्रसौभाग्यार्थं वर्णवैचित्र्यं विधेयमिति सूचितम्। प्रथमपादोऽष्टाक्षरः, द्वितीयो द्वादशाक्षरः तृतीयः षोडशाक्षरः, चतुर्थो विंशत्यक्षरः कार्य इति फलितोऽर्थः। अत्र चैकद्वित्रि-चतुरङ्कानां परस्परताडनया पादानां परस्परसङ्करे शङ्खचक्रगदापद्मानां परस्परसङ्करे केशवाद्या इव चतुर्विंशतिभेदा भवन्ति। तत्प्रस्तारतो यथा—

८	८	८	८	८	८	१२	१२	१२	१२	१२	१२
१२	१६	२०	१२	१६	२०	८	१६	२०	८	१६	२०
१६	१२	१६	२०	२०	१२	१६	८	१६	२०	२०	८
२०	२०	१२	१६	१२	१६	२०	२०	८	१६	८	१६
१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२

१६	१६	१६	१६	१६	१६	२०	२०	२०	२०	२०	२०
१२	८	२०	१२	८	२०	१२	८	१२	१६	१६	८
८	१२	८	२०	२०	१२	१६	१६	८	८	१२	१२
२०	२०	१२	८	१२	८	८	१२	१६	१२	८	१६
१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

अत्रैकैकपङ्क्तिस्थितकोष्ठकचतुष्टयस्थिताङ्कसमानाक्षरक्रमिकपादैरेकैको भेदो ज्ञेयः। तत्र प्रथमभेदे मूलस्थितमुदाहरणम्। द्वितीये तु ममैव यथा–

लोभं लम्भय विलयं (८)
लाभालाभावुभौ भावय समानौ भव धीरः (१६)॥
यत्नाद् गुरुजनगौरवमाचर (१२)
यदि तवास्मिन्नमुष्मिंश्च लोके यशो विशालमाशास्यं स्यात् (२०)॥

इदमेवोदाहरणं पादव्यत्ययेनेतरेषु द्वाविंशतिभेदेषु योज्यम्॥ १॥

तारा–अर्धसम छन्दों के विवेचन के अनन्तर सम्प्रति क्रमप्राप्त विषमपाद छन्दों का सविस्तृत विवेचन किया जा रहा है। जिन छन्दों के सभी पादों में भिन्न-भिन्न वर्णसंख्या हो उन्हें **विषमपाद** छन्द कहते हैं। इस क्रम में सर्वप्रथम **'पदचतुरूर्ध्वम्'** छन्द का विवेचन प्रस्तुत है।

जिस विषमवृत्त के प्रथम पाद में आठ, द्वितीय पाद में बारह, तृतीय में सोलह तथा चतुर्थ में बीस वर्ण हों उसे **'पदचतुरूर्ध्व'** विषमवृत्त कहते हैं। **'पदचतुरूर्ध्व'** अर्थात् प्रत्येक पाद में उत्तरोत्तर चतुर्वर्ण (चार-अक्षर) की वृद्धि हो। विचित्र पादों से युक्त यह वृत्त अनुपम सौन्दर्य-सम्पन्न होता है। इसमें गुरु-लघु नियम नहीं होता।

विशेष–लक्षण-कारिका के प्रत्येक पाद भिन्न-भिन्न वर्णसंख्या में निबद्ध हैं। जो चतुरूर्ध्व क्रम से चारों पादों की शोभा बढ़ा रहे हैं। अतः यह छन्दोलक्षण कारिका ही इस **'पदचतुरूर्ध्व'** छन्द का उदाहरण भी है। क्योंकि कारिका में ही लक्षण भी घटित है। लक्षण घटित होने से यही उदाहरण भी बना।

इस छन्द के वर्ण-संख्या क्रम को पूर्वापर नियोजित करने पर चौबीस प्रकार से छन्द की स्थिति बताई गयी है। यथा–

लोभं लम्भय विलयं, (८ वर्ण)
लाभालाभावुभौ वाक्यसमानौ भव धीरः। (१६ वर्ण)
यत्नाद् गुरुजनगौरवमाचर, (१२ वर्ण)
यदि तवास्मिन्नमुष्मिंश्च लोके यशो विशालमाशास्यं स्यात्॥ (२० वर्ण)

इस छन्द में चतुरूर्ध्वक्रम न होकर भिन्न क्रम है। प्रथम में आठ, द्वितीय में सोलह, तृतीय में बारह तथा चतुर्थ में बीस वर्ण निबद्ध है। अतः यह भी चतुरूर्ध्व विषम पद के अन्तर्गत माना गया है। किन्तु सामान्यतः चतुरूर्ध्व वृद्धिक्रम ही छन्द-लक्षण है॥ १॥

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

ऽ ऽ
प्रथममुदितेवृत्ते, (८)
ऽ ऽ
विरचितविषमचरणभाजि। (१२)
ऽ ऽ
गुरुकयुगलनिधन इह सहित आङा (१६)
ऽ ऽ
लघुविरचितपदवितितियतिरिह भवति पीडः॥ २॥ (२०)

नारायणी—एतस्यैव प्रतिपादमन्ते गुरुद्वयनियमे संज्ञान्तरमाह—प्रथममिति। विरचितान्विषमान्विषमसंख्याकाक्षरांश्चरणान्भजति, एवंभूते प्रथमोक्ते पदचतुरूर्ध्वाभिधे वृत्ते इति सर्वोऽनुवादः, गुरुयुग्मं निधनेऽन्ते यस्य तादृशे सति। स्वार्थे कः। इतीत्थं प्रकार आङा उपसर्गेण सहितः पीडः आपीडो भवतीत्यर्थः। कीदृक्। लघुकृतपदरचनया यतिर्यस्मिन्, अन्ते गुरुद्वयस्य नियतत्वादितरभागे लघुविरचितत्वम्। श्रुतिसुखकरी च स्वेच्छया यतिः कार्येति सूचनाय यतिग्रहणम्। विशिष्टानुवादश्चाष्टाद्यक्षरेष्वेव पादेष्वन्ते गुरुद्वयं कार्यम्। न तु ततोऽतिरिक्तमिति सूचनार्थः। आपीड इति संज्ञायाश्छन्दस्यप्रवेशादाङा सहित इत्युक्तिरीतिः। पूर्वोक्तरीत्यापीडे चतुर्विंशतिप्रकारप्रथमभेदोदाहरणमिदम्। आपीड इति सप्तमाष्टमैकादशान्भेदान्व्युत्पाद्यव्युत्पादनाय व्युत्पादयति प्रथमेति त्रिभिः॥ २॥

तारा—जिस विषमवृत्त **पदचतुरूर्ध्व** छन्द के प्रत्येक पाद में अन्तिम दो वर्ण गुरु हों, शेष समस्त वर्ण लघुवर्णविरचित हों तथा पादान्त में यति हो तो ऐसे '**पदचतुरूर्ध्व**' विषमवृत्त को '**आपीड**' कहा जाता है।

विशेष—छन्दोलक्षण कारिका ही उक्त लक्षण समन्वित है, अतः इस '**आपीड**' छन्द का उदाहरण भी यही कारिका समझें। इसके प्रत्येक पाद के अन्तिम दो वर्ण गुरु हैं, शेष समस्त वर्ण लघु निबद्ध हैं, यति भी पादान्त में है, चतुरूर्ध्वक्रम भी पादों में नियोजित है। अतः छन्दोलक्षण पूर्णतः घटित हो जाने के कारण यह कारिका उक्त '**आपीड**' छन्द का उदाहरण भी है। अन्य उदाहरण निम्न है—

ऽ ऽ
कुसुमितसहकार, (८)
ऽ ऽ
हतहिममहिमशुचिशशाङ्के। (१२)
ऽ ऽ
विकसितकमलसरसि मधुसमयेऽस्मिन्, (१६)
ऽ ऽ
चरणयुगलमविकृतमपरमिति कलिका सा॥ (२०)

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

इस उदाहृत पद्य में पदचतुरूर्ध्व क्रम है, समस्त पादों के अन्तिम दो वर्ण गुरु हैं, शेष सभी वर्ण लघु निबद्ध हैं, पादान्त में यति भी है। इस प्रकार छन्दो-लक्षण पूर्णतः घटित है। अतः उक्त पद्य आपीड विषमवृत्त का उदाहरण है॥ २॥

ऽ ऽ
प्रथममितर चरणसमुत्थं, (१२)
ऽ ऽ
श्रयति जगति लक्ष्म। (८)
ऽ ऽ
इतरदितरगदितमपि यदि च तुर्यं (१६)
ऽ ऽ
चरणयुगलकमधिकृतमपरमिति कलिका सा॥ ३॥ (२०)

नारायणी—तुर्यशब्देन श्लोकचतुर्थांशः पाद उच्यते। ततश्च प्रथमं तुर्यं प्रथमश्चरणः इतरचरणसमुत्थं स्वाऽनन्तरद्वितीयचरणस्थं लक्ष्म लक्षणं श्रयति, अवलम्बते इतरत्तुर्यं द्वितीयपादे इतरगदितं स्वाऽव्यवहितप्रथमचरणगतं लक्षणं श्रयति, अपरं चरणद्वयं तृतीयचतुर्थरूपमविकृतं यथावस्थितमित्येवंविधा स आपीड एव सा प्रसिद्धा कलिका। यद्वा स आपीडः प्रथमं प्रथमस्थाने प्रथमपादे द्वितीयपादलक्षणं श्रयति सा कलिका। द्वादशाक्षराष्टाक्षरषोडशाक्षरविंशत्यक्षरैः पादैः क्रमेण घटितेति सम्पिण्डितार्थः पैङ्गले त्वेतस्या मञ्जरीति नाम॥ ३॥

तारा—जिस विषमवृत्त 'आपीड' के प्रथम पाद में बारह वर्ण तथा द्वितीय पाद में आठ वर्ण हों, शेष तृतीय-चतुर्थ पादों में पूर्वोक्त क्रम से सोलह-बीस ही वर्ण रहें, उसे '**कलिका**' विषम वृत्त कहते हैं। अर्थात् मात्र प्रथम व द्वितीय चरणों में वर्णसंख्या का विपर्यय हो, शेष समस्त लक्षण 'आपीड' के समान-अन्तिम दो वर्ण गुरु सभी पादों में रहें, अन्य सभी वर्ण लघु रहें, तृतीय-चतुर्थ पादों में भी सोलह व बीस वर्ण रहें तो इस छन्द को '**कलिका**' विषमवृत्त कहेंगे।

विशेष—उक्त कारिका ही उदाहरणस्वरूप भी है। इसके प्रथम पाद में बारह वर्ण है अन्तिम दो वर्ण गुरु तथा शेष लघु हैं। द्वितीय पाद आठ वर्ण का है, अन्तिम दो वर्ण इसमें भी गुरु हैं, शेष सभी लघु है। तृतीय पाद व चतुर्थ पाद पूर्ववत् सोलह व बीस वर्ण के हैं, अन्तिम दो वर्ण दोनों पादों में गुरु हैं, शेष समस्त वर्ण लघु हैं, इस प्रकार **कलिका** छन्द का लक्षण पूर्णतः घटित हो जाने से यह लक्षण कारिका ही उक्त **कलिका** छन्द का उदाहरण भी है। पिङ्गलसूत्र में इसी का नाम '**मञ्जरी**' है॥ ३॥

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

ऽ ऽ
द्विगुरुयुतसकलचरणान्ता, (१२)
ऽ ऽ
मुखचरणरचितमनुभवति तृतीयः। (१६)
ऽ ऽ
चरण इह हि लक्ष्म, (८)
ऽ ऽ
प्रकृतमपरमखिलमपि यदि भजति लवली सा॥ ४॥(२०)

नारायणी—तृतीयश्चरणो मुखचरणगतं प्रथमचरणस्थं लक्षणमनुभवत्यव-लम्बते। अपरं पादत्रयं प्रकृतमखिलं लक्ष्म आपीडलक्षणं श्रयति तदा लवली नाम।क्रमेण द्वादशाक्षरषोडशाक्षरविंशत्यक्षरपादवतीत्यर्थः।गुरुद्वययुक्तचतुष्टयान्तेति वृत्तपूरणार्थं सामान्यलक्षणमेवानूदितम्॥ ४॥

तारा—जिस विषमवृत्त के तृतीय पाद में प्रथम पाद के समान आठ वर्ण हों तथा शेष समस्त लक्षण 'आपीड' की तरह हों अर्थात् प्रथम में १२ वर्ण, द्वितीय में १६ वर्ण, चतुर्थ में २० वर्ण रहें, अन्तिम दो वर्ण चारों पादों में गुरु रहें तथा शेष समस्त वर्ण चारों पादों में लघु रहें तो उसे 'लवली' विषमवृत्त कहते हैं।

विशेष—उक्त विषमवृत्त 'लवली' का उदाहरण भी कारिका ही है। इस कारिका का तृतीय पाद 'आपीड' के प्रथम पाद के समान आठ वर्ण का है, प्रथम बारह, द्वितीय सोलह और चतुर्थ पाद बीस वर्ण का है। चारों पादों के अन्तिम दो वर्ण गुरु भी हैं, शेष समस्त वर्ण चारों पादों में लघु ही हैं। इस प्रकार छन्दो-लक्षण पूर्णतः कारिका में ही घटित हो जाने के कारण यह लक्षणकारिका उक्त विषमवृत्त 'लवली' का उदाहरण भी बन गया है॥ ४॥

ऽ ऽ
प्रथममधिवसति यदि तुर्यं, (१२)
ऽ ऽ
चरमचरणपदमवसितगुरुयुग्मा। (१६)
ऽ ऽ
निखिलमपरमुपरितनसममिह ललितपादा, (२०)
ऽ ऽ
त्रितयममृतधारा॥ ५॥(८)

नारायणी—प्रथमं चतुर्थं प्रथमश्चरणश्चरमचरणपदं चतुर्थचरणस्थानं प्राप्नोति।चतुर्थो भवतीत्यर्थः। अपरं निखिलं प्रथमादिचरणत्रयमापीडप्रथमपादो-परिगतद्वितीयादिपादसमं तदिदं छन्दोऽमृतधारा नाम। अवसितौ गुरुद्वययुक्तमिति इदमित्यस्य विशेषणं सत्पूर्ववत्स्वरूपकीर्तनार्थम्। ललितपदयुक्तेति वृत्तपूरणाय

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

स्वरूपोक्तिः। द्वादशषोडशविंशत्यष्टाक्षरपादक्रमवती भवतीति सङ्कलितार्थः। यद्यपि वृत्तिकारेण प्रथमस्य तृतीयस्य च प्रथमत्वे लवली, प्रथमस्य चतुर्थत्वे चतुर्थस्य च प्रथमत्वेऽमृतधारेति षोडशद्वादशाष्टाविंत्यक्षरपादक्रमेण विंशतिद्वादशषोडशाष्टाक्षरपादक्रमेण च त्रयोदशैकोनविंशतिभेदयोरेते संज्ञे इति मञ्जर्यां विशेषाऽभावेऽपि उत्तरयोर्विशेष उक्तः, उदाहरणे च तथैव कृते, तथापि 'प्रथमस्य विपर्यासे मञ्जरीलवल्यमृतधाराः' (पिं. सू. ५-२४) इति सूत्रस्य साधारणत्वात्प्रथमपादमात्रविपर्यासोक्तेरितरेषां क्रमाऽभ्यनुज्ञया वा सूत्रस्य मूलकारोक्त एवार्थे तात्पर्यादेवमुक्तम्। आपीडवत्पदचतुरूर्ध्वेऽपि पादव्यत्यासे मञ्जर्याद्या भेदा ज्ञेयाः। यथा आदावेव सकलपादेषु गुरुद्वययुतं पदचतुरूर्ध्वं प्रत्यापीडः। यथा वृत्तौ–

चित्तं मम रमयति
कान्तं वनमिदमुपगिरिणदि॥
कूजन्मधुकरकलरवकृतजनधृति,
पुंस्कोकिलमुखरितसुरभिकुसुमचित्ततरुतति॥

आदावन्ते च गुरुद्वयसहितं तदेवोभयापीडः। पैङ्गले त्वयमपि प्रत्यापीड एव; यथा तत्रैव–

कान्तावदनसरोजं
हृद्यं घनसुरभिमधुरसाढ्यम्॥
पातुं रहसि सततमभिलषति मनो मे
किञ्चिन्मुकुलितनयनमविरमणितरमणीयम्॥

अनयोः पूर्वोक्तविधया चतुर्विंशतित्वमूह्यम्। उदाहरणानि त्वतिविस्तरभयान्नोदाहृतानि स्वयमूह्यानि॥ ५॥

इति पदचतुरूर्ध्वप्रकरणम्॥

तारा–जिस विषमवृत्त के चतुर्थ पाद में 'आपीड' के प्रथम पाद के समान आठ वर्ण हों तथा शेष प्रथम, द्वितीय, तृतीय पाद 'आपीड' के समान ही पदचतुरूर्ध्व क्रम से बारह, सोलह, बीस वर्ण के हों। अन्तिम दो वर्ण समस्त पादों में गुरु हों और शेष सभी वर्ण चारों पादों में लघु हों तो उसे **'अमृतधारा'** विषमवृत्त कहते हैं।

विशेष–उदाहरणस्वरूप भी उक्त लक्षण-कारिका ही प्रस्तुत है। इस कारिका का चतुर्थ पाद 'आपीड' के प्रथम पाद के समान आठ वर्ण का है। तथा शेष प्रथम, द्वितीय, तृतीय पाद भी 'आपीड' के ही समान चतुरूर्ध्व क्रम से बारह, सोलह व बीस वर्ण के हैं, अन्तिम दो वर्ण चारों पादों में गुरु हैं, शेष समस्त वर्ण सभी पादों में लघु निबद्ध हैं। इस प्रकार छन्दोलक्षण पूर्णतः घटित हो जाने से उक्त कारिका ही इस **'अमृतधारा'** विषमवृत्त का उदाहरण भी है॥ ५॥

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

स० ज० स० ल०
।।ऽ।ऽ।।।ऽ।
सजमादिमे सलघुकौ च (१०)

न० स० ज० गु०
।।।।।ऽ।ऽ।ऽ
नसजगुरुकेष्वथोद्गता। (१०)

भ० न० ज० ल० गु०
ऽ।।।।।।ऽ ।।ऽ
त्र्यङ्घ्रिगतभनजला गयुताः (११)

स० ज० स० ज० गु०
।।ऽ।ऽ।।।ऽ।ऽ।ऽ
सजसा जगौ चरणमेकतः पठेत्॥ ६॥ (१३)

नारायणी—पाद इति शेषः। आदिमे पादे स-ज-स-लघवः अथाऽनन्तरम्, द्वितीयपादे इत्यर्थः। न-स-ज-गुरुसु सत्सु तृतीयेऽङ्घ्रौ पादे ये भ-न-ज-लघवस्ते गयुता गुरुयुक्ताः कार्या इत्यर्थः। परिशेषाच्चतुर्थे स-ज-सा गणा ज-गुरु च चरणम्। एकवचननिर्देशात्प्रथममेकं चरणमेकत एकीकृत्य द्वितीयेनैत्पठेत्। प्रथमद्वितीयौ पादावविलम्बेन पठेत्। अत्रान्तयतिं न कुर्यादित्यर्थः। सजसमिति द्वन्द्वैकवद्भावः। स्वार्थे कौ। त्रयाणां पूरणेऽङ्घ्रौ गता ये भ-न-ज-लास्ते गयुक्ताः कार्या इति। मध्यमपूरणपदलोपिसमासाश्रयणेन उद्देशविधानाद्वासर्व-विधानाच्च तीयप्रत्ययोत्पत्तिरसामर्थ्यं च न भवतीति ज्ञेयम्। एकत इत्येकशब्दो भावप्रधानस्तृतीयार्थे च तसिः। तथा चैक्येनेत्यर्थः। ल्यब्लोपे पञ्चमी वा। प्रथमं द्वितीयेनैकं विधाय विधाय पठेदित्यर्थः॥ ६॥

तारा—जिस विषम वृत्त के प्रथम पाद में दस वर्ण क्रमशः सगण, जगण, सगण तथा एक लघुवर्ण हो, द्वितीय पाद में दश वर्ण क्रमशः नगण, सगण, जगण तथा एक वर्ण गुरु हो, तृतीय पाद में ग्यारह वर्ण भगण, नगण, जगण तथा एक लघु, एक गुरु वर्ण हो, इसी प्रकार चतुर्थ पाद में तेरह वर्ण क्रमशः सगण, जगण, सगण, जगण तथा एक वर्ण गुरु हो और प्रथम व तृतीय पाद पर यति न हो, अर्थात् दो-दो चरण एक साथ पढ़े जांय उसे 'उद्गता' विषमवृत्त कहते हैं।

विशेष—उक्त लक्षणकारिका को ही छन्दलक्षण समन्वित होने के कारण उदाहरण भी समझें। इस कारिका के प्रथम पाद में दस वर्ण क्रमशः सगण, जगण, सगण तथा एक वर्ण लघु है। द्वितीय पाद में दश वर्ण नगण, सगण, जगण व एक वर्ण गुरु है। तृतीय पाद में ग्यारह वर्ण भगण, नगण, जगण व एक-एक वर्ण लघु-गुरु है। चतुर्थ पाद में तेरह वर्ण क्रमशः सगण, जगण, सगण, जगण व एक वर्ण गुरु है। प्रथम व तृतीय पाद पर यति भी नहीं है। दो-दो पाद एक

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

साथ पढ़े जा रहे हैं। इस प्रकार छन्द-लक्षण कारिका में ही घटित हो जाने से यह कारिका प्रस्तुत 'उद्गता' विषमवृत्त का उदाहरण भी है। अन्य उदाहरण-निर्दिष्ट पद्य देखें-

।।ऽ।ऽ।।।ऽ।
मृगलोचना शशिमुखी च (१०)
।।।।।ऽ।ऽ।ऽ
रुचिरदशना नितिम्बिनी। (१०)
ऽ।।।।।।ऽ।।ऽ
हंसललितगमना ललना (११)
।।ऽ।ऽ।। ।ऽ।ऽ।ऽ
परिनीयते यदि भवत्कुलोद्गता॥ (१३)

इस उदाहृत पद्य के प्रथम पाद में दश वर्ण क्रमशः सगण, जगण, सगण व एक वर्ण लघु है। द्वितीय पाद में दश वर्ण नगण, सगण, जगण व एक वर्ण गुरु है। तृतीय पाद में ग्यारह वर्ण भगण, नगण, जगण व एक-एक लघु-गुरु वर्ण है। चतुर्थ पाद में तेरह वर्ण क्रमशः सगण, जगण, सगण, जगण व एक वर्ण गुरु है। प्रथम तथा तृतीय पाद पर यति भी नहीं है। अतः उक्त लक्षण पूर्णतः घटित हो जाने से यह पद्य 'उद्गता' विषमवृत्त का उदाहरण है॥ ६॥

स० ज० स० ल०
।।ऽ।ऽ ।।। ऽ।
चरणत्रयं भजति लक्ष्म (१०)

न० स० ज० गु०
।। ।।।ऽ।ऽ।ऽ
यदि सकलमुद्गतागतम्। (१०)

र० न० भ० गु०
ऽ।ऽ ।।। ऽ।।ऽ
नौ भगौ भवति सौरभकं (१०)

स० ज० स० ज० गु०
।।ऽ।ऽ।।।ऽ।ऽ।ऽ
चरणे यदीह भवतस्तृतीयके (१३)॥ ७॥

नारायणी-स्वार्थे कः। तृतीये चरणे नौ रगणनगणौ भ-गुरु च भवतः। चरणत्रयपरिशेषात्प्रथमद्वितीयचतुर्थं रूपम् उद्गतास्थितं समग्रं लक्षणं भजति, तदेह शास्त्रे सौरभकं भवतीति व्यवहितान्वयाऽध्याहाराभ्यामर्थः॥ ७॥

तारा-जिस विषमवृत्त के तृतीय पाद में दश वर्ण क्रमशः रगण, नगण, भगण तथा एक वर्ण गुरु हो और शेष सभी तीनों प्रथम, द्वितीय, चतुर्थ चरण 'उद्गता' छन्द के समान हों, अर्थात् प्रथम पाद में दस वर्ण सगण, जगण, सगण व एक वर्ण लघु हो, द्वितीय पाद में दस वर्ण नगण, सगण, जगण व एक वर्ण

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

गुरु हो, इसी प्रकार चतुर्थ पाद में तेरह वर्ण सगण, जगण, सगण, जगण व एक वर्ण गुरु हो तो उसे 'सौरभक' विषमवृत्त कहते हैं।

विशेष—लक्षण कारिका छन्दोलक्षण घटित होने से उक्त 'सौरभक' छन्द का उदाहरण भी है। इस कारिका के तृतीय पाद में दश वर्ण क्रमशः रगण, नगण, भगण तथा एक वर्ण लघु है। शेष प्रथम, द्वितीय व चतुर्थ तीनों पाद 'उद्गता' छन्द के समान प्रथम पाद में दस वर्ण सगण, जगण, सगण व एक वर्ण लघु है, द्वितीय पाद में दश वर्ण नगण, सगण, जगण व एक वर्ण गुरु है, चतुर्थ पाद में तेरह वर्ण क्रमशः सगण, जगण, सगण, जगण व एक वर्ण गुरु है। इस प्रकार लक्षण घटित हो जाने से उक्त कारिका ही प्रस्तुत छन्द सौरभक विषमवृत्त का उदाहरण भी है। अन्य उदाहरण निम्न पद्य है—

।। ऽ । ऽ । ।।ऽ ।
विनिवारितोऽपि नयनेन (१०)
।।। ।। ऽ । ऽ ।ऽ
तदपि किमिहागतो भवान्। (१०)
ऽ । ऽ । ।। ऽ ।।ऽ
एतदेव तव सौरभकं (१०)
।।ऽ । ऽ । ।। ऽ । ऽ । ऽ
यदुदीरितार्थमपि नावबुध्यते॥ (१३)

इस उदाहृत पद्य के तृतीय पाद में दश वर्ण क्रमशः रगण, नगण, भगण व एक वर्ण गुरु है। शेष प्रथम, द्वितीय, चतुर्थ पाद 'उद्गता' छन्द के समान प्रथम में दश वर्ण सगण, जगण, सगण व एक वर्ण लघु है, द्वितीय में दश वर्ण नगण, सगण, जगण व एक वर्ण गुरु है, चतुर्थ में तेरह वर्ण सगण, जगण, सगण, जगण व एक वर्ण गुरु है। इस प्रकार छन्द-लक्षण पूर्णतः घटित हो जाने से यह पद्य प्रस्तुत 'सौरभक' विषमवृत्त का उदाहरण है॥ ७॥

स० ज० स० ल०
।।ऽ । ऽ । ।।ऽ ।
नयुगं सकारयुगलं च (१०)
न० स० ज० गु०
।।। ।।ऽ । ऽ । ऽ
भजति चरणं तृतीयकम्। (१०)
न० न० स० स०
।।। ।।। ।।ऽ ।।ऽ
तदुदितमुरुमतिभिर्ललितं (१२)
स० ज० स० ज० गु०
।। ऽ । ऽ । ।। ऽ । ऽ । ऽ
यदि शेषमस्य खलु पूर्वतुल्यकम्॥ ८॥ (१३)

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust

नारायणी—तृतीयपादे न-न-स-साः, शेषं तृतीयान्यच्चरणत्रयं पूर्वोक्तोद्गतावत्तदा बहुदर्शिभिर्ललितं नामोक्तम्। मतेर्विषयबाहुल्येनोरुता न तु स्वतः। अन्यथा स्थूलबुद्धित्वोक्त्या निन्दैव स्यात्। स्वार्थे कौ। तथोद्गतायाः प्रथमतृतीयपादव्यत्यये मन्थरा नाम। उदाहरणमूह्यमेव॥ ८॥

इति वृत्तरत्नाकरटीकायामुद्गताप्रकरणम्

तारा—जिस विषमवृत्त के तृतीय पाद में बारह वर्ण क्रमशः दो नगण, दो सगण हों तथा शेष तीनों पाद 'उद्गता' के समान हों अर्थात् प्रथम पाद में क्रमशः दश वर्ण सगण, जगण, सगण व एक लघु हो, द्वितीय पाद में दश वर्ण नगण, सगण, जगण व एक गुरु हो तथा चतुर्थ पाद में तेरह वर्ण क्रमशः सगण, जगण, सगण, जगण व एक गुरु हो तो उसे 'ललित' विषमवृत्त कहते हैं।

विशेष—प्रस्तुत लक्षणकारिका को ही छन्दोलक्षण समन्वित होने के कारण उक्त छन्द 'ललित' का उदाहरण भी समझें। इस कारिका के तृतीय पाद में बारह वर्ण क्रमशः दो नगण, दो सगण हैं, तथा शेष सभी पाद 'उद्गता' के समान प्रथम पाद में दश वर्ण सगण, जगण, सगण व एक लघु है, द्वितीय पाद में दश वर्ण नगण, सगण, जगण व एक गुरु है, चतुर्थ पाद में भी तेरह वर्ण क्रमशः सगण, जगण, सगण, जगण व एक वर्ण गुरु है। अतः लक्षण घटित हो जाने से यह कारिका उक्त छन्द 'ललित' का उदाहरण भी है। अन्य उदाहरण निम्न-निर्दिष्ट पद्य समझें—

।।ऽ।ऽ।।ऽ।
सततं प्रियंवदमनून- (१०)
।।।।।ऽ।ऽ।ऽ
ममलहृदयं गुणोत्तरम्। (१०)
।।।।।।।ऽ।।ऽ
सुललितमतिकमनीयतमं (१२)
।।ऽ।ऽ। ।। ऽ। ऽ।ऽ
पुरुषं त्यजन्ति न तु जातु योषितः॥ (१३)

इस उदाहृत पद्य के तृतीय पाद में बारह वर्ण क्रमशः दो नगण, दो सगण हैं। शेष सभी पाद 'उद्गता' के समान हैं। अर्थात् प्रथम पाद में दश वर्ण सगण, जगण, सगण व एक लघु है, द्वितीय पाद में दश वर्ण नगण, सगण, जगण व एक गुरु है। चतुर्थ पाद में भी तेरह वर्ण क्रमशः सगण, जगण, सगण, जगण व एक वर्ण गुरु है। इस प्रकार 'ललित' विषमवृत्त का लक्षण पूर्णतः घटित हो जाने से यह पद्य उक्त छन्द का उदाहरण है॥ ८॥

Kashi Maharani Collection, Ramnagar Fort, Varanasi

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust



